RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 99
नई दिल्ली, सोमवार, 14 फरवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



इस बार नीलामी बेहद चुनौतीपूर्णः कुंबले
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# पंजाब जीतने को मैदान में उतरे सभी दलों के सूरमा

● प्रियंका, केजरीवाल और अमित शाह जा रहे घर-घर, जालंधर में मोदी की रैली आज







**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब** विधानसभा चुनावों में अभी एक सप्ताह शेष है। इस सीमाई राज्य का महत्वपूर्ण रण को जीतने के लिए सभी दलों के दिग्गज नेता प्रचार के लिए मैदान में कूद पड़े हैं। सुपर संडे को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बैठकों, रोड शो और रैलियों को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जालंधर में सोमवार को रैली करेंगे। इससे एक दिन पहले भाजपा के तमाम दिग्गज नेताओं ने जोरदार प्रचार अभियान चलाया। मोदी की रैली को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां की गई हैं और सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है। पीएम के पिछले फिरोजपुर दौरे से सबक लेते हुए सुरक्षा के उच्चस्तरीय इंतजाम किए गए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा अन्य केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ नेता पहले से ही पंजाब में प्रचार में जुटे हैं।

गृहमंत्री शाह ने भाजपा नीत गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगते हुए लुधियाना, पटियाला और फिर अमृतसर में एक के बाद एक कई रैलियों को संबोधित किया। केसरिया पगड़ी पहने और जय श्री राम और सत श्री अकाल के नारों के साथ अपने भाषण की शुरुआत करते हुए शाह ने प्रधानमंत्री की कथित सुरक्षा चूक के मुद्दे पर पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी पर हमला करते हुए पूछा कि जो व्यक्ति पीएम के लिए सुरक्षित मार्ग को सुनिश्चित नहीं कर सकता, वह पूरे पंजाब और उसके लोगों को कैसे सुरक्षित कर सकता है। उन्होंने सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए ड्रग्स, राष्ट्रीय सुरक्षा और 1984 के सिख विरोधी दंगों जैसे संवेदनशील मुद्दों को उठाया। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने भी पूरे दिन पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया और आप के सीएम चेहरे भगवंत मान और पार्टी उम्मीदवारों के साथ अमृतसर के सभी उम्मीदवारों के लिए बैठकें और रोड शो किए।

केजरीवाल के लिए यह चुनाव कितना महत्वपूर्ण है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह चुनाव तक राज्य में ही डेरा डाले रहेंगे। उनकी पत्नी और बेटी भी प्रचार में जुटी हैं। केजरीवाल ने मीडिया को संबोधित करते हुए घोषणा की कि मान जब मुख्यमंत्री बनेंगे तो वह अवैध रेत खनन मामले की निष्पक्ष ( शेष पेज 9 )

# उप्र की 55 सीटों समेत गोवा व उत्तराखंड में मतदान आज

● गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत व सपा नेता आजम के भाग्य का होग फैसला

● यूपी में सुबह सात बजे और उत्तराखंड में आठ बजे से डाले जाएंगे वोट



मुरादाबाद में रविवार को चुनाव सामग्री एकत्र करते कर्मचारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के महत्वपूर्ण पड़ाव में पश्चिम की 55 सीटों पर सोमवार को मतदान होगा। इसके अलावा गोवा तथा उत्तराखंड की सभी विधानसभा सीटों पर भी सोमवार को वोट डाले जाएंगे। जिन प्रमुख हस्तियों के भाग्य का फैसला होना है, इनमें गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता आजम खान के नाम प्रमुख हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सात चरणों में उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव प्रस्तावित है। दूसरे चरण में राज्य के नौ जिलों–सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, अमरोहा, बदायूं, बरेली तथा शाहजहांपुर की 55 विधानसभा सीटों पर मतदान सोमवार को होगा। सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोट पड़ेंगे।

इस चरण में कुल 586 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। दूसरे चरण में जिन जिलों में सोमवार को मतदान है, ये सभी सपा गठबंधन के प्रभाव वाले हैं। हालांकि इन 55 सीटों में से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2017 में 38 सीटें जीती थीं, जबकि समाजवादी पार्टी (सपा) को 15 और कांग्रेस को दो सीटें मिली थीं। सपा और कांग्रेस ने पिछला विधानसभा चुनाव गठबंधन में लड़ा था, इस बार उसने राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) समेत कई छोटे दलों के गठबंधन के साथ गठबंधन किया है। निर्वाचन अधिकारियों ने कहा कि कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मतदान कराने के लिए सभी प्रबंध किए गए हैं। गोवा विधानसभा की 40 सीटों के लिए भी सोमवार को ही मतदान होगा। इन सीटों के लिए 301 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। परंपरागत रूप से द्विध्रुवीय राजनीति वाले राज्य गोवा में इस बार बहुकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है, जहां आम आदमी पार्टी (आप), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और अन्य छोटे दल राज्य के चुनावी परिदृश्य पर अपनी छाप छोड़ने की होड़ में हैं। उत्तराखंड में मतदान सुबह आठ बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। मतदान के लिए 11,697 केंद्र बनाये गये हैं। इन चुनावों में जिन महत्वपूर्ण उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला होना है, उनमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उनके कैबिनेट सहयोगी सतपाल महाराज, सुबोध उनियाल, अरविंद पांडे, धन सिंह रावत और रेखा आर्य के अलावा भाजपा की उत्तराखंड इकाई के अध्यक्ष मदन ( शेष पेज 9 )

# जीआई वाले चावल उपजाने की तैयारी, रोकेंगे मधुमेह

● कोरोना महामारी के चलते निष्क्रिय जीवन शैली को देखते हुए उपयुक्त होगा यह चावल

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली



**वैश्विक** कोरोना महामारी के चलते देश में घर से काम करने की प्रवृत्ति और निष्क्रिय जीवनशैली के कारण मधुमेह (शुगर) के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए आईसीएमआर-राष्ट्रीय पोषण संस्थान और आईसीएआर-भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने देश में मधुमेह रोगियों के लिए उपयुक्त आहार के रूप में कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) चावल की बड़े पैमाने पर खेती का समर्थन किया है। वैज्ञानिकों के अनुसार, 55 जीआई से कम वाले चावल की कोई भी किस्म मधुमेह रोगियों के अनुकूल मानी जाती है। कम जीआई भोजन की इच्छा को रोकने में मदद करता है और शुगर के स्तर को बढ़ने से रोकता है, दिल के जोखिम को कम करता है और वजन घटाने में सहायता करता है। अध्ययन के प्रमुख लेखक, आईआईआर के डी संजीव राव ने कहा कि अधिकांश आबादी में निष्क्रिय जीवन शैली के बदलाव को देखते हुए देश में कम जीआई चावल की खेती को बढ़ाने के लिए विभिन्न स्तरों पर आवश्यक नीतिगत बदलाव किए जाने हैं। उनके सहयोगियों जे अरविंद कुमार, वी रवींद्र बाबू, और आरएम सुंदरम और अनंतन और ( शेष पेज 9 )

# काराकोरम क्षेत्र के ग्लेशियर स्थिर, लेकिन अन्य तेजी से पिघल रहेः सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**काराकोरम** क्षेत्र के ग्लेशियर स्थिर हैं, जबकि गंगा और ब्रह्मपुत्र नदी का पोषण करने वाले ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। लोकसभा में लिखित प्रश्न के जवाब में मंत्रालय ने कहा कि हिंदूकुश हिमालई ग्लेशियरों की औसत पीछे हटने की दर 14.9 से 15.1 मीटर प्रति वर्ष थी। पीछे हटने की यह दर सिंधु नदी के लिए 12.7 से 13.2 मीटर प्रति वर्ष, गंगा नदी के लिए 15.5 से 14.4 मीटर प्रति वर्ष और ब्रह्मपुत्र नदी घाटी के लिए प्रति वर्ष 20.2 से 19.7 मीटर रही। मंत्रालय से जुड़े विभिन्न संस्थानों द्वारा किए गए अध्ययनों का हवाला देते हुए मंत्रालय ने कहा, काराकोरम क्षेत्र में ग्लेशियर तुलनात्मक रूप से मामूली लंबाई परिवर्तन दिखा रहे हैं, जो स्थिर स्थिति का सूचक है। मंत्रालय अपने स्वायत्त संस्थान नेशनल सेंटर फॉर पोलर एंड ओशन रिसर्च (एनसीपीओआर) के माध्यम से वर्ष 2013 से पश्चिमी हिमालय में चंद्रा बेसिन ( शेष पेज 9 )

# ममता ने प्रशांत किशोर को किया किनारे, आई-पैक को हटाया

● भरोसेमंद को सौंपी जिम्मेदारी, पहले प्रशांत किशोर की इंडियन पॉलिटकल एक्शन कमेटी संभालती थी मीडिया समन्वय का काम

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता



**तृणमूल** कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्य समिति (एनसीडब्ल्यू) गठित करने के एक दिन बाद, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को मीडिया समन्वयक समिति का गठन किया, जिसकी अध्यक्षता उनके वफादार, कैबिनेट मंत्री अरूप विश्वास और चंद्रिमा भट्टाचार्य और पूर्व सांसद कुणाल घोष करेंगे।

इससे पहले मीडिया समन्वय का काम चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर की इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) करती थी, जिसे कथित तौर पर ममता बनर्जी के भतीजे और पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी का विश्वास प्राप्त था। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपना पद छोड़कर पार्टी के सभी शीर्ष पदों को भंग कर दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि जल्द ही नए विभागों की घोषणा की जाएगी।

सूत्रों ने कहा कि एनडब्ल्यूसी और मीडिया समन्वय समिति दोनों को युवा ब्रिगेड और मुख्यमंत्री के प्रति वफादार वरिष्ठ नेताओं के बीच मतभेदों को दूर करने के लिए बनाया गया था। अधिकांश पुराने नेताओं को पार्टी में जूनियर बनर्जी के बढ़ते प्रभुत्व रास नहीं आया था। दोनों समूहों के ( शेष पेज 9 )

# पुलिस आधुनिकीकरण के लिए 26, 275 करोड़ रुपए मंजूर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** की नरेंद्र मोदी सरकार ने 26,275 करोड़ रुपए की वित्तीय लागत से 2025-26 तक व्यापक पुलिस आधुनिकीकरण योजना को जारी रखने को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बताया कि इस योजना में जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर राज्यों तथा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी व्यय, नई बटालियानों के गठन, उच्च प्रौद्योगिकी से लैस अपराध प्रयोगशालाओं और अन्य जांच प्रविधियों के विकास का खर्च शामिल है। एक सरकारी बयान के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने व्यापक पुलिस बल आधुनिकीकरण (एमपीएफ) योजना को जारी रखने को मंजूरी दी है। यह मंजूरी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिसबलों को आधुनिक बनाने एवं उनके कामकाज में सुधार लाने की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पहल को आगे ले जाएगी। बयान के मुताबिक इस योजना में वे सभी प्रासंगिक योजनाएं ( शेष पेज 9 )

# इसरो के 2022 के पहले प्रक्षेपण अभियान के लिए उलटी गिनती शुरू

**भाषा।** बेंगलुरु

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के 2022 के पहले प्रक्षेपण अभियान के तहत पीएसएलवी-सी 52 के जरिए धरती पर नजर रखने वाले उपग्रह ईओएस-04 को कक्षा में भेजने के लिए 25 घंटे की उलटी गिनती रविवार सुबह शुरू हो गई। अंतरिक्ष एजेंसी ने यह जानकारी दी। ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) अपने साथ दो छोटे उपग्रहों को भी ले जाएगा। इसका प्रक्षेपण आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के पहले लॉन्च पैड से सोमवार को सुबह 05:59 बजे निर्धारित है।

इसरो ने एक ट्वीट में कहा, पीएसएलवी-सी52ईओएस-04 मिशन: प्रक्षेपण के लिए 25 घंटे 30 मिनट की उलटी गिनती की प्रक्रिया आज सुबह 04:29 बजे शुरू हो गई है। ईओएस-04 एक रडार इमेजिंग सैटेलाइट है जिसे कृषि, वानिकी और वृक्षारोपण, मिट्टी की नमी और जल विज्ञान तथा बाढ़ मानचित्रण जैसे अनुप्रयोगों एवं सभी मौसम स्थितियों में उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। पीएसएलवी अपने साथ में दो छोटे उपग्रहों को भी ले जाएगा, जिनमें कोलोराडो विश्वविद्यालय, बोल्डर की वायुमंडलीय और अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला के सहयोग से तैयार किया गया भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसटी) का उपग्रह इन्सपायरसैट-1 भी शामिल है।

इसमें एनटीयू, सिंगापुर और एनसीयू, ताइवान का भी योगदान रहा है। इस उपग्रह का उद्देश्य आयनमंडल के गति विज्ञान और सूर्य की कोरोनल ऊष्मीय प्रक्रियाओं की समझ में सुधार करना है। वहीं, दूसरा उपग्रह इसरो का एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शक उपग्रह (आईएनएस-2टीडी) है। इसके उपकरण के रूप में एक थर्मल इमेजिंग कैमरा होने से उपग्रह भूमि की सतह के तापमान, आर्द्रभूमि या झीलों के पानी की सतह के तापमान, वनस्पतियों (फसलों और जंगल) और तापीय ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,152 | |
| निफ्टी | 17,374 | |
| सोना | 48,669 | /10g |
| चांदी | 62,214 | /kg |

## क्विक न्यूज

### हैदराबाद की आभूषण कंपनी के प्रवर्तक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 67 करोड़ रुपए की कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के एक मामले में हैदराबाद की एक आभूषण कंपनी के प्रबंध भागीदार को गिरफ्तार किया है। निदेशालय ने रविवार को यह जानकारी दी। संजय अग्रवाल को 11 फरवरी को हैदराबाद में एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम अदालत में पेश किया गया और अदालत ने उसे 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अग्रवाल घनश्यामदास जेम्स एंड ज्वेल्स, हैदराबाद में एक प्रबंध भागीदार है। यह कंपनी सोने का थोक व्यापार करती है। निदेशालय ने शुल्क-मुक्त निर्यात के लिए निर्धारित सोने का कथित रूप से घरेलू बाजार में व्यापार करने से जुड़े धनशोधन के एक अन्य मामले में भी अग्रवाल को गिरफ्तार किया था।

# पंजाब ने लिविंगस्टोन को 11.50 करोड़ में खरीदा

**भाषा।** बेंगलुरू

**इंग्लैंड** के बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी के दूसरे दिन रविवार को पंजाब किंग्स ने 11 करोड़ 50 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा जबकि मुंबई इंडियन्स ने जोफ्रा आर्चर पर आठ करोड़ रुपए खर्च किए जो चोटिल होने के कारण इस सत्र में खेल भी नहीं पाएंगे। टीमों ने भारत के वर्तमान खिलाड़ियों पर बड़ी धनराशि खर्च की जबकि विदेशों के फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों पर अधिक ध्यान दिया।

फ्रेंचाइजी ने स्टीव स्मिथ, आरोन फिंच, सुरेश रैना और इशांत शर्मा जैसे बड़े नामों को कोई तवज्जो नहीं दी। दो दिन चली नीलामी रविवार को समाप्त हुई जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स ने मोटी धनराशि लगाई जबकि मुंबई इंडियन्स और दिल्ली कैपिटल्स बल्लेबाजी में मजबूत लेकिन गेंदबाजी में थोड़ा कमजोर नजर आ रही हैं। पंजाब ने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज ओडियन स्मिथ के लिए भी छह करोड़ रुपए खर्च किए। भारत के बाएं हाथ के गेंदबाजों खलील अहमद और चेतन सकारिया के लिए भी फ्रेंचाइजी ने अच्छी बोली लगाई। खलील पांच करोड़ 25 लाख रुपए जबकि सकारिया चार करोड़ 20 लाख रुपए में बिके। अन्य भारतीय खिलाड़ियों के बीच आलराउंडर शिवम दुबे को छक्के जड़ने की उनकी क्षमता के कारण चेन्नई सुपरकिंग्स ने चार करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा जबकि गुजरात टाइटंस ने भारतीय टीम से बाहर चल रहे एक अन्य आलराउंडर विजय शंकर को एक करोड़ 40 लाख रुपए में खरीदा। मुंबई ने सिंगापुर के आलराउंडर टिम डेविड पर आश्चर्यजनक रूप से 8.25 करोड़ रुपए खर्च किए जबकि सनराइजर्स हैदराबाद ने वेस्टइंडीज के आलराउंडर रोमेरियो शेफर्ड को 7.75 करोड़ रुपए में खरीदा। भारतीय विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा, आस्ट्रेलिया के विकेटकीपर मैथ्यू वेड और इंग्लैंड के सैम बिलिंग्स को दूसरी बोली में टीम मिल गई जबकि दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर को गुजरात ने तीन करोड़ रुपए खरीदा।

चेतेश्वर पुजारा को नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला जबकि अजिंक्य रहाणे को कोलकाता नाइट राइडर्स ने एक करोड़ रुपए के उनके आधार मूल्य पर खरीदा। सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन को मुंबई ने 30 लाख रुपए में खरीदा। दूसरे दिन की नीलामी का आकर्षण हालांकि लिविंस्टोन रहे जिन्हें 10 लाख डॉलर से अधिक का अनुबंध मिला। एक समय पांच टीम उनके लिए बोली लगा रहीं थी। लिविंगस्टोन पिछले सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेले थे और धीमी पिचों पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन ( शेष पेज 9 )

## आईपीएल

● आठ करोड़ में बिके चोटिल आर्चर



लियाम लिविंगस्टोन

### खिलाड़ी जो बिक नहीं सके

डेविड मलान, इयोन मोर्गन, एडम ज़म्पा, मुजीब-उर-रहमान, इशांत शर्मा, मार्नस लाबुस्चगने, एरोन फिंच, सौरभ तिवारी, चेतेश्वर पुजारा, तबरेज़ शम्सी, कै़स अहमद, पीयूष चावला, विराट सिंह, पवन नेगी, बेन कटिंग, मार्टिन गप्टिल, केन रिचर्डसन, संदीप लामिचाने।

| खिलाड़ी | टीम | कितने में बिके |
|---|---|---|
| लियाम लिविंगस्टोन | पंजाब किंग्स | 11.5 करोड़ रुपए |
| टिम डेविड | मुंबई इंडियंस | 8.25 करोड़ रुपए |
| जोफ्रा आर्चर | मुंबई इंडियंस | 8 करोड़ रुपए |
| रोमारियो शेफर्ड | सनराइजर्स हैदराबाद | 7.75 करोड़ रुपए |
| डेविड मिलर | गुजरात टाइटंस | तीन करोड़ रुपए |
| क्रिस जॉर्डन | चेन्नई सुपर किंग्स | 3.60 करोड़ रुपए |
| एडेन मार्कराम | सनराइजर्स हैदराबाद | 2.6 करोड़ रुपए |
| अजिंक्य रहाणे | कोलकाता नाइट राइडर्स | एक करोड़ रुपए |
| मनदीप सिंह | दिल्ली कैपिटल्स | 1.10 करोड़ रुपए |
| डोमिनिक ड्रेक्स | गुजरात टाइटन्स | 1.10 करोड़ रुपए |
| जयंत यादव | गुजरात टाइटंस | 1.70 करोड़ रुपए |
| विजय शंकर | गुजरात टाइटंस | 1.40 करोड़ रुपए |
| ओडियन स्मिथ | पंजाब किंग्स, | 6 करोड़ रुपए |
| मार्को जेन्सन | सनराइजर्स हैदराबाद | 4.20 करोड़ रुपए |
| शिवम दुबे | चेन्नई सुपर किंग्स | 4 करोड़ रुपए |
| करुपए मेंण नायर | राजस्थान रॉयल्स | 1.4 करोड़ रुपए |
| सैम बिलिंग्स | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 करोड़ रुपए |
| मैथ्यू वेड | गुजरात टाइटंस | 2.4 करोड़ रुपए |
| रिद्धिमान साहा | गुजरात टाइटंस | 1.9 करोड़ रुपए |
| के गौतम | लखनऊ सुपर जायंट्स | 90 लाख रुपए |
| मयंक मारकंडे | मुंबई इंडियंस | 65 लाख रुपए |
| शाहबाज नदीम | लखनऊ सुपर जायंट्स | 50 लाख रुपए |
| महेश दीक्षाना | चेन्नई सुपर किंग्स | 70 लाख रुपए |
| रिंकू सिंह | कोलकाता नाइट राइडर्स | 55 लाख रुपए |
| मनन वोहरा | लखनऊ सुपर जायंट्स | 20 लाख रुपए |
| चेतन सकारिया | दिल्ली कैपिटल्स | 4.2 करोड़ रुपए |

# नोएडा-गाजियाबाद में आज से खुलेंगे सभी स्कूल

## अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी ने पत्र जारी कर दिया आदेश, ऑनलाइन क्लास के संचालन पर संशय

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



फाइल फोटो

नोएडा और गाजियाबाद समेत समूचे उत्तर प्रदेश में आज से स्कूल खुलेंगे। नोएडा, गाजियाबाद और हापुड़ समेत सूबे भर में स्कूल खोलने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार में अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी ने एक पत्र भी जारी किया गया है। इसके मुताबिक, स्कूलों को संचालन फिलहाल 12वीं तक किया जाएगा।

हालांकि ऑनलाइन क्लास बंद करने के बारे में निर्देश में कुछ नहीं कहा है। इसके चलते स्कूल अपनी-अपनी सहूलियत व व्यवस्था के हिसाब से कक्षाओं की ऑनलाइन क्लास भी जारी रख रहे हैं।

वहीं अभिभावकों इस चिंता में हैं कि बच्चों को स्कूल कैसे भेजें क्योंकि ज्यादातर स्कूल की तरफ से अभी ट्रांसपोर्ट की कोई व्यवस्था नहीं है। 15 साल से नीचे वाले बच्चों को अभी कोरोना वैक्सीन भी नहीं लगी है, इस कारण भी मां-बाप को थोड़ी चिंता हो रही है। दूसरी तरफ डीआईओएस का कहना है कि शासन के निर्देश के बाद अब स्कूलों की बसों के रूट प्लान को लेकर दिक्कत की कोई दलील नहीं सुनी जाएगी। जितने भी बच्चे ये बुलाएंगे उनके ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था उनको खुद करनी होगी। पैरंट्स के जिम्मे ट्रांसपोर्ट की जिम्मेदारी नहीं डाली जाएगी। हालांकि स्कूलों ने भी अपनी तरफ से पहले तैयारियां शुरू कर दी है। स्कूल परिसरों को लगातार सैनिटाइज किया जा रहा है और बंद पड़े कमरों की दुरस्त किया जा रहा है।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत पूरे उत्तर प्रदेश में बीते 7 फरवरी 2022 से नौवीं क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक के स्कूल पहले ही खुल चुके हैं। अब पहली क्लास से लेकर आठवीं क्लास तक के स्कूल खोलने की अनुमति उत्तर प्रदेश शासन ने दी है। काफी समय से उत्तर प्रदेश में बच्चों के लिए स्कूल बंद थे, जिसकी वजह से उनकी शिक्षा पर गहरा असर पड़ रहा था, लेकिन अब सोमवार से सभी स्कूल खोले जाएंगे। इसके अलावा स्कूल खोलने के साथ स्कूल संचालकों को आदेश दिया गया है कि 15 साल से अधिक उम्र के बच्चों के टीकाकरण का डाटा शिक्षा विभाग को दिया जाए।

मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा और ग्रेटर नोएडा के स्कूलों में कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा और कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी। अगर कोई भी स्कूल प्रशासन गाइडलाइन का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। महामारी की रोकथाम करने के लिए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पूरे उत्तर प्रदेश को महामारी की चपेट में घोषित कर दिया था। राज्य सरकार ने नियम बनाया कि जिन जिलों में 1,000 से ज्यादा सक्रिय मरीज होंगे, वहां प्रतिबंध स्वत: लागू माने जाएंगे।

गौतमबुद्ध नगर में करीब एक महीने पहले सक्रिय मरीजों की संख्या ढाई हजार से ज्यादा हो गई थी। हालात संभालने के लिए जिम, क्लब, होटल, रेस्टोरेंट, स्विमिंग पूल और स्टेडियम बंद कर दिए थे। रात में कर्फ्यू लागू किया था। बिना वजह घर से बाहर निकलने पर पाबंदी थी।

### पहले ही कम चुके है कोरोना के प्रतिबंध

डीएम सुहास एलवाई ने बताया कि जिले में 1,000 से ज्यादा सक्रिय मरीज होने पर पाबंदी लागू की गई थीं। करीब एक महीने पहले गौतमबुद्ध नगर समेत पूरे उत्तर प्रदेश में यकायक कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ गई थी। शादी-ब्याह के लिए भी अनुमति लेकर आयोजन किए जा रहे थे। धार्मिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में भीड़ पर प्रतिबंध लगाया गया था। प्रदर्शन का आयोजन नहीं किया जा सकता था। अब यह सारे प्रतिबंध हटा लिए गए।

# कोविड अस्पताल में 3 मरीज भर्ती 14 डॉक्टरों की निगरानी में इलाज

- जिले लगातार घट रही संक्रमण की रफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिला स्वास्थ्य विभाग ने आखिरकार कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर पर काबू पा लिया है।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में इस समय कोरोना संक्रमित संख्या में एक्टिव मरीजों की संख्या कुल 796 हो गई है। जनपद में काफी तेजी के साथ मरीज इस महामारी से ठीक होते जा रहे हैं। इसके कारण ही लोगों को राहत मिलने लगी है।

नोएडा सेक्टर.39 में स्थित कोविड अस्पताल के क्रिटिकल केयर यूनिट इंचार्ज डॉ. सक्सेना ने बताया कि कोविड अस्पताल में इस समय केवल 3 मरीजों का कोरोना संक्रमण का इलाज किया जा रहा है। बाकी सभी लोगों की छुट्टी हो चुकी है। इन तीनों मरीजों में 2 की हालत ज्यादा नाजुक है। डॉक्टर सक्सेना ने बताया कि दोनों मरीजों की उम्र 70 वर्ष से ज्यादा है और दोनों डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं।

वहीं, एक कोरोना संक्रमित मरीज को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। इन तीनों के इलाज के लिए 14 डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। अस्पताल प्रशासन की कोशिश है कि जल्द ही तीनों मरीज ठीक होकर वापस अपने घर लौटेंगे।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक पूरे जिले में अब तक 19 लाख 37 हजार 893 लोगों की कोरोना जांच हो चुकी है। इनमें से 97 हजार 123 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई और इनमें से 95 हजार 839 लोग कोरोना संक्रमण से ठीक होकर वापस अपने घर लौट गए हैं।

जनपद में अभी तक 488 मरीजों की मौत कोविड.19 के कारण हो चुकी है। इस समय जनपद में एक्टिव मरीजों की संख्या 796 है।

# बंथला फ्लाइओवर के पास सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ऑटो की टक्कर, 1 की मौत 4 घायल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

बंथला फ्लाइओवर के पास सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर और ऑटों में टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो में सवार एक युवक की दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में चार अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। मृतक के परिजनों ने मामले में पुलिस से शिकायत की है।

कंचन पार्क कॉलोनी में साहिद उर्फ फरदीन 18 परिवार के साथरहते थे। वह ऑटो में बैठकर बंथला फ्लाईओवर के पास किसी काम से जा रहे थे। ऑटो में चालक समेत चार अन्य लोग भी मौजूद थे। बंथला फ्लाइओवर के पास सफाई कर्मचारी ट्रैक्टर ट्राली में मिट्टी व कूड़ा एकत्र कर रहे थे। जिस ऑटो में साहिद बैठे थे, वह अनियंत्रित होकर ट्राली में जाकर भिड़ गया। टक्कर लगने से शाहिद समेत पांच लोग घायल हो गए।

हालत गंभीर होने पर शाहिद को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। लोनी कोतवाली एसएचओ अजय चौधरी ने बताया कि मृतक के परिजनों ने ऑटो चालक के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चैंकिग कर रहे मजिस्ट्रेट `को कार से टक्कर मारी

गोविंदपुरम में रहने वाले ओमप्रकाश चौधरी चुनाव में बतौर मजिस्ट्रेट एसएसटी टीम के साथ ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र की सिग्नेचर सिटी चौकी के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तेज गति से आ रही कार ने पीछे से उन्हें टक्कर मार दी। पुलिसकर्मियों ने कार चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। ट्रॉनिका सिटी थाना एसएचओ अरविंद पाठक ने बताया कि पीड़ित के पुत्र की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# राहुल मर्डर भाटी केस में भाजपा नेता का भतीजा गिरफ्तार

- बहन पर गंदी नजर के शक में दोस्त ने की थी हत्या

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में हुई बसपा नेता के बेटे राहुल भाटी की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल हुई अवैध पिस्टल और मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।

गिरफ्तार आरोपी भाजपा जिला अध्यक्ष का भतीजा बताया जा रहा है। मृतक और आरोपी दोनों दोस्त थे। आरोपी ने कथित तौर पर अपनी बहन पर गंदी नजर रखने के शक में राहुल की हत्या की थी। डीसीपी सेंट्रल जोन ने आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम को 25 हजार के नकद पुरस्कार दिया है। जानकारी के अनुसार, दादरी में बहुजन समाज पार्टी नेता के बेटे राहुल भाटी 30 की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

इसका खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हुआ है। इस मामले की जांच के दौरान पुलिस को थापखेड़ा गांव की सीसीटीवी फुटेज मिली थी। इसमें राहुल एक युवक के साथ बाइक पर बैठकर जाता दिख रहा था।

पल्ला गांव के रहने वाले बसपा के मेरठ मंडल के पूर्व को.ऑर्डिनेटर हरगोविंद भाटी का बेटा राहुल खेतीबाड़ी का काम संभालता था। उसका शव शुक्रवार को जुनपत के जंगल में मिला था। घटनास्थल से कई किलोमीटर पहले राहुल की बाइक मिली थी।

इस हत्याकांड के पीछे पुलिस को शुरू से ही किसी जानकार का हाथ होने का शक था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि राहुल के सिर के पास गोली मारी गई थी। राहुल ने दो चेन पहनी हुई थीं, लेकिन उसके गले में दोनों चेन मौजूद थीं।

इससे पता चलता है लूट के लिए उसकी हत्या नहीं की गई थी। पुलिस ने अपनी जांच में पल्ला गांव से डिपो मेट्रो तक जाने वाले सभी रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले थे। एक फुटेज में राहुल एक बाइक पर दिखा।



पुलिस को आशंका है कि राहुल किसी परिचित के साथ बाइक छोड़कर गया था। पुलिस ने मामले की जांच की और शक की सुई आरोपी पर गई। सबूत जुटाने के बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ा।

## संक्षिप्त समाचार



कव्य गोष्ठी को खास बनाते कवि।

### प्रेम पर्व के उपलक्ष्य पर काव्य गोष्ठी

**नोएडा।** सेक्टर 29 नोएडा मीडिया क्लब में रविवार को काव्य कॉर्नर की ओर से प्रेम पर्व के उपलक्ष्य पर काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। कवियों ने प्रेम कविताओं के साथ कार्यक्रम को खास बनाया। कार्यक्रम में डॉ पूजा सिंह गंगानिया, प्रेम सागर प्रेम, डॉ राजेश खुशदिल, निधि बंसल, आशीष प्रकाश, शोभा सचान, इंदु राज निगम, राजेंद्र राज निगम, निधि भार्गव, मनीषा जोशी, पूजा कुलश्रेष्ठ, दीपक मिश्रा, मीनाक्षी दिनेश कुमार जैसे कवियों ने प्रस्तुति दी। सभी कवियों ने शहीदों को भी याद किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष प्रकाश ने किया।

### इंडो ग्लोबल ने लोगों को किया जागरूक

**नोएडा।** इंडो ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। इसी के चलते रविवार को सेक्टर.122 के कम्युनिटी सेन्टर में निवासियों के साथ जैविक खेती और जैविक भोजन के ऊपर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुरोध सक्सेना द्वारा किया गया। जिसका मुख्य मकसद लोगों को बेहतर और स्वस्थ भोजन व अपने घर में किचन गार्डनिंग को महत्व देना था। इस कार्यक्रम में सेक्टर वासियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। भूमिका द्वारा सबको गार्डनिंग किट, नए वर्ष का कैलेंडर और खाने के लिए जैविक व्यंजन दिए गए। सेक्टर वासियों ने समारोह में यह आश्वस्त किया कि वो अपने जीवन में किसी न किसी रूप में जैविक को बढ़ाएंगे और लोगों को भी जागरूक करेंगे। कार्यक्रम को सफ ल बनाने के लिए डॉक्टर उमेश शर्मा, प्रेजिडेंट और सेक्टर.122 निवासियों का योगदान रहा है

### पंचशील मेंटेनेंस ऑफिस का निवासियों ने किया घेराव

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट वह शहर है, जहां पर इतनी सोसाइटी नहीं है, जितनी समस्याएं हैं। रविवार को पंचशील ग्रीन्स.2 हाउसिंग सोसायटी के निवासियों ने अपनी मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रदर्शन किया है। सोसायटी के सैकड़ों निवासियों ने रविवार को मेंटेनेंस ऑफिस का घेराव किया। यहां पर रहने वाले हजारों निवासी काफ ी सालों से विभिन्न परेशानियों से जूझ रहे हैं। काफी बार इसकी समस्याओं के बारे में बिल्डर के लोगों से बातचीत की गई, लेकिन अभी तक किसी भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर आज फिर निवासियों ने पंचशील ग्रीन्स-2 सोसाइटी के मेंटेनेंस ऑफिस का घेराव किया है।


### मुफ्त जांच शिविर में 300 मरीजों का इलाज

**नोएडा।** तिरुपति आई सेंटर, मानस अस्पताल के तत्वावधान में निशुल्क आई चेकअप कैंप एवं हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन सेक्टर 45 खजूर कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर में किया गया। आयोजक देव चौहान ने बताया कि शिविर में 300 लोगों का हेल्थ चेकअप एवं फ्री आई चेकअप नि:शुल्क किया गया और नि:शुल्क दवा का वितरण भी किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि मंगलम् ग्रुप के उपाध्यक्ष हर्ष राज द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्वल करके कैंप शुरुआत की गयी। कैंप के दौरान लोगों को नेत्र से जुड़े और स्वास्थ्य से जुड़े विकारों के बारे में भी जानकारी दी गई। तिरुपति आई सेंटर की चेयरपर्सन डॉ मोहिता शर्मा कैंप में आए लोगों को बताया कि आंखें शरीर का एक ऐसा अंग है जिसके न होने से दुनिया में अंधेरा दिखाई देता है। डॉ इंशा, ऋतु राणा एवं छाया ने आए लोगों की कंप्यूटराइज एवं मैनुअल जांच की।

# बस में 22 से कैशलेस यात्रा कर सकेंगे यात्री

- गाजियाबाद को 1100 ईटीएम इलेक्ट्रानिक टिकट मशीन दी गई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने बसों में कैशलेस टिकट की कवायद शुरू कर दी है। 22 फरवरी तक ई-टिकटिग का ट्रायल शुरू होगा।

यह ट्रायल प्रदेश में पहले गाजियाबाद व लखनऊ से शुरू किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था की ओर से गाजियाबाद को 1100 ईटीएम इलेक्ट्रानिक टिकट मशीन दी गई है।

परिवहन निगम की टीम ईटीम को लखनऊ से लेकर आ रही है। ट्रायल में सफलता मिलने के बाद निगम की बसों में इसे पूरी तरह से लागू कर दिया जाएगा। बस टिकट मशीनों से वीजा और मास्टर कार्ड के जरिये सुरक्षित ट्रांजेक्शन का भी लाभ यात्रियों को मिलेगा।

पूर्णतया कंप्यूटरीकृत व आनलाइन प्रणाली लागू करने के लिए परिवहन निगम ने सेवा प्रदाता ओरियन प्रो ट्रांजिट साल्यूशन मुंबई के साथ करार किया है। सेवा प्रदाता कंपनी निगम मुख्यालय पर कमांड सेंटर स्थापित कर बस संचालन पर्यवेक्षण व नियंत्रण की सुविधा देखेगी। रोडवेज से अनुबंधित सेवा प्रदाता कंपनी के जरिये यात्रियों को आधुनिक सेवा देने की तैयारी है। यात्री डेबिट, क्रेडिट कार्ड के साथ ही क्यूआर कोड स्कैन कर टिकट शुल्क का भुगतान कर सकेंगे।

साधारण, वातानुकूलित, पिक, स्कैनिया और वाल्वो के साथ ही सभी श्रेणी की बसों में यह सुविधा मिलेगी। अगले तीन महीने में यह व्यवस्था लखनऊ और गाजियाबाद में शुरू हो जाएगी। इसके बाद प्रदेश भर में इसे शुरू किया जाएगा।

> **''ई-टिकटिग का ट्रायल 22 फरवरी से शुरू होगा। हमारी टीम लखनऊ से मशीन लेकर गाजियाबाद लौट रही है। मशीन चलाने के लिए परिचालकों को प्रशिक्षण की जरूरत नहीं है। एक बार बताने में समझ में आ जाती है।''**
> **-एके सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक**

# हिजाब के समर्थन में खोड़ा में मुस्लिम महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन

पायनियर समाचार। गाजियाबाद

शनि बाजार रोड नवनीत विहार, खोड़ा में रविवार दोपहर करीब ढ़ाई बजे मुस्लिम महिलाओं व युवतियों ने हिजाब के समर्थन में प्रदर्शन किया।

बिना अनुमति के प्रदर्शन होने की सूचना पर पहुंची पुलिस से उनकी धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने उनके पोस्टर आदि छीन कर प्रदर्शन समाप्त कराया। प्रदर्शनकारियों के खिलाफ आचार संहिता और धारा-144 के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज होगा। पुलिस के मुताबिक, रविवार दोपहर करीब ढ़ाई बजे 15-20 मुस्लिम महिलाएं और युवतियां आई हिजाब लिखे पोस्टर लेकर शनि बाजार रोड नवनीत विहार में प्रदर्शन शुरू कर दिया। वह सभी हिजाब के समर्थन में नारेबाजी करने लगीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनसे प्रदर्शन की अनुमति के संबंध में पूछा। अनुमति नहीं होने पर उनसे प्रदर्शन समाप्त करने की अपील की।

प्रदर्शन स्थल के पास लोहे की जाली लगी थी। उसमें फंस कर खोड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार कुशवाहा की वर्दी फट गई।

### कलश यात्रा पर पथराव तनाव के बाद पुलिस तैनात

**गाजियाबाद।** लोनी में रविवार को शोकाकुल परिवार के घर के पास से कलश यात्रा निकालने पर बवाल हो गया। गमजदा परिवार के विरोध करने पर भी नहीं माने तो उसके परिजनों ने पथराव कर दिया। जिससे दोनों पक्षों में तनाव हो गया है।

मौके पर पुलिस को तैनात कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार को एक बुजुर्ग की मौत हो गई। उसी के घर के पास से कलश यात्रा निकल रही थी। गम में डूबे परिवार के विरोध के बाद भी बंद नहीं की तो उनके पक्ष के लोगों ने पथराव कर दिया। इसके बाद क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया।

# डिवाइस बेचने के नाम पर महिला से 57 हजार ठगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-47 निवासी महिला ने वीडियो गेम खेलने का डिवाइस ऑनलाइन मंगाया था। ठग ने महिला के पास एक नंबर भेज कर डिवाइस की पेमेंट के रूप में महिला से 57,800 रुपये खाते में जमा करा लिए मगर डिवाइस की डिलीवरी नहीं की।

ठगी की जानकारी होने पर पीड़िता ने मामले की शिकायत सेक्टर.49 थाने में की है। जानकारी के अनुसार सेक्टर-47 निवासी हरप्रीत अपने परिवार के साथ रहती हैं। उन्होंने थाने में शिकायत दी कि कुछ समय पहले उन्हें वीडियो गेम खेलने के डिवाइस बेचने वाले सेलर का नंबर मिला था।

उन्होंने डिवाइस मंगाने के लिए उस नंबर पर संपर्क किया और ऑनलाइन डिवाइस का ऑर्डर कर दिया। इसके बाद उनके पास एक कॉल आई। कॉलर ने वीडियो गेमिंग डिवाइस ऑर्डर करने के बारे में पूछा। आरोप है कि इसके बाद ठग ने महिला को डिवाइस की ऑनलाइन पेमेंट देने के लिए कहा। नकदी लेने के बाद भी डिवाइस नहीं मिला।

### कंपनी से कपड़े चुराने के आरोप में दो गिरफ्तार

**नोएडा।** फेज-2 स्थित कंपनी से ट्रक चालक ने कंपनी कर्मचारी की मदद से 50 पैक पीस कपड़े चोरी कर लिए। कंपनी प्रबंधन ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने शनिवार रात दोनों आरोपियों को चोरी के माल सहित पकड़ लिया।

पुलिस के अनुसार सेक्टर-88 में अनुभव एप्रैल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। इस कंपनी में रेडिमेड कपड़े बनते हैं। जनरल मैनेजर ने शनिवार को पुलिस से शिकायत की थी कि ट्रक चालक मकसूद ने उनकी कंपनी के पैकिंग इंचार्ज सुनील कुमार के साथ मिलकर कंपनी से 50 पैक पीस कपड़े चोरी कर लिए।


रविवार को तेज रफ्तार बाइक चलाने वालों पर सख्ती बरती पुलिस।

# महीने भर में 15 वाहन चोरी, पुलिस के हाथ खाली

- मिनटों में ही गेट तोड़कर फरार हो जाते है चोर

पायिनयर समाचार सेवा। गाजियाबाद



अगर वाहन की सुरक्षा चाहते हैं तो उसे पार्क करने से पहले चारों तरफ देख लें। क्योकि इन दिनों शहर में वाहन चोर गिरोह सक्रिय हैं, जो निगाह हटते ही वाहन चोरी कर रहे हैं। ये इतने शातिर है कि मिनटों में ताला तोड़कर वाहन अपने साथ ले जाते हैं। एक महीने में एक-दो नहीं बल्कि 15 वाहन मोदीनगर से चोरी हो चुके हैं।

सभी मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। लेकिन, आरोपित पुलिस गिरफ्त से दूर हैं। खास बात है कि पुलिस बदमाशों को पकड़ने के बजाए मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाने पर ध्यान दे रही हैं। वाहन चोरी में पूर्व के अधिकांश मामलों में फाइनल रिपोर्ट ही पुलिस ने लगाई है।

खास बात है कि जनवरी महीने के बीच में ही आचार संहिता लग गई थी। ऐसे में पुलिस चुनावों के मद्देनजर अलर्ट रहने का दावा कर रही थी। लेकिन, वाहन चोरी की अधिकांश घटनाएं आचार संहिता के दौरान ही हुई, जिसने पुलिस की सक्रियता की पोल खोल दी।

वाहन चोरी करने वाले ये बदमाश काली पल्सर पर आते हैं। दोनों चेहरे पर मास्क लगाकर रखते हैं। इनमें एक बदमाश बाइक से उतरकर वाहन का ताला तोड़ता है और मिनटों में उसे लेकर फरार हो जाता है। इनके आतंक से केवल शहरवासी ही नहीं बल्कि पुलिस भी परेशान है। आए दिन कहीं ना कहीं से वाहन चोरी होने की सूचना मिलती है। कुछ जगहों पर तो आरोपित वाहन चोरी करते हुए भी नजर आए। लेकिन, उनकी पहचान नहीं हो सकी है, हाल है कि वाहन की सुरक्षा के लिए लोग अब लोहे की चेन अपने साथ रखने लगे हैं। जहां भी वे वाहन पार्क करते हैं। वहीं पर उसे चेन से बांधकर ताला लगा देते हैं। वाहन चोरी की बढ़ रही घटनाएं पुलिस को चुनौती देने का काम कर रही हैं।

> ''मामलों में मुकदमा दर्ज विवेचक जांच कर रहे हैं। कुछ महीने पहले भी वाहन चोरी करने वाले गिरोह के बदमाशों को जेल भेजा था। जल्दी ही ये भी पुलिस गिरफ्त में होंगे''
> -सुनील, सीओ मोदीनगर

# गौर सिटी में गेट को लेकर विवाद निवासी और एओए आमने-सामने

पायिनयर समाचार सेवा। नोएडा

चुनाव के 2 दिनों बाद ही ग्रेटर नोएडा वेस्ट में विवाद होने लगा है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी सोसाइटी के 5वें एवेन्यू में गेट खुलवाने को लेकर निवासियों और एओए सदस्यों के बीच विवाद हुआ।

निवासियों का आरोप है कि सोसाइटी में पिछले कई दिनों से एग्जिट गेट बंद है, जिसकी वजह से लोगों को एक ही गेट से आना जाना पड़ रहा है। ऐसे में दिक्कतें बढ़ गई हैं। इसको लेकर ही सोसाइटी में विवाद हुआ। 5वें एवेन्यू के निवासियों ने बताया कि सोसाइटी में पिछले सप्ताह एक गेट को एओए ने बंद कर दिया गया था। इस कारण एक ही गेट से एंट्री और एग्जिट हो रहा है। ऐसे में लोगों को काफ ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा और दुर्घटना होने का डर बना रहता है। निवासियों ने एओए से गेट खुलवाने की मांग की। इससे एओए सदस्यों ने इंकार कर दिया। इसके बाद विवाद बढ़ गया।

एओए अध्यक्ष अनुपम जैन ने बताया कि सोसाइटी में पिछले दिनों कॉमन एरिया के चार्ज को लेकर बिल्डर प्रबंधन से हैंड ओवर लिया गया है, कई चीजों में दिक्कतें बढ़ गई हैं। ऐसे में अन्य काम को लेकर एक गेट को बंद किया गया था। इसके बाद सभी चीजें सामान्य तरीके से चल रही थीं, लेकिन कुछ लोगों ने इसे खुलवाने के लिए मांग की है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# व्यापारियों की मांग, रात 9:30 बजे तक खुलें दुकानें

## कोविड-19 की पाबंदियों के चलते हो रहा काफी नुकसान, उपराज्यपाल को लिखा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अनुमति के बाद विभिन्न इलाकों में दुकानों को कुछ शर्तों के साथ दुकानें रात आठ बजे तक खोलने की छूट दे दी है। लेकिन अभी जारी कोविड-19 की पाबंदियों के चलते उन्हें काफी नुकसान हो रहा है। इसके चलते स्थानीय व्यापार पर जारी कोविड संबंधी सख्तियों को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए व्यापारी दुकानों को रात साढ़े नौ बजे तक खोलने की अनुमति समेत पाबंदियों में और ढील देने की अनुमति की मांग कर रहे हैं।

विभिन्न बाजारों के व्यापारी संघों ने कहा कि वे पाबंदियों के कारण बढ़ते नुकसान का सामना कर रहे हैं। ऐसे में उन्होंने सवाल किया कि जब दिल्ली में कोरोना के हालात सुधरे हैं तो पाबंदियां जारी रखने की क्या औचित्य है।

मध्य दिल्ली में कनॉट प्लेस बाजार का प्रतिनिधित्व करने वाले नयी दिल्ली व्यापार संघ ने उपराज्यपाल अनिल बैजल को पत्र लिखकर स्थानीय व्यापारियों के लिए राहत देने की मांग की है। उसने कहा दुकान उन्हें मालिकों, दुकानदारों से कई पत्र मिल रहे हैं कि उन्हें रात आठ बजे के बजाय रात साढ़े नौ बजे तक दुकानें खोलने की अनुमति दी जाए।

रात आठ बजे दुकान बंद करने का मतलब है कि बंद करने की तैयारी सात बजे शुरू करना, जिससे प्रमुख कारोबारी समय का नुकसान हो रहा है। दिल्ली में अन्य व्यापार संघों ने भी ऐसी ही मांगें की हैं। खान मार्केट ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव मेहरा ने कहा कि यह दुकानदारों पर छोड़ना चाहिए कि वे दुकानें खोले रखना चाहते हैं या नहीं। चूंकि सभी चीजें सामान्य हो गयी है, तो दुकान बंद करने का समय भी सामान्य होना चाहिए।

वह कह रहे हैं कि मास्क पहनने जैसे सख्त दिशा निर्देशों में थोड़ी छूट देनी चाहिए। सरोजिनी नगर ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक रंधावा ने दुकानदारों के बढ़ते नुकसान को लेकर निराशा जतायी। उन्होंने कहा वह लंबे समय से कह रहे हैं कि समय में ढील देनी चाहिए। कारोबारी इन नियमों के कारण नुकसान झेल रहे हैं। कार्यालय भी खुल गए हैं। लोग आमतौर पर खरीदारी के लिए शाम को निकलते हैं। यह शादियों का समय है इसलिए दुकानों पर पाबंदियां लगाने का कोई मतलब नहीं बनता। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने 4 फरवरी को अपनी बैठक में नाइट कर्फ्यू की अवधि एक घंटे घटाकर रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक कर दी थी। नाइट कर्फ्य के कारण गैर-जरूरी सामान बेचने वाली दुकानों को रात 8 बजे तक ही खोलने की अनुमति है। डीडीएमए ने कक्षा 9 से 12 के लिए 7 फरवरी से और नर्सरी से कक्षा 8 तक के छात्रों के लिए 14 फरवरी से स्कूलों को फिर से खोलने की अनुमति दी थी।

इसके अलावा, डीडीएमए ने सभी सरकारी और निजी दफ्तरों को 100 फीसदी क्षमता के साथ काम करने की अनुमति दी थी।

कुछ प्रतिबंधों के साथ जिम को भी फिर से खोलने की अनुमति दी गई थी। भले ही कोरोना के मामलों में कमी आई हो, लेकिन अब भी कई प्रतिबंध जैसे नगरपालिका क्षेत्र में केवल एक साप्ताहिक बाजार की अनुमति देना, बसों और मेट्रो ट्रेनों में खड़े होकर यात्रा नहीं करना और रेस्तरां, बार और सिनेमाघरों में बैठने की क्षमता पर 50 प्रतिशत की सीमा बनी हुई है।

# बच्चों को स्कूल भेजने को लेकर कई अभिभावक आशंकित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




राष्ट्रीय राजधानी में नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के लिए स्कूल फिर से सोमवार से खुल रहे हैं। इसको लेकर कुछ अभिभावक चिंतित हैं वहीं कुछ अन्य परिवहन सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

कोविड -19 के मद्देनजर लंबे समय तक बंद रहने के बाद सात फरवरी को कक्षा 9वीं से 12वीं के लिए स्कूल फिर से खुल गए। दिल्ली अभिभावक संघ की अध्यक्ष अपराजिता गौतम के अनुसार कई अभिभावक अपने जूनियर क्लास के बच्चों को स्कूलों में भेजने को लेकर आशंकित हैं क्योंकि अभी तक उनका टीकाकरण नहीं हुआ है। इसलिए वे प्रतीक्षा करने और स्थिति पर गौर करने का विकल्प चुनेंगे। सात वर्षीय एक बच्चे के पिता अनिल भाटी ने कहा कि वह अपने बच्चे को भेजना चाहते है लेकिन स्कूलों ने अभी तक परिवहन सुविधा की शुरुआत नहीं की है। वह अन्य माध्यम से व्यवस्था करने की कोशिश कर रहे है। जब स्कूल फिर से खोले जा रहे हैं तो सरकार को परिवहन सेवाओं को फिर से शुरू करने का आदेश देना चाहिए। केंद्र ने अपने दिशानिर्देशों से छात्रों को प्रत्यक्ष कक्षाओं में भाग लेने के लिए माता-पिता की सहमति को अनिवार्य करने वाले खंड को हटा दिया है, वहीं दिल्ली सरकार ने इस खंड को जारी रखने का निर्णय लिया है। पिछले साल 28 दिसंबर को ओमीक्रोन स्वरूप से संक्रमण की तीसरी लहर को देखते हुए शहर के स्कूलों को फिर से बंद करने से पहले कुछ समय के लिए फिर से खोल दिया गया था। एक शीर्ष निजी स्कूल के प्रधानाध्यापक ने कहा माता-पिता, विशेष रूप से जिनके बच्चे जूनियर कक्षाओं में हैं, अभी भी आशंकित हैं। उन्होंने सहमति पत्र भेजे, लेकिन प्रतिक्रिया बहुत अच्छी नहीं है। अब हम माता-पिता के लिए परामर्श सत्र आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। रोहिणी में श्री राम वंडर इयर्स स्कूल की प्रमुख शुभी सोनी ने बताया कि वह चरणबद्ध तरीके से फिर से खोल रहे हैं। मैसेज और ई-मेल के माध्यम से अभिभावकों को जानकारी दी गई है। वह मौसम को ध्यान में रखते हुए कक्षाओं के बाहर हवादार क्षेत्रों में पठन-पाठन की योजना बना रहे हैं। एपीजे स्कूल पंचशील पार्क की प्रधानाध्यापक रितु मेहता ने कहा कक्षाएं हाइब्रिड मोड में आयोजित की जाएंगी। अधिकतर अभिभावकों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए अपनी सहमति दे दी है। छात्रों की सुरक्षा हमेशा उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता रही है और वह कोविड प्रोटोकॉल का पालन करेंगे।

# तीर्थयात्रा योजना बहाल, आज द्वारकाधीश जाएगी ट्रेन

- एक हजार श्रद्धालुओं को लेकर शाम को होगी रवाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली सरकार की बुजुर्गो के लिए तीर्थयात्रा योजना सोमवार से बहाल होगी और श्रद्धालुओं को लेकर एक ट्रेन गुजरात के द्वारकाधीश जाएगी।

कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर जनवरी के पहले सप्ताह में यह तीर्थयात्रा योजना रोक दी गई थी। दिल्ली सरकार की तीर्थयात्रा विकास समिति के अध्यक्ष कमल बंसल ने बताया कि दिल्ली से 1,000 बुजुर्ग श्रद्धालुओं को लेकर द्वारकाधीश जाने वाली ट्रेन को सोमवार शाम सात बजे सफदरजंग रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखायी जाएगी। रामेश्वरम के लिए एक अन्य ट्रेन 18 फरवरी को रवाना होगी।

कोविड के मामले बढ़ने के बीच जनवरी में मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना रोक दी गयी थी। बंसल ने कहा कि हम अन्य तीर्थ स्थलों के लिए ट्रेन की घोषणा भी कर सकते हैं, क्योंकि रेलवे हमें ट्रेन की उपलब्धता के बारे में सूचित कर सकता है। उन्होंने कहा कि अधिकांश वरिष्ठ नागरिकों की मांग रामेश्वरम और द्वारकाधीश के लिए थी। रामेश्वरम के लिए करीब 15,000 और द्वारकाधीश के लिए 7,000 आवेदन लंबित हैं।

बंसल ने कहा कि हम अपने बुजुर्गों की मांग पर जितना संभव हो सकता है उतनी यात्राओं की व्यवस्था करने के लिए तैयार हैं, लेकिन यह ट्रेन की उपलब्धता पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से बुजुर्गों के लिए निशुल्क तीर्थयात्रा की योजना के तहत जनवरी में अलग-अलग तीर्थस्थलों के लिए 11 ट्रेन यात्राओं की योजना बनायी गयी, लेकिन कोरोना वायरस की तीसरी लहर के कारण यह संभव नहीं हुआ।

## मिठाई की दो दुकानों में लगी आग, तीन को बचाया

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में रविवार को आसपास स्थित मिठाई की दो दुकानों में आग लग गई, दुकान में फंसे तीन लोगों को बचाया गया। अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग को बुझा दिया गया है और घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। अग्निशमन सेवा के महानिदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि पूर्वाह्न करीब पौने ग्यारह बजे आग लगने के बारे में सूचना मिली और पांच दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। उन्होंने कहा कि आग दो दुकानों में लगी थी।

# 2050 रुपये के लिए बुजुर्ग महिला को मार डाला

- आरोपी गिरफ्तार, वसंत गांव इलाके में हुई वारदात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

साउथ कैंपस इलाके में बुजुर्ग महिला की हत्या के आरोप में दिल्ली पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान वसंत गांव निवासी राजेन्द्र चौहान के रूप में हुई है। चौहान ने लूट के इरादे से इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू, घटना के समय खून से सने कपड़े और जूते बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त गौरव शर्मा ने बताया 11 फरवरी को पीसीआर कॉल के जरिए इस मामले की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो रावतुला राम फ्लाईओवर के नीचे एक बुजुर्ग महिला का शव पड़ा मिला। उसके गले और चिन पर चाकू से हमले के निशान पाए गए। जांच के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सफदरजंग अस्पताल भेज दिया। इस बाबत हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। वसंत विहार सब डिवीजन एसीपी राकेश दीक्षित और साउथ कैंपस थानाध्यक्ष अजब सिंह की टीम ने जांच के दौरान लोगों से पूछताछ शुरु की।

छानबीन के दौरान रावतुला राम फ्लाईओवर के नीचे ही रहने वाले राजेन्द्र चौहान का नाम सामने आया। जांच के दौरान उसके बयान में विरोधाभास था जिसके बाद पुलिस ने उसकी पत्नी और नेत्रहीन सुरदास से बात की। ये हर शनिवार नोएडा से दिल्ली भीख मांगने के लिए आते थे। दूसरी बार राजेन्द्र से हुई पूछताछ में उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया जिसके बाद उसकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद हो गया।

# लड़की से छेड़छाड़ में कुश्ती कोच गिरफ्तार

- सेना में सूबेदार के पद से रिटायर होने के बाद संविदा पर हरियाणा में सिखा रहा पहलवानी : पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पार्क में लड़की से छेड़छाड़ और उसके दोस्त से लूटपाट मामले का पर्दाफाश करते हुए दिल्ली पुलिस ने सेना में सूबेदार के पद से रिटायर एक व्यक्ति गिरफ्तार किया है। आरोपी इस समय हरियाणा गुरुग्राम में कॉन्ट्रैक्ट पर एक स्टेडियम में कुश्ती के कोच के पद पद तैनात है। आरोपी राजेश कुमार सेना में भी खोल कोटे के जरिये भर्ती हुआ था।

पुलिस उपायुक्त शंकर चौधरी के मुताबिक, आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए द्वारका जिले की छह सौ पुलिसकर्मियों की टीम लगी हुई थी। घटना 3 फरवरी की शाम की है जब उनके दफ्तर में पीड़ित लड़की अपने पिता के साथ पहुंची थी। उसने अपनी शिकायत में बताया कि 28 जनवरी की रात करीब 8.30 बजे वह अपने एक दोस्त के साथ पार्क में बैठी थी। तभी वहां एक व्यक्ति खाकी कपड़े पहने हुए पहुंचा। उसने खुद को पुलिस वाला भी बताया। पुलिस वाला बताकर आरोपी ने दोनों को डराया और फिर लड़की के दोस्त के पास से पांच हजार रुपये भी ले लिए। उसके बाद उसने लड़की के दोस्त को मौके से भगा दिया और फिर लड़की के साथ छेड़खानी की और गलत हरकत को अंजाम देने की कोशिश की लेकिन मौका देखकर लड़की वहां से भाग निकली।

मामले की गंभीरता को देखते हुए इस मामले में एफआईआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई। इस वारदात में पहला सुराग सीसीटीवी फुटेज से मिला। जिसके बाद आरोपी की तलाश शुरू की गई। द्वारका जिले के करीब 600 पुलिस वाले तमाम रेहड़ी पटरी वालों से आरोपी की गाड़ी और उसकी फोटो दिखाकर उसके बारे में पूछताछ कर रहे थे। इसी बीच पता चला एक सिपाही ने एक साल पहले वाहन चेकिंग के दौरान इस शख्स की आईडी की फोटो ली थी और अपने मोबाइल में कार की आरसी की फोटो भी खींची थी। इस पर जांच टीम मारुति के शोरूम से जब गाड़ी की जानकारी जुटाई तो आरोपी का मोबाइल नंबर मिल गया और फिर पुलिस ने उसके घर का पता निकाला। पुलिस ने आरोपी को द्वारका इलाके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान 38 साल के राजेश कुमार के रूप में हुई है। जांच में पता चला कि राजेश स्पोर्ट्स कोटे से सेना में भर्ती हुआ था और सूबेदार के पद से दो साल पहले ही रिटायर हुआ था। अवकाश लेने के बाद राजेश गुरुग्राम के एक स्टेडियम में रेसलिंग की कोचिंग देने लगा था।




## असम भवन के बाहर यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की युवा इकाई ने रविवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिश्व सरमा के खिलाफ उनकी कथित 'बाप-बेटा' वाली टिप्पणी को लेकर शास्त्री भवन के सामने विरोध प्रदर्शन किया और उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग उठायी। सरमा ने यह कथित टिप्पणी कांग्रेस नेता राहुल गांधी को निशाना बनाने के लिए की थी। भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.वी. श्रीनिवास ने कहा कि भाजपा निम्न दर्जे की राजनीति कर रही है क्योंकि उसे पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनाव में हारने का भय है।

# दिनदहाड़े बुजुर्ग कारोबारियों से लूटपाट

- पीड़ितों की पिटाई कर आरोपी हुए फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने दो बुजुर्ग कारोबारियों पर हमला कर उनसे दो लाख रुपये लूट लिये। वारदात के दौरान कारोबारी गाजियाबाद से भजनपुरा अपने घर लौट रहे थे।

इस बीच दो मोटरसाइकिल सवार चार बदमाशों ने सतीश और उनके भाई संजय पर धावा बोल दिया। आरोपियों ने उनको बाइक से नीचे गिरा दिया। बाद में लात-घूंसों से उनकी पिटाई कर दी। इसके बाद चारों बदमाशों ने उनकी बाइक की डिग्गी तोड़कर उसमें रखा रुपया लूट लिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। घायल कारोबारियों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि बदमाशों ने दोनों की रेकी कर वारदात को अंजाम दिया। सतीश परिवार के साथ भजनपुरा इलाके में रहते हैं। इनके परिवार में बड़े भाई संजय व अन्य सदस्य हैं। दोनों भाईयों को पशु आहार का काम है। सतीश की दुकान गाजियाबाद के रामपार्क में है जबकि दूसरे भाई संजय की दुकान लोनी के मंडोला, गाजियाबाद में है। रोजाना सतीश बाइक से पहले अपनी दुकान चले जाते हैं। बाद में संजय ऑटो में सवार होकर सतीश को लंच देते हुए अपनी दुकान पर जाते हैं। वापसी में सतीश संजय को बाइक पर लेकर घर लौटते हैं। इन दोनों के पास दिनभर की कमाई होती है।

# संक्षिप्त समाचार


बच्चों के बीच पहुंचे महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल।

### सात दिन में लग जाएंगे पार्क में झूले

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के महापौर ने बच्चों की मांग पर एक सप्ताह में पार्क में झूला लगवाने का आश्वासन दिया है। महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल रविवार को अपने वार्ड के निवासियों से मिलने एच ब्लॉक न्यू सीलमपुर पहुंचे तो वहां के बच्चो महापौर से पार्क में झूला लगवाने की मांग रख दी। इस पर महापौर ने बच्चो को आश्वासन दिया कि 7 दिनों में आपके लिए झूले लगा दिए जायेंगे लेकिन सभी बच्चो को वायदा करना होगा कि सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ेंगे,बड़े होकर डॉक्टर इंजीनियर,पायलट, बड़े अधिकारी बनकर देश का नाम रोशन करेंगे,सभी बच्चो ने महापौर को वायदा किया कि हम सभी मन लगाकर पढ़ेंगे।

### बदरपुर क्षेत्र को मिला अनेक विकास का उपहार



**नई दिल्ली।** बदरपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए रविवार को अनेक विकास कार्यों का उपहार मिला। केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने क्षेत्रवासियों को इन विकास कार्यों के लिए बधाई दी।केंद्रीय मंत्री ने सेक्टर-37, फरीदाबाद से मोलड़बंद तक नव-निर्मित गुड़गांव कैनाल रोड़ का उद्घाटन किया। जिससे दिल्ली-हरियाणा के लोगों के लिए आना-जाना आसान हो जाएगा। गुर्जर ने बसंतपुर, हरियाणा से अर्पण विहार, जैतपुर तक की नव-निर्मित सड़क का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि इससे बदरपुर एवं फरीदाबाद के लाखों क्षेत्रवासियों को लाभ होगा। बिधूड़ी ने सौरभ विहार में नव-निर्मित बारातघर का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता निगम पार्षद अनामिका मिथिलेश सिंह ने की।

### मदन लाल खुराना चेस्ट क्लीनिक का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** मोतीनगर में स्व. मदन लाल खुराना चेस्ट क्लीनिक का रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर आदेश गुप्ता ने कहा कि स्व. मदन लाल खुराना ने मंत्र दिया था कि हम सब दिल्ली के सेवक हैं और दिल्ली एक मंदिर हैं। और आज उसी परम्परा को भाजपा का हर एक कार्यकर्ता स्वीकार कर रहा है। आदेश गुप्ता ने कहा कि मदन लाल खुराना द्वारा किया गया संघर्ष और विकास कार्यों का नतीजा है कि आज भाजपा कार्यकर्ता केजरीवाल सरकार की शराब नीति के खिलाफ आवाज उठाना हो या दिल्ली सरकार द्वारा किए गए घोटाले हो, सबके के खिलाफ आवाज उठाने का काम कर रहे हैं।



# गुरुद्वारा मजनूं का टीला में बनेगा अस्थि विसर्जन स्थल

## संगत की सुविधा के लिए दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी यमुना नदी के किनारे बनाएगी घाट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





डीएसजीएमसी यमुना नदी के तट पर गुरुद्वारा मजनू का टीला दिल्ली में संगत की सुविधा के लिए अस्थि विसर्जन स्थल का निर्माण करेगी। यह जानकारी रविवार को दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने जानकारी दी।

कालका ने कहा कि दिल्ली की संगत विशेष रूप से गरीब लोग जो अस्थि विसर्जन के लिए कीरतपुर साहिब/हरिद्वार जाने का खर्च नहीं उठा सकते, वे गुरुद्वारा मजनू का टीला आना पसंद करते हैं। बरसात के मौसम में अस्थि विसर्जन स्थल और उसके आसपास का क्षेत्र जलमग्न हो जाता है और फिसलन वाला क्षेत्र बन जाता है जिससे दुर्घटना होती है। इसलिए, डीएसजीएमसी ने संगत की सुविधा के लिए यमुना नदी के तट पर गुरुद्वारा मजनू का टीला में उचित अस्थि विसर्जन स्थल बनाने का निर्णय लिया है। जिसके लिए हमने दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी मंत्री को आवश्यक अनुमति और एनओसी के लिए एक पत्र लिखा है। प्लेटफॉर्म और बैठने की जगह के निर्माण पर होने वाला सारा खर्च डीएसजीएमसी द्वारा वहन किया जाएगा। डीएसजीएमसी के महासचिव जगदीप सिंह कहलों ने कहा कि यह दिल्ली संगत की लंबे समय से मांग थी जिसे जल्द पूरा किया जाएगा. अस्थि विसर्जन स्थल के अलावा यमुना नदी के तट पर 10-15 वृद्ध/विकलांग लोगों के बैठने के लिए एक छोटा मंच भी बनाया जाएगा। इसके अलावा मिट्टी को कस कर रखने और पेड़ लगाकर मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए आसपास के क्षेत्र को भी लैंडस्केप किया जाएगा।

# ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस ने विश्व यूनानी दिवस मनाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विश्व यूनानी दिवस धूमधाम से मनाया गया। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस की तरफ से मनाए जाने वाला प्रमुख कार्यक्रम कांस्टीट्यूशन क्लब में में आयोजित किया गया ।इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद कुंवर दानिश ने भाग लिया।

कार्यक्रम में तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर मुस्ताक अहमद, अधिवक्ता डॉ लाल बहादुर आदि मौजूद थे। इस मौके पर यूनानी चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों, हकीमो और फार्मासिस्ट को हकीम अजमल खान अंतर्राष्ट्रीय रत्न सम्मान से सम्मानित भी किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में प्रोफेसर तसनीम फातिमा, प्रो. वाइस चांसलर, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, प्रो. मोहम्मद शफी अलीग, डॉ. आफताब अहमद, मेडिसिन विभाग जामिया हमदर्द, प्रो. विनोद चैतन्या, नोडल ऑफिसर कोविड-19, मेडिसिन विभाग, सफदरजंग हॉस्पिटल, डॉ. मोहम्मद जाकिर, रिसर्च ऑफिसर यूनानी, सीआरआईयू एम. हैदराबाद, डॉ. मोहम्मद अफसहुल कलाम, रिसर्च ऑफिसर आरआरआईयू एम श्रीनगर, डॉ. महफूजुर्रहमान हेड ऑफ डिपार्टमेंट सोशल साइंस एच एस जेड एच गर्वमेंट यूनानी मेडिकल कॉलेज भोपाल, प्रो. बी डी खान मोआलिजात विभाग ए.के.टी. कॉलेज एएमयू अलीगढ़, प्रो. जमीर अहमद स्किन विभाग एकेटी कॉलेज एएमयू अलीगढ़ आदि को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आए मेहमानों का डा सैय्यद अहमद खान ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सोहना घाटी में टूटी रिटर्निंग वॉल का जल्द होगा निर्माण

## तीन माह में तेल से भरा टैंकर और प्लास्टिक के दाने से भरा ट्रक मकानों पर जाकर गिरे

## पायनियर दैनिक समाचार ने घाटी की टूटी रिटर्निंग वॉल पर 29 जनवरी को प्रकाशित समाचार में जताई थी आशंका

एन. रोहिल्ला। सोहना

**सोहना** घाटी में टूटी रिटर्निंग वॉल (सुरक्षा की दीवार) का जल्द ही निर्माण किया जाएगा। दीवार निर्माण के साथ-साथ रात के अंधेरे में चमकने वाले पैंट से पैंटिंग किया जाएगा। रिटर्निंग वॉल का निर्माण का ठेका छोड़ने की कवायद शुरू कर दी है।

सोहना से तावडू जाने वाले मार्ग की घाटी क्षेत्र में सड़क के एक किनारे पर बनी रिटर्निंग वॉल जगह-जगह से टूटी हुई है। टूटी हुई रिटर्निंग वॉल जानलेवा हादसों की दावत दे रही है। जहा से बीते करीब एक साल में सात भारी वाहन घाटी की गहरी खाई और आबादी क्षेत्र में गिरे है, लेकिन इन हादसों में किसी की जान नहीं गई। घाटी से गिरने वाले वाहन 50 फ ीसदी से लेकर 100 फीसदी तक क्षतिग्रस्त हुए है। बीते तीन माह में तेल से भरा टैंकर और प्लास्टिक दाना से भरा ट्रक आबादी क्षेत्र में बने मकानों के साथ जाकर गिरे है।

हादसों को रोकने के लिए तथा वाहन चालको की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग ने टूटी हुई रिटर्निंग वॉल का सुधारीकरण कराने की कवायद शुरू कर दी है। जिसके लिए विभाग द्वारा टैंडर लगाने की प्रकिया शुरू कर दी है। विभाग द्वारा दीवार निर्माण समेत उस पर रात के अंधेरे में चमकदार पैंट कराने की योजना भी बनाई है। ताकि रात के समय में दीवार वाहनों की लाइट पड़ने से नजर आ सके।

### पायनियर समाचार पत्र की खबर का हुआ असर

**राष्ट्रीय** दैनिक समाचार पत्र पायनियर ने घाटी की टूटी रिटर्निंग वॉल की समस्या को 29 जनवरी को प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशन से विभाग अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए टूटी रिटर्निंग वॉल को ठीक कराने की कवायद शुरू कर दी है।


घाटी में टूटी हुई रिटर्निंग वॉल दे रही मौत को न्योता

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना घाटी में टूटी हुई रिटर्निंग वॉल जान लेवा हादसों को दावत दे रही है। घाटी में कभी भी टूटी हुई दीवार को वजह से चालक के साथ जानलेवा हादसा हो सकता है। सोहना से तावडू जाने वाले मार्ग की घाटी में सड़क के साथ-साथ बनी सुरक्षा दीवार 4 से 5 स्थानों पर टूटी हुई है। टूटी हुई दीवार के स्थान पर कभी भी बाइक-स्कूटी से लेकर भारी वाहन टूटी हुई दीवार से गहरी खाई में कूद सकता है। सर्दी के मौसम में कोहरा छा जाने पर घाटी की टूटी दीवार वाहन चालकों को नजर तक नहीं आती है।

टूटी दीवार लोगों की जान का खतरा

घाटी के साथ-साथ बने मकानों में रहने वाले लोगों की टूटी हुई दीवारों ने रातों की नींद व दिन का चैन छीना हुआ है क्योंकि जहां-जहां से घाटी को सुरक्षा दीवार टूटी है। वहां पर पक्के मकान बनाकर रह रहे लोगों को वाहन कूदने से जान को खतरा है। बाल किशन का कहना है कि घाटी से अभी तक भारी वाहन ही दीवारों को तोड़कर 20 से 30 फुट गहराई में गिरे हैं। घाटी की टूटी दीवारों को लोक निर्माण विभाग टूटी दीवारों का निर्माण नहीं करा रहा है।

सोहना घाटी में टूटी सुरक्षा दीवार जान लेवा हादसों को दावत दे रही है।

ऐसा कहते हैं अधिकारी

लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अजीत सिंह ने बताया कि टूटी दीवारों का निर्माण कराने के लिए इस्टीमेट बनाकर पंचकुला स्थित उच्चाधिकारियों के कार्यालय में मंजूरी के लिए भेजा हुआ है। बजट आने के साथ ही दीवारों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

पायनियर समाचार पत्र में पूर्व में सोहना घाटी में टूटी रिटर्निंग वाल संबंधी प्रकाशित खबर।

पायनियर इम्पेक्ट

### ऐसा कहते हैं अधिकारी

**बीएण्डआर** विभाग के एसडीओ अजीत सिंह ने बताया कि घाटी की टूटी हुई रिटर्निंग वॉल को जल्द से जल्द निर्माण किया जाएगा। जिसका बजट तैयार करके उच्चाधिकारियों को मंजूरी के लिए भेजा गया है। मंजूरी मिलने के साथ ही निर्माण कार्य को शुरु कर दिया जाएगा।

# ईएसआईसी अस्पताल के शिलान्यास समारोह में की नर्सिंग कालेज की भी घोषणा

## सीएम मनोहर लाल व केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने रखी अस्पताल की आधारशिला

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** जिले के दूसरे नगर निगम मानेसर में बनने वाले कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 500 बेड के अस्पताल में श्रमिकों के साथ-साथ आम लोगों को भी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही मानेसर में नर्सिंग कॉलेज भी खोला जाएगा। यह घोषणाएं रविवार को आईएमटी मानेसर में ईएसआईसी के 500 बेड के अस्पताल के शिलान्यास अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल व कार्यक्रम के अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने की।

आईएमटी मानेसर में 500 बेड का यह ईएसआईसी अस्पताल लगभग 8 एकड़ भूखंड पर बनेगा। इस अस्पताल के निर्माण पर 500 करोड़ रूपये से अधिक की लागत आएगी, जिसमें लोगों को आपातकालीन, ओपीडी, आईसीयू, स्त्री रोग एवं प्रसूति, बाल रोग, हृदय रोग, कैंसर उपचार, ब्लड बैंक आदि उच्च स्तरीय सुविधाएं दी जाएंगी। जिला के अलावा इस अस्पताल से रेवाड़ी, नूंह और आस पास के जिलों के लोगों को भी लाभ होगा।


आईएमटी मानेसर में 500 बेड के ईएसआईसी अस्पताल का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

**श्रम शक्ति समाज की विश्व निर्माण में भागीदारी: मनोहर लाल** : समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि श्रम शक्ति समाज का बहुत बड़ा वर्ग है। इस वर्ग की विश्व के निर्माण में बड़ी भागीदारी है। इस वर्ग की खुशहाली के लिए सरकारी स्तर पर प्रयास हो रहे हैं और आज अस्पताल के शिलान्यास से श्रम शक्ति का विश्वास जगा है। व्यक्ति की शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान के साथ रोटी, कपड़ा और मकान की मूलभूत आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि श्रम शक्ति का स्वस्थ होना उद्योगों के विकास का द्योतक है। इससे उत्पादन बढ़ेगा तथा देश की उन्नति होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में श्रम शक्ति पोर्टल पर 50 लाख से ज्यादा श्रमिक पंजीकृत हैं और श्रम विभाग में 25 लाख लोगों का पंजीकरण है। उन्होंने मानेसर में ईएसआईसी का नर्सिंग कॉलेज खोलने के प्रस्ताव को स्वीकृत करने पर केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव का आभार जताया। आश्वस्त किया कि इस कॉलेज के लिए राज्य सरकार 5 एकड़ भूमि की पहचान करके जल्द उपलब्ध करवाएगी।

**श्रमिकों के लिए भी कैशलेस ईलाज की हो सुविधा** : मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हरियाणा सरकार के कर्मचारियों के ईलाज के लिए शुरू की गई कैशलेस सुविधा की तर्ज पर श्रमिकों के लिए भी सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस ईलाज की सुविधा शुरू की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से मानेसर में ईएसआईसी का 500 बेड का अस्पताल बनेगा। इसके साथ ही उन्होंने केन्द्रीय मंत्री के समक्ष मांग रखी कि बीमित कामगारों के पंजीकरण के आधार पर गुरुग्राम में भी 500 बेड का ईएसआई अस्पताल मंजूर करें। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा करने के लिए हरियाणा में प्रत्येक जिला केंद्र पर 200 बेड का अस्पताल बनाने का प्रावधान किया गया है।

# पानीपत में भी 200 बेड का ईएसआईसी अस्पताल बने: चौटाला

## उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से की मांग

**गुरुग्राम।** प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से मांग की कि पानीपत में भी ईएसआईसी का 200 बेड का अस्पताल बनाया जाए, ताकि वहां के औद्योगिक क्षेत्र के कामगारों को उपचार की सुविधा मिल सके।

दुष्यंत चौटाला ने स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने संबंधी अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में उद्योगों की संख्या बढ़ी है और प्रदेश में 14 छोटे औद्योगिक क्षेत्र विकसित हुए हैं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि छोटे क्षेत्रों में ईएसआई के दो से पांच डॉक्टरों की नियुक्ति करके डिस्पेंसरी खोली जा सकती है।

उन्होंने यह भी कहा कि ईएसआईसी को अपना अस्पताल स्ट्रक्चर बढ़ाना चाहिए और अगले वित वर्ष में टारगेट तय करें कि जहां-जहां जमीन उपलब्ध है, वहां पर अस्पताल अथवा डिस्पेंसरी खोली जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा में पानीपत हैंडलूम का हब है और वहां पर ईएसआई का 75 बेड का अस्पताल है। पानीपत में एक लाख 60 हजार बीमित व्यक्ति पंजीकृत हैं। ईएसआई का नियम है कि डेढ़ लाख से ज्यादा बीमित व्यक्ति होने पर वहां पर 200 बेड का अस्पताल बनाया जा सकता है। दुष्यंत ने पानीपत में भी 200 बेड का अस्पताल बनवाने की मांग रखी।

### मानेसर में डेढ़ लाख से ज्यादा को मिलेगा लाभ

**समारोह** में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने कहा कि मानेसर में ईएसआईसी अस्पताल के निर्माण के लिए हरियाणा सरकार द्वारा 8 एकड़ भूमि दी गई है। उन्होंने कहा कि यह योजना हरियाणा प्रदेश के सभी 22 जिलों में लागू है। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के बनने से मानेसर में डेढ़ लाख से ज्यादा बीमित व्यक्तियों तथा छह लाख से ज्यादा लाभार्थियों को बड़े पैमाने पर लाभ होगा। प्रदेश के श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक ने कहा मानेसर में यह नया अस्पताल बनने से औद्योगिक कामगारों को बड़े स्तर पर लाभ होगा। पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता से अतिथियों का स्वागत किया।

# संक्षिप्त समाचार

## शिविर में आत्मनिर्भर और सामाजिक ज्ञान सीख रही हैं छात्राएं


सोहना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की छात्राएं एनएसएस शिविर में भाग लेने के दौरान पेड़ व पौधों का संरक्षण करती हुई।

**सोहना।** शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में लगे एनएसएस के शिविर में छात्राओं को योग के साथ-साथ पेड़-पौधों के संरक्षण का पाठ पढ़ाया जा रहा है। जल्द ही छात्राओं को रोजगार हुनर का ज्ञान भी दिया जाएगा। छात्राओं को रोजगार के क्षेत्र में आत्म निर्भर बनने के गुर साप्ताहिक एनएसएस शिविर में सिखाए जा रहे हैं। शुक्रवार से शुरू हुए शिविर में पहले तीन दिन में दूषित हो रहा पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उन्हें संवारने का ज्ञान दिया जा रहा है। छात्राओं को जीवन में पेड़ों का महत्व और उन्हें लगाने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा करने का ज्ञान भी दिया जा रहा है। शिविर प्रभारी प्राध्यापक ऊषा रानी का कहना है कि शनिवार को छात्राओं को शारीरिक ताकत और शरीर को निरोग बनाने के उद्देश्य से योग का ज्ञान दिया गया। योग शिविर में जाकर छात्राओं ने योग किए तथा उनसे होने वाले लाभ की जानकारी प्राप्त की। स्कूल प्रधानाचार्य सुनील कुमारी ने बताया कि आने वाले चार दिनों में छात्राओं को रोजगार का हुनर सिखाया जाएगा। जिनमें घर की चार दीवारी में रहते हुए रोजगार चलाने का गुर महत्वपूर्ण होंगे। जिससे उन्हें भविष्य में रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके।

## पुरानी पद्धति योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं: सुधीर सिंगला


सुल्तानपुर क्षेत्र में प्रज्ञा योग आश्रम का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** रविवार को सुल्तानपुर क्षेत्र में प्रज्ञा योग आश्रम का विधिवत शुभारंभ विधायक सुधीर सिंगला ने किया। इस योग आश्रम में अलग-अलग विधियों द्वारा तमाम रोगों का उपचार किया जाएगा। प्रतिदिन योग का अभ्यास भी यहां कराया जाएगा। इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि आज के भागदौड़ भरे जीवन में लोगों में अनेक शारीरिक और मानसिक परेशानियां पैदा हो रही हैं। इसमें तनाव सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि तनाव दूर करने के लिए दवाओं से ज्यादा कारगर योग भी है। योग के जरिये असाध्य रोगों को सही किया जा सकता है। योग हमारी पुरानी पद्धति है। आज भारत के साथ पूरी दुनिया योग को अपना चुकी है। इसका श्रेय हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उन्होंने ही योग का डंका पूरी दुनिया में बजाया है। हम बड़ी से बड़ी बीमारियों को अपनी पुरानी पद्धतियों के माध्यम से ठीक कर लेते थे। आज के समय में भी जरूरत है हम चिकित्सा का हर नुस्खा अपनाएं। उपचार में हमारी तमाम विधियां कारगर है। हमारे लिए हर तरह का उपचार महत्वपूर्ण है। विधायक सुधीर सिंगला ने ऐसे ऐसे बेहतरीन आश्रम की स्थापना के लिए गुरु गोपाल व आलोक अरोड़ा को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उनके साथ वरिष्ठ न्यायाधीश रचना गुप्ता, कपिल गुप्ता, मास्टर जगन्नाथ आहूजा, अशोक आहूजा, विनीत अरोड़ा, राजन नागपाल, नीरू अरोड़ा, नेहा शर्मा व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कोरोना जांच व वैक्सीनेशन में संस्थाओं का अहम योगदान


जैकबपुरा में कोरोना रोधी वैक्सीनेशन शिविर में पहुंचे विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** विधायक सुधीर सिंगला ने रविवार को जैकबपुरा में कोरोना रोधी वैक्सीनेशन कैंप का भी शुभारंभ किया। इस शिविर में काफी लोगों ने वैक्सीन लगवाकर खुद को कोरोना से सुरक्षित किया।

इस वैक्सीनेशन कैम्प के सफल आयोजन के लिए आशीष गुप्ता, राज सैनी व उनकी टीम को विधायक सुधीर सिंगला ने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर क्षेत्र के पार्षद सुभाष सिंगला, रामनिवास, सूरज गोयल, सुमेर तंवर, जेबी गुप्ता, लवली सलुजा, गौरव मंगला, अंकित सिंह, राघव शर्मा, विकास गुप्ता व अन्य गणमान्य मौजूद रहे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि कोरोना की जांच से लेकर वैक्सीनेशन में समाजसेवी संस्थाओं का विशेष योगदान रहा है। संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर काम किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में हर कार्य को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं।

# जनस्वास्थ्य विभाग ने ठेकेदार को दिया नोटिस

## अस्पताल में पेयजल लाइन बिछाने का कार्य दिसम्बर माह में होना था पूरा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**जनस्वास्थ्य** विभाग ने नागरिक अस्पताल में सीवरेज और पेयजल सप्लाई की लाइन बिछाने वाले ठेकेदार को कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का नोटिस दिया। अस्पताल में लाइन बिछाने का कार्य दिसम्बर माह में पूरा करना था, लेकिन कार्य कछुआ गति से चलने पर जनस्वास्थ्य विभाग को नोटिस देना पड़ा।

जनस्वास्थ्य विभाग ने वर्ष-2021 के शुरुआत में नागरिक अस्पताल में 72 लाख रुपये में सीवर लाइन व पेयजल सप्लाई में सुधारीकरण का ठेका दिया था। ठेका का कार्य दिसम्बर माह में पूर्ण होना था। जिसमें अस्पताल परिसर में 24 घंटा पेयजल सप्लाई देने के लिए वाटर टैंक और सीवर का गंदा पानी अस्पताल परिसर से बाहर ले जाने के लिए अलग से टैंक बनाना था। इसके अलावा पुरानी सीवर लाइन को बड़ी लाइन में तब्दील करने तथा अस्पताल भवन समेत यहां बने स्टाफ क्वार्टरों में जर्जर हालत में हो चुकी पेयजल सप्लाई लाइन को नये सिरे से डालना था, लेकिन तय समय से दो माह का अधिक समय बीत जाने के बाद अस्पताल परिसर में सीवरेज और पेयजल आपूर्ति की लाइन चालू नहीं हो सकी है। जिससे अस्पताल भवन समेत यहां बने स्टाफ क्वार्टरों में रहने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।


सोहना के नागरिक अस्पताल में सीवर लाइन जोड़ने का अधर में लटका कार्य।

### सीवर और पानी के टैंकों कार्य अधर में

**ठेकेदार** द्वारा कार्य करने की गति कछुआ गति से चलाने के कारण अस्पताल परिसर में बनाएं जाने वाले सीवर और पानी के टैंकों को कार्य अधर में लटका हुआ है।

अस्पताल परिसर में सीवर व पानी की लाइनें डालने के दौरान की गई खुदाई वाली जमीन को सही ढंग से भरा नहीं गया है। जिससे पैदल चलने वाले ही नहीं वाहन चालकों को भी परेशानियां हो रही है।

**सीवर** व पानी की लाइन डालने वाले ठेकेदार को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का नोटिस दे दिया है। नोटिस देने के बाद कार्य में को ठेकेदार ने गति दे दी है। 10 फीसदी कार्य बचा है। जिसे जल्द से जल्द पूरा किया जा रहा है।

**ओमप्रकाश सिंह**
**(एसडीओ, जनस्वास्थ्य विभाग)**

# गुरुग्राम के अलावा पांच अन्य स्थानों पर भी बनेंगे ईएसआईसी अस्पताल

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**केंद्रीय** मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि गुरुग्राम के अलावा पांच अन्य स्थानों पर भी ईएसआईसी अस्पताल बनाए जाएंगे, ताकि श्रमिकों को आसानी से उपचार की सुविधा मिल सके। इस कड़ी में हिसार में 100 बेड का ईएसआई अस्पताल बनेगा। रोहतक, सोनीपत, करनाल तथा बहादुरगढ़ में ईएसआई अस्पताल खोलने के लिए केन्द्रीय मंत्रालय की तकनीकी टीम ने निरीक्षण कर लिया है। बावल में 100 बेड का ईएसआई अस्पताल खोलने के लिए टेंडर हो चुके हैं। यह बात उन्होंने रविवार को यहां मानेसर में 500 बेड के ईएसआईसी अस्पताल के शिलान्यास समारोह में कही।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने मानेसर के इस अस्पताल के लिए भूखंड उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया जल्द पूर्ण की, जिसकी वजह से आज शिलान्यास हो पाया है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में किलोमीटर तथा बीमित व्यक्तियों की संख्या के आधार पर ईएसआईसी के अस्पताल खोले जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि गुरुग्राम में बीमित कामगारों की ज्यादा संख्या को देखते हुए गुरुग्राम के ईएसआई अस्पताल में जो भी मरम्मत तथा डॉक्टरों आदि की आवश्यकता होगी।


गुरुग्राम के आईएमटी मानेसर में 500 बेड के ईएसआईसी अस्पताल के शिलान्यास समारोह में दीप प्रज्जवलित करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, साथ में उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

# गुरु रविदास जयंती पर दौला से शुरू हुआ अभियान

## खंड की 35 ग्राम पंचायतों में शुरू हुआ महा सफाई अभियान

## अभियान का मुख्य उद्देश्य है ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करना

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**खंड** की 35 ग्राम पंचायतों में चलने वाला महा सफ ाई अभियान की शुरुआत ग्राम पंचायत दौला से शुरू किया। अभियान को 16 फरवरी तक सभी ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा। प्रदेश सरकार के आदेश पर गुरु रविदास की जयंती के उपलक्ष में रविवार को खंड ग्राम पंचायत दौला में महा सफाई अभियान की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर समाज सेवी कार्यकर्ताओं से लेकर सामाजिक संगठन से जुड़े नागरिक, पंचायत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आदि शामिल थे। यह अभियान आने वाले चार दिन तक खंड की अन्य सभी 34 ग्राम पंचायतों में भी चलाया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करना। गांवों को गंदगी मुक्त बनाने पर जोर दिया जाएगा। महा सफाई अभियान से ग्राम पंचायतों के सभी सार्वजनिक स्थानों को गंदगी मुक्त बनाने और ग्रामीणों के अच्छे स्वास्थ को ध्यान में रखते हुए गंदगी से दूर रहने का ज्ञान दिया जाएगा। ताकि शुद्ध वातावरण से जानलेवा बीमारियों से दूर रहने का अवसर मिलता है।



ग्राम पंचायत दौला में महा सफाई अभियान की शुरूआत करने से पहले ग्रामीणों को जागरुक करने के लिए निकाली गई रैली।

### अभियान में किस-किस का होगा सहयोग

**इस** अभियान में ग्राम पंचायत में बीडीपीओ, ग्राम सचिव, जेई, एसडीओ, पूर्व पंच व सरपंच, नंबरदार, आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन, मनरेगा में कार्य करने वाले कर्मचारी और मजदूर आदि सेवादार शामिल होंगे। अभियान से जुड़ने वाले सभी सरकारी व गैर सरकारी कर्मचारी, समाज सेवी तथा सामाजिक संगठनों से जुड़े नागरिक ग्रामीणों को अपने घर के बाहर सफाई व्यवस्था को बनाने से लेकर गंदा पानी जमा न होने देने, पेयजल आपूर्ति की लाइन से पानी की बर्बादी को रोकने, ग्राम पंचायतों में स्थापित चौपाल, सामुदायिक केंद्र और बारात घर आदि में भी सफ ाई व्यवस्था को बनाए रखने की जानकारी दी जा रही है।

### ये है महा सफाई का उद्देश्य

**इस** महा सफ ाई अभियान के माध्यम से ग्राम पंचायतों को प्लास्टिक पन्नियों से मुक्त करना। कूड़े व गंदी के ढ़ेरों का सफ ाई कराना, गांव में पेयजल आपूर्ति को शुद्ध बनाना, अपने घर के आंगन से लेकर सार्वजनिक स्थान व भवनों को गंदगी मुक्त बनाने का लक्ष्य होगा। सभी ग्राम पंचायत सचिवों से लेकर आशा वर्कर्स, पूर्व सरपंच व पंच और सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठनों के पदाधिकारी अपना योगदान दे रहे हैं।

**परमेन्द्र सिंह**
**(बीडीपीओ सोहना)**

# पंजाबी बिरादरी महा संगठन ने समाजसेवा को तैयार की विशाल टीम

## महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने चोटी पंचायत में कार्यक्रम में की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पंजाबी** बिरादरी महा संगठन द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में समाज के युवाओं की शक्ति और बुजुर्गों के अनुभव को महत्वपूर्ण मानते हुए रविवार को यहां महा संगठन की विशाल टीम की घोषणा की गई। महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने संस्था के सदस्यों से रायशुमारी करके इस टीम को तैयार किया है। टीम की घोषणा के साथ ही सभी पदाधिकारियों को अभी से ही बिरादरी, समाजहित में कार्य करने को प्रेरित किया गया।

यहां अपने संबोधन में प्रधान बोधराज सीकरी ने कहा कि संगठन का ध्येय प्रेम, सद्भाव, एकता और संस्कार है। उन्होंने कहा कि हमें संस्कृति और संस्कारों का समावेश करना है। युवा बिरादरी के बुजुर्गों के जीवन से आगे बढ़ने की प्रेरणा लें। बुजुर्गों ने किस तरह से खुद को यहां पर स्थापित किया है, वह आसान नहीं था। श्री सीकरी ने आगामी 17 अप्रैल को महा संगठन द्वारा बैसाखी महोत्सव मनाने की की घोषणा की। इस कार्यक्रम में करनाल से सांसद संजय भाटिया मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी पंजाबी विधायकों को भी आमंत्रित किया जाएगा।


गुरुग्राम में पंजाबी बिरादरी महा संगठन के कार्यक्रम में प्रधान बोधराज सीकरी का स्वागत करते समाज के अग्रणी लोग।

**इन्हें किया गया है महासंगठन की टीम में शामिल:** प्रधान बोधराज सीकरी के मुताबिक पंजाबी बिरादरी महा संगठन की टीम में सबसे ऊपर पूर्व मंत्री धर्मबीर गाबा, राजेश सूटा को रखा गया है। वे महा संगठन के एडवाइजर इन चीफ होंगे। इसी तरह से पैटर्न इन चीफ आरसी जुनेजा, पीके दत्ता, गिरिराज ढींगरा, चीफ पैटर्न कंवरभान वधवा, बीडी पाहुजा, डा. अशोक तनेजा, सुरेंद्र खुल्लर, तिलकराज मल्होत्रा, सीबी मनचंदा, सीनियर पैटर्न डा. त्रिलोक आहुजा, पीके आर्यन, धर्म सागर, सीएल शर्मा, सुभाष, चीफ एडवाइजर पीएन मोंगिया, कन्हैया लाल आर्य, बिशन दास चुटानी, सोमनाथ विरमानी, सोहन लाल गोगिया, सुभाष खरबंदा, सीनियर एडवाइजर रमेश तनेजा, विजय दीवान, प्यारे लाल वर्मा, लक्ष्मण पाहूजा, डीएन क्वात्रा, चंद्र नागपाल, सिंधवानी, एम कुमार, मेघराज बुद्धिराजा, रमेश कुमार, अनुराग बख्शी को शुभ चिन्तक एवं सेवा के लिए सदा तत्पर रहने का दायित्व दिया है। प्रधान बोधराज सीकरी ने आगे बताया कि वरिष्ठ उप-प्रधान ओमप्रकाश कथूरिया, उप-प्रधान प्रमोद सलूजा, यदुवंश चुघ, मोहित ग्रोवर, रमेश चुटानी, अनिल कुमार, रामकिशन गांधी, धर्मेंद्र बजाज, राजकुमार कथूरिया, सुभाष अदलखा, महामंत्री राम लाल ग्रोवर, संयुक्त महामंत्री सुभाष डुडेजा, कोषाध्यक्ष अश्वनी वर्मा, संयुक्त कोषाध्यक्ष संजय टंडन, मंत्री सुभाष गांधी, गौरी शंकर, अशोक आहूजा, रमेश कामरा, जीएन गोसाईं, जय दयाल, सह-सचिव विष्णु खन्ना, नरिंद्र कथूरिया, रविंद्र बजाज, यशपाल ग्रोवर, आंतरिक लेखा परीक्षक संदीप कुमार, सह-आंतरिक लेखा परीक्षक एसके बरेजा, कार्यकारिणी के सदस्य गुलशन अरोड़ा, महेश अरोड़ा, सतपाल नासा, गौरव कालरा, राजिंद्र गाबा, सुनील दत्त, विकास आर्या, हेमंत मोंगिया, चरणजीत अरोड़ा, राजेश गाबा, नितिन मलिक, हरीश कुमार, राजेश गाबा, मुनीश खुल्लर, सुनील कथूरिया, अशोक गेरा, एचएस मिगलानी, किशोरी डूडेजा, नरेश गुरेजा, जगदीश डुडेजा, अशोक नासा, वरिष्ठ कानूनी सलाहकार संयोजक सुभाष ग्रोवर, केके गोस्वामी, बलदेव सतीजा, राजेश गिरोत्रा, गुलशन अरोड़ा, नितिन टुटेजा हिमांशु खुराना को दायित्व दिया गया है।

# पति के धोखा देने पर न्याय को भटक रही महिला

**कविता।** फरीदाबाद

**पल्ला** के शास्त्री कालोनी में एक व्यक्ति ने अपने प्रेमजाल में फंसाकर युवती से 28 दिसंबर 2020 को शादी कर ली। एक साल बाद महिला नौ माह की गर्भवती हुई तो एक अन्य महिला ने फोन कर उस व्यक्ति की पत्नी होने का दावा किया। पीड़िता ने आरांपी पति संदीप से पूछताछ की तो आरोपी ने मारपीट कर 52 हजार रुपये और बाइक लेकर 20 जनवरी को पहली पत्नी और बेटी के साथ फरार हो गया।

पुलिस से शिकायत करने पर आरोपी के परिजनों ने 12 फरवरी को आने का वायदा किया। लेकिन नहीं आए। वहीं पीड़िता ने एक बच्चे को जन्म दिया, लेकिन बच्चे की हालत नाजुक है। गतदिवस बिजली कट के दौरान बच्चों को रेफर करने के बाद अस्पताल ने दोबारा दाखिल करने से इनकार कर दिया था। लेकिन डॉ. राजेश धीमन की मदद से बच्चें को देर रात दाखिल किया गया।

### डिलीवरी के बाद बच्चे की हालत गंभीर, भर्ती करवाने में आई परेशानी

### 12 फरवरी को पुलिस को दिया था आने का वायदा, अब है फोन बंद

**हो गई परेशानी:** 23 वर्षीय पीड़िता फिलहाल शहर के बादशाह खान सिविल अस्पताल में भर्ती अपने बच्चे के लिए परेशान है। यहां भर्ती बच्चे को लाइट जाने पर निजी अस्पताल भेज दिया था। जहां रात तक भर्ती करने के लिए उससे पांच हजार रुपये ले लिए गए। रात को बीके में वापस आने पर उसे चिकित्सकों ने भर्ती करने से साफ इंकार कर दिया। जिस पर महिला के पिता ने बताया कि सुबह यहीं से निजी अस्पताल भेजा गया था तो चिकित्सक ने उससे कहा कि जिसने भेजा था, उन्हीं से यहां भर्ती करवाना। हम यहां से रेफर करेंगे, भर्ती नहीं कर सकते। जिस पर पीड़ितों ने 12 फरवरी की रात को दस बजे डॉ. राजेश धीमन से मदद मांगी। जिन्होंने ड्यूटी डॉक्टर को बोलकर बच्चे को भर्ती करवाया।



बीके अस्पताल में बच्चों की नर्सरी के बाहर की फोटो।

**नहीं आया कोई:** वहीं दूसरी तरफ पल्ला थाना में दर्ज एफआईआर के बारे में जब पायनियर संवाददाता की तरफ से पता किया गया तो पता चला कि एएसआई अनीता केस देख रही है। एएसआई अनीता ने बताया कि महिला की डिलीवरी के बाद एक लड़का हुआ है। उसके सुसराल पक्ष से बात की गई थी। उन्होंने 12 फरवरी को आने का कहा था, लेकिन आरोपी पक्ष से 13 फरवरी तक कोई नहीं आया है। ऐसे में पुलिस सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई आरोपियों के खिलाफ करेगी, क्योंकि आरोपियों ने महिला के साथ धोखा किया है। वहीं पुलिस को भी समय देकर थाने नहीं आए।

# संत रविदास ने मानव जाति को जगाने का काम किया : केंद्रीय मंत्री गुर्जर

### कहा, संत रविदास जयंती के अवसर पर हम सभी को आपसी भाईचारे को बनाते हुए एकता का संकल्प लेना होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**केंद्रीय** ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने रविवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर दयालपुर गांव से जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए महा-स्वच्छता अभियान की शुरुआत की।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए केंद्रीय राज्य मंत्री ने ग्रामीणों को संत रविदास जयंती की बधाई देते हुए कहा कि आज हमें संत रविदास जैसे महापुरुष के जीवन से प्रेरणा लेते हुए एकता व भाईचारे को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि आज से हमें स्वच्छता के संकल्प को भी और मजबूत करते हुए आगे बढ़ाना है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि संत रविदास जी का जन्म माघ पूर्णिमा के दिन 1376 ईस्वी को उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर के गोवर्धन गांव में रविवार के दिन हुआ था। इसलिए उनके माता-पिता ने उनका नाम रविदास रखा।


महा स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करने पहुंचे नेताओं का स्वागत करते ग्रामीण।

उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि का जन्म ऐसे समय में हुआ था जब उत्तर भारत में मुगलों का शासन था। चारों और अत्याचार, गरीबी, भ्रष्टाचार तथा अशिक्षा का बोलबाला था। संत रविदास जी ने मानव जाति को जगाने का काम किया। संत रविदास कहते थे कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। भला किसी का कर ना सको तो बुरा किसी का मत करना। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने जिला के ऐतिहासिक गांव दयालपुर में संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में महा स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में गुरु संत रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित भी किए। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के ग्रामीण आंचल में जिला स्तरीय महा स्वच्छता अभियान की शुरुआत ऐतिहासिक गांव दयालपुर से की जा रही है और यह गांव स्वच्छता में अन्य गांवों के लिए मिसाल है।

उन्होंने कहा कि दयालपुर गांव में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ठोस कचरा प्रबंधन यूनिट का निर्माण किया जा चुका है। तरल कचरा प्रबंधन के तहत तालाबों का नवीनीकरण किया जा रहा है। यह परियोजना 75.87 लाख रुपये धनराशि खर्च की जाऐंगे। जिसमें अभी तक 51.45 लाख रुपये की धनराशि कार्यकारी अभियंता पंचायती राज के माध्यम से खर्च किए जा चुके हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने लोगों से अपील की है कि वे अपने घर के आगे से सफाई रखने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत स्वच्छ ग्रामीण अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो अक्टूबर 2014 को अभियान चलाया था। जिसका असर आज समाज में देखने को मिल रहा है। निश्चित तौर पर गांधी जी का वह सपना साकार कर पाएंगे। दयालपुर गांव के सरपंच निशांत हुड्डा, पूर्व विधायक राजेंद्र विसला ने केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर को पगड़ी बांध कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जेजेपी के राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर राजाराम, पूर्व विधायक राजेंद्र बिसला, अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर सिंह मान, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोकचंद, कार्यकारी अभियंता पंचायती राज गजेन्द्र सिंह, डीडीपीओ राकेश मोर सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# युवाओं को रोजगार दिलाने का करुंगा हरसंभव प्रयास


गांव दुधौला में आयोजित महा पंचायत में शिरकत करते हरियाणा भंडारण निगम के चेयरमैन एवं पृथला के विधायक नयन पाल रावत व ग्रामीणजन।

**फरीदाबाद।** गांव दूधौला स्थित विश्वकर्मा यूनीवर्सिटी में नौकरियों व दाखिलों में रिर्जेवेशन को लेकर अब ग्रामीण लामबंद होने लगे है। इसी कड़ी में ग्रामीणों ने एक महापंचायत का आयोजन किया। जिसमें यूनीवर्सिटी में अभी तक एक भी ग्रामीण को नौकरी नहीं मिलने पर नाराजगी जताई गई। इस महापंचायत में विधायक नयनपाल रावत भी पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों की बातों को ध्यान पूर्वक सुना।

ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि देश की पहली स्किल यूनीवर्सिटी के लिए ग्राम पंचायत ने लगभग 90 एकड़ जमीन फ्री में सरकार को देने पर सरकार ने ग्रामीणों से उनके बच्चों को नौकरी व कॉलेज में दाखिलों में रिजर्वेशन देने का वादा किया था, लेकिन अभी सरकार ने इस वायदे को पूरा नहीं किया है। उन्होंने बताया कि श्री विश्वकर्मा स्किल यूनीवर्सिटी में अपने बच्चों को ग्रुप सी और डी की नौकरी दिलाने के लिए उन्होंने विधायक नयनपाल रावत के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

वही ग्रामीणों ने बताया कि पहले उनके बच्चे पंचायत की जमीन को पट्टे पर लेकर खेती-बाड़ी करते थे और घर का पालन पोषण हो जाता था लेकिन अब जमीन भी विश्वकर्मा स्किल यूनीवर्सिटी को दे दी है तो उनके लिए रोजगार का संकट भी पैदा हो गया है लेकिन सरकार ने उनसे वादा किया था और अभी तक एक भी बच्चा उनका नौकरी पर नहीं लगा है, जिसको लेकर उन्होंने पिछले दिनों मुख्यमंत्री के नाम विधायक नयनपाल रावत को ज्ञापन भी सौंपा था।

# निगमायुक्त ने लिया मेगा सफाई अभियान का जायजा



संत गुरु रवि दास की जयंती पर आयोजित मेगा सफाई अभियान के तहत लोगों को जागरुक करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर हरियाणा भंडारण निगम के चेयरमैन एवं विधायक नयन पाल रावत व अन्य लोग।

**फरीदाबाद।** निगमायुक्त यशपाल यादव ने प्रदेश सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार संत गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष में 13 फरवरी से 20 फरवरी तक मेगा स्वच्छता अभियान चलाये जाने को लेकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार को निगम अधिकारियों से विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की थी। इस मौके पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग में अतिरिक्त निगमायुक्त, संयुक्त आयुक्त एनआईटी, बल्लभगढ़, मुख्य अभियन्ता-1 और 2 (बागवानी), अधीक्षण अभियन्ता-1 और 2 तथा स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

प्रदेश सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार संत रविदास की जयंती के उपलक्ष्य में आज 13 फरवरी को सभी वार्डों में में सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने भी अपना पूरा सहयोग दिया। इसमें हर वार्डों में खत्तों, नाले-नालियों, रोड वर्म्स, पार्कों व सड़कों की सफाई की गई। इसके अतिरिक्त निगम क्षेत्र में जो नये गांव सम्मिलित हुए हैं।

# रहस्यमय हालत में महिला की मौत दहेज हत्या का लगाया आरोप

### परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**रहस्यमय** परिस्थितियों में सुनीता नामक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। आरोपी ससुराल पक्ष दहेज में कार की मांग कर रहा था। आरोपियों ने मृतका के परिजनों को तबीयत खराब होने की सूचना देकर पहले पलवल फिर फरीदाबाद के निजी अस्पताल में बुलाया। जब परिजन पहुंचे तो वहां ससुराल पक्ष से पति के अलावा कोई नहीं था। कुछ समय बाद ही महिला की अस्पताल में मौत हो गई। पीड़ितों ने मृतक के पति पर अवैध संबंध का आरोप भी लगाया है।


बीके अस्पताल की मोरचरी के बाहर खड़े मृतक सुनीता के परिजन।

### यह है पूरा मामला

**पलवल** निवासी मृतका के परिजनों का कहना है कि सुनीता और उसकी छोटी बहन सीमा की शादी पलवल में हुई थी। शादी के दौरान उन्होंने अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था, लेकिन आरोपी कार की मांग कर रहे थे। सुनीता पिछले दो महीने से मायके आई हुई थी। उसका पति उसके साथ मारपीट करता था। जिस कारण ससुर के समझाने पर सुनीता रविवार को ससुराल गई। उसके बाद उससे बात नहीं हो पाई। भाई द्वारा सम्पर्क करने सुनीता ने बताया कि पति ने उसका फोन छीन लिया है। ऐसे में उन्होंने उसकी छोटी बहन सीमा के जरिये उससे बातचीत शुरू कर दी। लेकिन रात को दस बजे महेश के ताऊ के लड़के का फोन आया कि उसकी तबियत खराब है, अस्पताल ले जा रहे है। जिस पर वह पलवल पहुंचे और अस्पताल का नाम पूछने के लिए फोन किया, तो उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के निजी अस्पताल में रेफर कर दिया है। जब वह सर्वोदय अस्पताल पहुंचे, तो वहां सुनीता के साथ पति के अलावा कोई नहीं था। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। आरोप है कि महेश सुनीता से कार की डिमांड कर रहा था। सुनीता की मौत के जिम्मेदार उसके ससुराल वाले हैं।

# त्रिखा ने किया सिलाई-कढ़ाई केंद्र का उद्घाटन

**फरीदाबाद।** महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन के तत्वावधान में एसजीएम नगर ए ब्लॉक में असमर्थ परिवारों के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा देकर नियमित सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलाने के उद्देश्य से महावीर शिक्षा संस्थान की स्थापना की गई तथा महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई में कौशल विकास के लिए महावीर सिलाई-कढ़ाई केंद्र की स्थापना की गई।

इनका विधिवत उद्घाटन फरीदाबाद के जाने-माने अधिवक्ता अश्विनी त्रिखा के कर-कमलों से किया गया। इससे पहले इनके कार्यों में सफलता मिले इसके लिए प्रात: 9 बजे हवन-यज्ञ कर महाप्रभु से प्रार्थना की गई जिसकी मेजबानी जितेंद्र-हर्ष अरोड़ा, सुनील-अर्चना एवं एसएन त्यागी-मुनेश ने की। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता लक्ष्य इंटरप्राइजेज के मालिक जितेंद्र अरोड़ा ने की और अपनी ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय नेत्रहीन संगठन हरियाणा राज्य शाखा के महासचिव हेमसिंह यादव उपस्थित थे।

# एमटीपी किट बेचते झोलाछाप समेत दो गिरफ्तार

### झोलाछाप 1500 में और मेडिकल स्टोर संचालक बेच रहा था 1000 रुपये में एमटीपी किट

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक झोलाछाप डॉक्टर और उसके द्वारा बताए गए एक मेडिकल स्टोर संचालक को एमटीपी किट बेचते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ टीम ने मामला दर्ज करवा दिया है। फिलहाल मेडिकल स्टोर संचालक से सप्लायर के बारे में पूछताछ की जा रही है।

**ऐसे पकड़े दोनों आरोपी:** स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मान सिंह ने बताया कि जिला सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता को सूचना मिली कि एक झोलाछाप चिकित्सक एमटीपी किट बेच रहा है। जिस पर उन्होंने डॉ. हरजिन्द्र, डॉ. मान सिंह समेत चार डॉक्टरों की टीम को मौके पर भेज दिया। जहां उन्होंने भारत कालोनी के गुर्जर चौक पर मौजूद भारत क्लीनिक पर झोलाछाप डॉ. कमल के पास एक नकली ग्राहक भेज दिया। झोलाछाप डॉक्टर ने नकली ग्राहक को 1500 रुपये में एमटीपी किट दे दी।


स्वास्थ्य विभाग की टीम की गिरफ्त में भारत क्लीनिक का झोलाछाप डॉक्टर।


मेडिकल स्टोर, जिस पर एमटीपी किट बेचने का है आरोप।

आरोपी को टीम ने मौके पर पहुंच कर नम्बर नोट किए हुए 1500 रुपयों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर वह झोलाछाप चिकित्सक निकला। उसने पूछताछ में टीम को बताया कि वह यह एमटीपी किट सेक्टर-56 स्थित दिलीप कालोनी में मौजूद अमित मेडिकल स्टोर से लाता है। जिस पर टीम ने स्टोर संचालक के पास भी नकली ग्राहक भेजा तो आरोपी ने एक हजार रुपये में किट टीम द्वारा भेजे गए नकली ग्राहक को दे दिया। तभी टीम ने मेडिकल स्टोर पर छापा मार दिया और जांच की।

जहां से एमटीपी किट और नम्बरी नोट बरामद हो गए। ऐसे में आरोपियों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। आरोपियों पर मामला दर्ज करवा दिया है। वहीं मेडिकल स्टोर संचालक से भी पुछताछ की गई कि वह आखिर यह किट कहां से लाता है। जिस पर उसने एक सप्लायर के बारे में बताया है। डॉ. मान सिंह का कहना है कि आरोपी सप्लायर को भी जल्द ही काबू कर लिया जाएगा।

# जागरुकता से मिर्गी से बचाव सम्भव : डॉ. रोहित

**फरीदाबाद।** एपिलेप्सी या मिर्गी का अब कोई लाइलाज बीमारी नहीं रही। इसका अस्पतालों में पूरा इलाज उपलब्ध है। यह कहना है नीलम चौक स्थित एस्कोर्ट फोर्टिस अस्पताल के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डॉ. रोहित गुप्ता का। उन्होंने कहा कि मिर्गी की बीमारी को लेकर लोगों में कई तरह की भ्रांतियां फैली हुई है। इनको दूर कर लोगों में मिर्गी के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 14 फरवरी को विश्व मिर्गी दिवस मनाया जाता है।

मिर्गी के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए डॉ. रोहित गुप्ता ने बताया कि विश्व में हर साल 7 करोड़ लोग मिर्गी से ग्रस्त होते हैं, वहीं देश भर में लगभग डेढ़ करोड़ मिर्गी के रोगी हैं। हर वर्ष देश में 6 से 7 लाख नए रोगी आते हैं। एस्कोर्ट अस्पताल की बात करें तो यहां साल भर में करीब 100 मिर्गी के मरीज आते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों में मिर्गी को लेकर सबसे बड़ी भ्रांति यह है कि एक बार हो जाने पर इसका कभी इलाज नहीं हो सकता, लेकिन ऐसा नहीं होता है। मिर्गी लाइलाज नहीं है। दवाइयों की मदद से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। मिर्गी की दवा का पूरा कोर्स करना चाहिए। यह दवा तीन से पांच साल चलती है। लेकिन अक्सर लोग परेशानी कम होते ही दवा खाना बंद कर देते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए।डॉ. रोहित ने बताया कि दिमाग में चोट लगने, किसी प्रकार के संक्रमण होने, न्यूरोसिस्टिसरकोसिस (दिमाग में कीड़ा) होने, पक्षाघात होने या फिर किसी प्रकार के आनुवंशिक बीमारी की वजह से व्यक्ति को मिर्गी की बीमारी हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### 16 साल से फरार इनामी हत्यारोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा वांछित अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करके जेल भेजने के दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 30 प्रभारी रविंद्र कुमार की टीम ने हत्या के मुकदमे में 16 साल से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम बबलू है, जो उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ थाना सारण में वर्ष 2000 में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। उस समय आरोपी की उम्र करीब 20 वर्ष थी। इस मामले में आरोपी का साथी कुछ साल सजा काटने के पश्चात बरी हो गया वहीं 6 वर्ष सजा काटने के पश्चात आरोपी बबलू जमानत पर बाहर आ गया परंतु बाहर आने के बाद वह कभी दोबारा अदालत में हाजिर नहीं हुआ। इसके लिए अदालत ने 25 जनवरी 2022 को आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश करने के निर्देश दिए। अदालत के आदेशों के तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए 30 की टीम ने गुप्त सूत्रों की सहायता से आरोपी के कई ठिकानों पर रेड की परंतु गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी जगह बदल बदल कर फरारी काटने लगा। कड़ी मशक्कत करने के पश्चात अंतत: आरोपी को उसके अलीगढ़ में उसके ससुराल से गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया गया जहां से उसे दोबारा जेल भेज दिया गया है।

### तू रोवे गीत देगा लोगों को नई सीखः अमित

**फरीदाबाद।** टीमवर्क जब बखूबी तरह से किया जाता है, तब उसके काम का शोर दूर दूर तक अपनी मौजूदगी दर्ज करता है, इन्ही शब्दों को सार्थक किया है प्रोड्यूसर शरद चौधरी और दीपक त्रिपाठी ने। आज इन्हीं के द्वारा तू रोवे नामक बॉलीवुड गीता का पोस्टर व ट्रेलर लॉचिंग समाराहे सेक्टर-17 में किया गया। इस गीत के सिंगर अमित मुटरेजा है, जिन्होंने बॉलीवुड के कई प्रसिद्ध गानों के साथ-साथ कई टीवी सीरियल्स, एड फिल्मस, में अपनी धमाकेदार आवाज दी है। अमित मुटरेजा से बातचीत के दौरान के दौरान उन्होंने इस गीत के बारे में यह खुलासा किया कि यह गीत लोगों की जिन्दगी में एक नई बात को रखता है, आजकल लोग रिश्तों को जरा से कंफ्यूजन की वजह से छोड़ देते है, यह वाकई गलत है, अमित ने कहा कि यह गीत एक नई सीख को लिए हुए अपनी बात रखता है, अत: इस गीत को जरूर सुने, गीत को लिखा है जाने-माने शायर कवि जनाब वसीम काजी द्वारा, गीत को संगीत से सजाया गया है, बॉलीवुड में अब तक हजारों गीतों को संगीत में सजाने वाले संगीतकार संजय राय द्वारा गीता निर्देशन कार्य अमित विकास पटेल द्वारा किया गया है।


गायक अमित मुटरेजा पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

### मतदाता पहचान पत्र बनवाने के शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद।** सेक्टर 16 स्थित गुरुद्वारा सुखमनी भवन में रविवार को मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिन्होंने नवयुवकों को मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सैकड़ों युवाओं ने जहां नए मतदाता पहचान पत्र बनवाए वहीं कुछ मतदाताओं ने अपने मतदाता पहचान पत्र की त्रुटियों को सही करवाया। इस अवसर पर अजरौंदा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह साहनी, सेवादार टोनी पहलवान, दिनेश छाबड़ा, चरणसिंह जौहर, अनिल अरोड़ा, जसबीर सिंह, सुरेंद्र सांगा, तेजिंद्र सिंह चड्ढा, सर्वजीत सिंह चौहान, नरेश शोरान, मुकेश सिंह, अशोक जिंदल, अनुराग गर्ग के साथ ही वोटर शिविर स्टाफ चाहत मिगलानी, मोनिका कौशिक, मोनू कौशिक व अभिषेक मित्तल विशेष रूप से नवयुवकों के मतदाता पहचान पत्र बनवाने तथा मतदाता सूची में दर्ज अशुद्धियों को दुरुस्त करने में सक्रिय रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में वोट का एक अपना ही महत्व है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में सरकार बनाने में सबसे बड़ी भूमिका आम जनता यानी मतदाताओं की होती है। मतदान करना हर जिम्मेदार नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है। इसलिए 18 वर्ष के हो चुके सभी युवा लडक़े-लड़कियों को अपनी वोट अवश्य बनवानी चाहिए तथा मतदाता पहचान पत्र हासिल करना चाहिए। वहीं आयोजक अजरौंदा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह साहनी तथा सेवादार टोनी पहलवान ने शिविर में उपस्थित सभी का स्वागत करते हुए कहा कि मतदाता पहचान पत्र का इस्तेमाल केवल वोट डालने के लिए ही नहीं बल्कि अन्य कार्यों में अपनी पहचान बताने के लिए होता है। उदाहरण के तौर पर बैंक में खाता खोलने, मोबाइल का प्रीपेड या पोस्टपेड कनेक्शन लेने व कार फाइनेंस आदि। मतदाता पहचान पत्र सरकार द्वारा नि:शुल्क बनाया जाता है इसलिए भारत का वह नागरिक जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक है वह अपना वोटर आई कार्ड अवश्य बनवाए।



### ग्रेटर फरीदाबाद की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन



सेक्टर 29 पुल के पास बाई पास रोड पर प्रदर्शन करते नहर पार की कोलोनीवासी।

**फरीदाबाद।** शहर की मूलभूत समस्याओं को लेकर जनता में आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। नहरपार स्थित गड्ढा कॉलोनी, करुणा कॉलोनी और भोपाल कॉलोनी के लोगों ने आगरा नहर के पुल पर जाम लगा कर अपना रोष प्रदर्शन किया। सेव फरीदाबाद संस्था के नेतृत्व में इन कॉलोनियों से सैंकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित हुए व सरकार और प्रशासन के खिलाफ जैम कर नारेबाजी की। गड्ढा कॉलोनी की निवासी पायल राघव ने बताया कि यहाँ कि हालत इतनी दयनीय हो चुकी है कि अब रिश्तेदारों को घर बुलाने में भी शर्म आती है। जगह जगह जानलेवा गड्ढे हुए पड़े हैं और बरसात के दिनों में इस क्षेत्र में घरों से बाहर निकलना नामुमकिन है। गड्ढा कॉलोनी के ही विजय प्रधान ने कहा कि बच्चे, महिलाएं व बुजुर्ग सभी यहां नरक जैसी स्थिति में जी रहे हैं और घरों में कैद हैं क्योंकि खुले सीवर, बिजली की नंगी तारों और सड़क के गहरे गड्ढों की वजह से कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है। जिसमें किसी की जान भी जा सकती है। सेव फरीदाबाद संस्था के अध्यक्ष पारस भारद्वाज ने फरीदाबाद के सांसद, विधायकों और प्रशासन को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि पिछले 5 सालों में प्रदेश सरकार से 10000 करोड़ रुपया आया जिसका हिसाब जनता मांग रही है। अमृत स्कीम के तहत जो सीवर और पानी की लाइंस डाली गयी। वो काम लगभग 70 प्रतिशत अधूरा पड़ा है। इंदिरा काम्प्लेक्स निवासी अरुण यादव का कहना था कि आने वाले निगम चुनावों में जनता मौजूदा पार्षदों और सत्ताधारी नेताओं को गलियों में घुसने नहीं देगी। पूर्ण रूप से बहिष्कार करेगी क्योंकि अब और बर्दाश्त करना यहाँ के निवासियों के बस की बात नहीं है।

# हिजाब विवाद
## संबंधित मुद्दे

**हिजाब** विवाद ने अनेक अन्य संबंधित मुद्दे तथा महत्वपूर्ण सवाल उजागर किए हैं। कर्नाटक का हिजाब विवाद अब स्थानीय कालेज का मुद्दा नहीं रहा। यह एक राज्य का मुद्दा भी नहीं है। इसके स्पष्ट रूप से सांप्रदायिक परिणाम देश भर में देखे जा रहे हैं। इसने संवैधानिक स्वतंत्रताओं तथा अधिकारों पर महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं तथा व्यक्तिगत पसंद के अधिकारों पर राज्यों समेत अन्य द्वारा लगाए नियंत्रणों को भी सवालों के घेरे में लिया है। इस मुद्दे का निर्णय करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय एकमात्र मंच है जिसके असर स्वतंत्रता, समाज और कानून पर पड़ेंगे। इस समय पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, देश वैश्विक महामारी के बाद सामान्य स्थिति में वापस लौट रहा है और लाखों की संख्या वाला छात्र समुदाय परिसरों में लौटने की तैयारी कर रहा है जिनमें उसने आखिरी बार 2020 में प्रवेश किया था। इनमें से कोई इस प्रकार की विकृति झेलने के लिए तैयार नहीं है। मामले की शुरुआत अचानक दिसंबर में हुई जब अचानक कर्नाटक के एक कालेज के सर्कुलर में हिजाब पहने छात्राओं को कक्षाओं में जाने से रोक दिया गया। कुछ अन्य कालेजों ने भी प्रतिबंध लगाया। हिजाब के बारे में अत्यधिक भ्रम की स्थिति है। क्या यह सिर पर बांधने वाला कपड़ा है? क्या यह घूंघट है? जवाब के लिए धार्मिक पाठ खोजे गए, कानूनों की खोज हुई तथा उनके अर्थों की व्याख्या हुई। इसके जवाब में प्रदर्शन हुए। राजनीतिक रूप से प्रेरित नौजवानों ने कालेज परिसरों में भगवा पगड़ियां और शाल पहन कर प्रवेश किया। इससे पैदा गुस्सा शांत करने के बजाय कर्नाटक सरकार ने एक आदेश जारी कर प्रतिबंध आदेश का समर्थन किया। इस प्रकरण में लड़कियों की पसंद का अधिकार अनदेखा कर दिया गया। प्रदर्शन बढ़ कर अन्य शहरों में पहुंच गए



जिसके परिणामस्वरूप पुलिस से कई स्थानों पर झड़पें हुईं। सोशल मीडिया ने फौरन मुद्दे को पूरे देश में पहुंचा दिया। कम से कम एक अन्य राज्य ने भी हिजाब पर प्रतिबंध लागू कर दिया। संसद का ध्यान भी इस मुद्दे पर गया और प्रधानमंत्री ने भी इसका संदर्भ दिया। मामला कर्नाटक उच्च न्यायालय पहुंचने पर इसे एक बड़ी पीठ को सौंप दिया गया। अदालत ने एक अंतरिम आदेश में अंतिम आदेश आने तक छात्रों से धार्मिक कपड़े न पहनने पर जोर दिया है। इस आदेश के खिलाफदरवाजा खटखटाने पर सर्वोच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप नहीं किया, बल्कि कहा कि वह पूरे मामले पर गहराई से नजर रखे है। धर्म संबंधी एक अन्य मामले पर विचार कर रहे मद्रास उच्च न्यायालय ने आश्चर्य प्रकट किया कि 'कोई हिजाब के पीछे चल रहा है और कोई धोती के पीछे चल रहा है।' अब यह मुद्दा केवल हिजाब का नहीं है। इसका संबंध सिख 'पटके', हिंदू 'बिंदी', आदि से भी है। इसके कारण वर्तमान समय में वैध सभी संवैधानिक स्वतंत्रताओं व अधिकारों की व्याख्या होगी तथा धर्म व धार्मिक व्यवहारों की पसंद पर शर्तें लगेंगी। इस संबंध में उच्च न्यायालयों के हर फैसलों पर गौर किया जा रहा है। कालेज में टकराव को संवैधानिक स्वतंत्रताओं, शिक्षा बनाम सार्वजनिक व्यवस्था तथा धर्म बनाम निजता के तौर पर देखा जा रहा है। यदि कर्नाटक उच्च न्यायालय अगले सप्ताह सिर ढकने के लिए हिजाब के बजाय 'दुपट्टे' का आदेश जारी कर देता है तो क्या होगा? इस विवाद का कोई अंत नहीं है। 'सकारात्मक सेक्युलरवाद' पर एक राष्ट्रीय बहस जारी है जिसका अर्थ सभी धार्मिक व्यवहारों के सार्वजनिक प्रदर्शन की अनुमति है, जबकि 'नकारात्मक सेक्युलरवाद' का अर्थ इन सब पर प्रतिबंध लगना है। ऐसे में देश के सर्वोच्च न्यायालय को व्यक्तिगत स्वतंत्रता एवं पसंद के अधिकार की संवैधानिक पवित्रता की पुन: पुष्टि करनी चाहिए ताकि कानून राजनीतिक तर्क का बंधक न बने।

# राष्ट्रीय गौरव पर उद्योग को वरीयता

**जब कोई लोकतांत्रिक देश किसी तानाशाही सरकार के खिलाफ नैतिक या संप्रभु दृष्टिकोण अपनाता है तो अक्सर उसके व्यापारिक इंजन इसमें ब्रेक लगा देते हैं।**



**भूपिंदर सिंह**
लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



यूरोपीय संघ-ईयू तथा उत्तर एटलांटिक संधि संगठन-नाटो यूक्रेन मामले पर कठोर निर्णय नहीं ले पा रहे हैं, जबकि इनमें 27 ईयू देशों में से 21 शामिल हैं। उनके अनिर्णय का कारण मूलत: व्यापार संबंधी मुद्दों पर मतभेद है। जर्मनी ने खुलेआम रूसी आक्रामकता के खिलाफअन्य यूरोपीय देशों के साथ खड़े होने में हिचक दिखाई है और यहां तक कि इस एकजुटता को हतोत्साहित भी किया है। इसका कारण यह है कि जर्मनों की अरबों डालर की गैस पाइपलाइन-नार्ड स्ट्रीम 2 दांव पर लगी है। ऊर्जा स्रोत के रूप में रूस पर उसकी निर्भरता वर्तमान समय में 'बहुत विश्वसनीय' है।

जर्मनी की सड़कों पर किए जाने वाले जनमत सर्वेक्षणों में भी रूस के खिलाफ कठोर दृष्टिकोण अपनाने का विरोध किया गया है। इस दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप रूस के खिलाफ नाटो की दृढ़ता और क्षमता प्रभावित होती है। इस प्रकार मूलत: नैतिक या संप्रभु दृष्टिकोण पर व्यापार की विजय होती है। लेकिन यूरोपीय संघ के समक्ष एक और मुद्दा अपने एक सदस्य देश लिथुआनिया की रक्षा करना भी है जिस पर व्यापार के मामले में चीन निशाना लगा रहा है। चीन इस मामले में सभी प्रकार के माध्यमों का आक्रामक प्रयोग कर रहा है। वह इस तरीके से दूसरे देशों पर हमला करने के लिए व्यापार का 'आयुधीकरण' भी करता है। चीन ने सीधे-सीधे लिथुआनिया पर निशाना लगाते हुए उसके आयातों को बंद किया है। पिछले साल के इसी महीने की तुलना में दिसंबर में आयातों में 91 प्रतिशत की गिरावट आई है। जैसी कि उम्मीद थी, चीन ने अविश्वसनीय रूप से 'भेदभावपूर्ण व्यवहारों' से इनकार किया है तथा आयात में भारी गिरावट का कारण 'तकनीकी मुद्दों' को बता दिया है। याद करें की इसी प्रकार के 'तकनीकी मुद्दों' की आड़ में चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद-यूएनएससी में पाकिस्तानी आतंकी मसूद अजहर को वैश्विक आतंकी घोषित करने पर वीटो लगा दिया था।

हालांकि, यूरोपीय संघ इस मुद्दे पर चीन की जिद से गुस्से में भरा है और उसने मामला विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ में ले जाने का फैसला किया है। संभवत: यूरोपीय संघ ने समझ लिया है कि लिथुआनिया की अखंडता सुरक्षित रखने के लिए उसकी कारगर 'एकजुटता' जरूरी है। संभव है कि थोड़े ही समय में किसी अन्य सदस्य देश को नैतिक दृष्टिकोण अपनाने के कारण चीन से बदले की कार्रवाई का सामना करना पड़े।

1.4 बिलियन जनसंख्या वाले चीन के मुकाबले 3 मिलियन से भी कम जनसंख्या वाले लिथुआनिया का संघर्ष इस प्रकार महाकाय डेविड व बौने गोलियथ की लड़ाई जैसा है। उसे बीजिंग के गुस्से का सामना चीन गणराज्य-ताइवान द्वारा अपनी राजधानी विलिनस में प्रतिनिधि कार्यालय खोलने की अनुमति के कारण झेलना पड़ रहा है। इस घटना से 'एक चीन सिद्धान्त' को धक्का लगा जिसे चीन पूरी ताकत से बनाए रखना चाहता है और इसी कारण वह लिथुआनिया के खिलाफ आगबबूला है। जल्द ही चीन ने लिथुआनिया से अपना राजदूत वापस बुला लिया और उस पर दबाव डाला कि वह भी चीन से अपना राजदूत वापस बुला ले। प्रतीकात्मक रूप से उसने दूतावास का दर्जा घटा कर चार्ज डी अफेयर्स कर दिया है। हालांकि, लोकतांत्रिक लिथुआनिया और तानाशाही चीन के बीच टकराव पिछले कुछ समय से ही उभर रहा था जब लिथुआनिया ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद-यूएनएचसीआर में हांगकांग राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का विरोध किया था। इसके अलावा

> **चीन की अनैतिकता पर सवाल उठाने वाली राष्ट्रीय नीतियों पर व्यापार संबंधी चिन्तायें भारी पड़ रही हैं। तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि लोकतंत्रों में 'उद्योग' द्वारा जनता की राय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की जाती है। इसके उलट यथास्थितिवादी या तानाशाही देशों में एक सीमा से अधिक व्यक्तिगत राय की चिन्ता नहीं की जाती।**

उसने उइगुरों के खिलाफनरसंहार पर प्रस्ताव पास किया था, चीन में मानवाधिकार उल्लंघनों पर चिन्ता जताई थी तथा शीत ओलम्पिक में भाग लेने से इनकार कर दिया था। चीन और लिथुआनिया के बीच 6,000 किलोमीटर दूरी होने के कारण चीन का यह हमला व्यापार के रूप में आया है और इस प्रकार के अघोषित व्यापार प्रतिबंधों का उस पर भारी प्रभाव पड़ा है। यहां भी चीन के खिलाफ ज्यादा आक्रामकता न दिखाने की लिथुआनिया को सलाह देने वाला जर्मनी पहला देश था। जर्मन चैंबर आफ कामर्स को भय था कि जर्मन स्वामित्व वाली फैक्ट्रियां चीनी निशाने पर आ सकती हैं। व्यापार के माध्यम से चीनी हमले के बाद हालिया जनमत सर्वेक्षणों ने दिखाया है कि आश्चर्यजनक रूप से केवल 13 प्रतिशत लिथुआनिया वासी चीन के खिलाफ कठोर दृष्टिकोण अपनाने के पक्ष में हैं तथा बहुत भारी संख्या में जनता ने अपनी सरकार के दृष्टिकोण का विरोध किया है।

इस प्रकार एक बार फिर चीन की अनैतिकता पर सवाल उठाने वाली राष्ट्रीय नीतियों पर व्यापार संबंधी चिन्तायें भारी पड़ रही हैं। इस प्रकार मास्को या बीजिंग में तानाशाही सरकारों के खिलाफ लोकतंत्रों की उल्लेखनीय कमजोरियां यूक्रेन व लिथुआनिया के मामले में स्पष्ट हो रही हैं। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि लोकतंत्रों में 'उद्योग' द्वारा जनता की राय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की जाती है। इसके उलट यथास्थितिवादी या तानाशाही देशों में एक सीमा से अधिक व्यक्तिगत राय की चिन्ता नहीं की जाती है और वहां 'राज्य' तथा 'उद्योग' के बीच संबंध अदृश्य होने के बावजूद अक्सर मजबूत होते हैं। इसके कारण यथास्थितिवादी देश व्यापार या 'उद्योग' जैसे बहुआयामी हथियारों का प्रयोग एकजुटता व पूरी क्षमता के साथ संप्रभु हथियार के रूप में करते हैं। लेकिन लोकतंत्रों में 'उद्योग' और उससे जुड़े तत्व प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सरकारी दृष्टिकोण से स्वतंत्र होकर काम कर सकते हैं।

भारत-चीन के बीच वर्तमान समय में आघात के बावजूद यही स्थिति बनी हुई है। दोनों देशों के बीच व्यापार 2021 में 125 बिलियन डालर से अधिक था जिसमें चीन से 100 बिलियन डालर का रिकार्ड आयात शामिल है। 2019 से निर्यात की तुलना में आयात 30 प्रतिशत अधिक हैं और व्यापार घाटा लगभग 70 बिलियन डालर के रिकार्ड तक पहुंच गया है। यह महामारी पूर्व तथा 2019 में सीमा पर टकराव के पहले वाली स्थिति की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक है। टिकटाक जैसे कुछ चीनी एपों पर प्रतिबंध का बहुत प्रचार हुआ जिनको 'भारत की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा के लिए खतरा' बताया गया था। लेकिन इसके बावजूद भारतीय 'उद्योग' की कभी न बुझने वाली प्यास के कारण राजनीतिक दृष्टिकोण के उलट व्यवहार जारी है।

तार्किक रूप से इसका जवाब यह हो सकता है कि 'उद्योग' के मामलों में चीन के खिलाफ कठोर दृष्टिकोण अपनाने से भारतीय हित प्रभावित हो सकते हैं, जैसा कि जर्मनी या लिथुआनिया के मामले से स्पष्ट है। लेकिन चीन के खिलाफ राजनीतिक रूप से वीरता प्रदर्शन तथा 'उद्योग' के उसके साथ संबंधों के बीच व्याप्त विरोधाभास का यथार्थ एक दु:खद परिघटना है। इस मामले में आस्ट्रेलिया का विरला दृष्टिकोण सामने है। आस्ट्रेलिया सरकार ने जब चीन के खिलाफ कठोर दृष्टिकोण अपनाया तब उस देश के नागरिकों, 'उद्योग' तथा यहां तक कि विपक्ष ने इसका समर्थन किया। यह स्थिति लिथुआनिया के उलट है जहां विपक्ष ने सरकार से इस्तीफा देने की मांग की है।

जब तक 'स्वतंत्र दुनिया' चीन जैसी विस्तारवादी शक्तियों के खिलाफव्यक्तिगत या बहुपक्षीय रूप से अपनी कथनी को करनी में नहीं बदलती है तब तक उस पर प्रभावी रूप से लगाम नहीं लगाई जा सकेगी। राजनीतिक दृष्टिकोण प्रदर्शित करना या बयानबाजी करना आसान है, पर उसे जमीन पर उतारना थोड़ा कठिन है। खासकर जब 'उद्योग' और उससे संबंधित मामले सामने होते हैं तो वाणिज्यिक हित पूरी तरह हावी हो जाते हैं और राष्ट्रीय गौरव पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जाता है।

# आईएएस काडर नियमों पर पुनर्विचार

> **"सरदार पटेल ने कहा था कि अखिल भारतीय सेवा विशाल व विविधतापूर्ण देश को एक मजबूत इकाई में जोड़े रखने वाला प्रशासनिक ढांचा बुनने के लिए आवश्यक है।"**

**क्षितिज गोयल**
(लेखक नेशनल लॉ स्कूल के छात्र हैं)



कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने हाल ही में राज्य सरकारों के मुख्य सचिवों को 'आईएएस काडर रूल्स, 1954 के नियम 6 में संशोधन के प्रस्ताव' पर पत्र लिखा है। इसके अनुसार चाहे संबंधित राज्य सरकार की सहमति हो या नहीं, केन्द्र सरकार की इच्छानुसार प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए अधिकारी को उसके संबंधित काडर से 'अलग कर' दिया जाएगा।

अब तक 6 राज्यों ने इस कदम का विरोध किया है। वर्तमान समय में राज्यों को किसी आईएएस या आईपीएस अधिकारी के केन्द्र में प्रतिनियुक्ति पर अनापत्ति या आपत्ति की नोटिस देने या वीटो करने का अधिकार है। प्रस्तावित संशोधन यह शक्ति छीन लेगा। कुछ प्रस्तावित संशोधन काफी समस्या पैदा कर सकते हैं। एक प्राविधान है कि कुछ 'विशेष स्थितियों' में राज्यों को कुछ अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने की बात कही गई है जिनकी सेवायें केन्द्र सरकार मांग सकती है। लेकिन 'विशेष स्थितियों' को परिभाषित नहीं किया गया है और इसके राजनीतिकरण या गलत व्याख्या की संभावनायें हैं।

यदि राज्यों में नियुक्त सिविल सर्वेन्ट प्रतिनियुक्ति पर न जाना चाहें तो क्या होगा? इस संदर्भ में सरदार वल्लभभाई पटेल ने एक महत्वपूर्ण बात कही थी जो वर्तमान भारत में निर्वाचित राजनीतिक सर्वेन्टों तथा सिविल सर्वेन्टों के लिए आधार बिंदु हो सकती है। 1949 में पटेल ने संविधान सभा में कहा था, 'यदि आप सक्षम अखिल भारतीय सेवा चाहते हों तो मेरी सलाह है कि सेवाओं को अपनी बात रखने की स्वतंत्रता दें। यदि आप प्रधानमंत्री हैं तो यह आपका दायित्व होगा कि आपके सचिव, प्रमुख सचिव या आपके अंतर्गत काम करने वाली अन्य



सेवायें बिना भय या पक्षपात के अपनी बात कह सकें। लेकिन मुझे आज यह प्रवृत्ति दिखाई दे रही है कि कुछ प्रांतों में सेवाओं से कहा जा रहा है कि आप सर्विसमैन हैं और केवल आदेशों का पालन करें। यदि आपके पास अच्छी अखिल भारतीय सेवा नहीं होगी जिसे बोलने की स्वतंत्रता हो तो संघ समाप्त हो जाएगा और आप भारत को एकजुट नहीं रख सकेंगे।' हालांकि, 1946 में नेहरू और उनके साथियों ने पुराने इंडियन सिविल सर्विस काडर के स्थान पर विभिन्न प्रकार की अखिल भारतीय सेवायें बनाई और यह सवाल भी उठे कि क्या अधिकारी केन्द्र या राज्य सरकारों के नियंत्रण में आते हैं। मद्रास प्रांत के टी. प्रकाशम सिविल सर्वेन्टों को प्रांतीय सरकारों के अंतर्गत रख कर उन पर समुचित नियंत्रण चाहते थे। लेकिन जैसा कि बी.बी. मिश्रा की पुस्तक 'ब्यूरोक्रेसी इन इंडिया' में कहा गया है, पटेल अपने दृष्टिकोण पर दृढ़ बने रहे। सरदार पटेल ने प्रांतों की संवेदनशीलताओं को समुचित स्थान देने की आवश्यकता खासकर ऐसे देश में पहचानी जहां बहुसांस्कृतिक समुदाय रहते हैं।

सरदार पटेल ने कहा कि आल इंडिया सेवा विशाल व विविधतापूर्ण देश को एक मजबूत इकाई में जोड़े रखने वाला प्रशासनिक ढांचा बुनने के लिए आवश्यक है। आल इंडिया सेवा अधिकारियों को केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजने के लिए एक विचार-विमर्श प्रक्रिया का पालन किया जाता है जिसमें केन्द्र, राज्य और स्वयं अधिकारी शामिल होते हैं।

दुर्भाग्य से संबंधित व्यवहारों का समय-समय पर उल्लंघन हुआ है। हाल ही में केन्द्र ने पश्चिम बंगाल के आईएएस अधिकारी अलापन वंद्योपाध्याय को केन्द्र में उनकी सेवानिवृत्ति वाले दिन रिपोर्ट करने को कहा जिसे उन्होंने इनकार कर दिया। दूसरे मामले में जब भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के काफिले को कथित रूप से टीएमसी समर्थकों द्वारा कोलकाता में रोका गया तब केन्द्र ने उनकी सुरक्षा के लिए जिम्मेदार तीन आईपीएस अधिकारियों को केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेज दिया। लेकिन राज्य ने यह आदेश मानने से इनकार कर दिया। दूसरी ओर उदाहरण हैं कि कुछ राज्यों ने बदला लेने की भावना से कुछ अधिकारियों के नाम रोक लिए जिन्होंने केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति की इच्छा प्रकट की थी या केन्द्र द्वारा चयन के बाद भी उनको सुविधा नहीं दी। लेकिन राज्यों का यह कहना सही है कि प्रस्तावित संशोधन उनके अधिकारों में गंभीर हस्तक्षेप है जिसके माध्यम से वे अपनी समझ से उचित आईएएस अधिकारियों की तैनाती करते हैं। लक्षित परिवर्तनों से आईएएस अधिकारियों की सुरक्षा, स्वतंत्रता और मनोबल प्रभावित हो सकता है। उम्मीद करनी चाहिए कि केन्द्र सरकार सरदार पटेल के विचारों पर गौर करते हुए प्रस्तावित संशोधन का विचार त्याग देगा।

## आप की बात

### महिलाओं के विरुद्ध अपराध

**देश** में बढ़ती महिलाओं के साथ होनी वाली घटनाये अत्यंत चिंताजनक हैं। देश मे यूपी में महिलाओ के साथ होने वाली घटनाओं में काफी इजाफा हुआ है कुछ तो ऐसे मामले हुए है जिनमे काफी दरिंदगी की गई है एक बात तो साबित हो गई है कि लोगों में कानून का डर नहीं रहा है राजनैतिक एवं रसूखदार वाले लोग सत्ता का दुरुपयोग करके अय्याशी कर रहे हैं और समाज में ऐसे जघन्य अपराध कर रहे हैं जो क्षमा योग्य नहीं हैं लेकिन सबसे बड़ी बात यह भी है कि हमारे यहां कानून व्यवस्था के जिम्मेदार लोग इतने अंधे हो जाते हैं कि वह लोग ऐसे गंभीर मामलों में रसूखदार एवं सत्ता पक्ष के लोगों के आगे सरेंडर होकर त्वरित कार्यवाही नहीं करते हैं जिससे घटनाएं जन्म लेती हैं और घटनाओं के जन्म लेने के बाद मीडिया के दबाव और जनता के भारी आक्रोश के बाद कार्यवाही करते हैं लेकिन तब तक बहुत देर हो जाती है। सबसे बड़ा सवाल ये है कि हमारे देश में तमाम महिला संगठन, एनजीओ और राजनीतिक दल हैं लेकिन ऐसी घटनाओं में खास तौर पर राजनीतिक दल एक दूसरे पार्टियों पर आरोप लगाकर अपना उल्लू सीधा करने का काम करते हैं।

– **योगेंद्र गौतम**, उन्नाव

### समान नागरिक संहिता

**भारत** देश के संविधान के नीतिनिर्देशक तत्वो में जब समान नागरिक संहिता को रेखांकित किया गया है और गोवा राज्य में समान नागरिक संहिता लागू है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री भी सत्ता में आने के बाद समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कर रहे है। फिर केंद्र सरकार समान नागरिक संहिता लागू करने की ओर कदम क्यों नही बढ़ाती? केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करने के लिये विधि आयोग विचार कर रहा है। कर्नाटक में लड़कियों द्वारा हिजाब पहनकर विद्यालय का मामला नया विवाद खड़ा कर रहा है। पाकिस्तान जैसा देश जो अल्पसंख्यकों पर जुल्म करके उनको जीना दूभर कर दिया और आज वे खत्म होने की कगार पर पहुंच गए है। देश मे भी कुछ सुधारवादी हिजाब के समर्थन में सड़कों पर उतर रहे है। जबकि न्यायालय ने विद्यालय में समान ड्रेस की बात की है। समाज मे अब पर्दा प्रथा लगभग समाप्त होरही है। ऐसे में हिजाब,बुरका पर मुस्लिम समाज जोर क्यो दे रहा है? फिर समाज कोई कुछ भी पहने लेकिन विद्यालयो में समान ड्रेशकोड और नियमों का पालन सभी को करना चाहिये। इस पर राजनीति और जाति पंथ की परंपराये लागू नही होनी चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव


### पुलिस में महिलाएं

**पुलिस** के आधुनिकीकरण और सुधार के लिए बनी संसद की स्थायी समिति ने पुलिस बल में महिलाओं की संख्या 33 फीसदी करने के लिए रोडमैप बनाने की सिफारिश की है। सुझाव यह है कि सिर्फ पुरुषों के खाली पदों को महिलाओं से भरने का काम हीं नहीं किया जाए, बल्कि महिलाओं के लिए अलग से नए पद भी सृजित किए जाएं। यह स्वागतयोग्य सिफारिश है। सरकार को संसदीय समिति के सुझावों को शीघ्रता से अमल में लाना चाहिए इससे जहां महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे वही पुलिस विभाग मे कठोरता कि जगह मधुरता का प्रादुर्भाव होगा। साथ ही महिला पुलिस कर्मियों की वजह से पुलिस थानों में महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों में भारी कमी आ जाएगी तथा महिला सशक्तीकरण को बल प्राप्त होगा। महिला पुलिस के सामने जाने से कोई भी महिला भयग्रस्त नहीं होगी। अन्यथा अभी तो महिलाएं अन्याय सहने के बाद भी पुलिस थाने की दहलीज पर जाने का साहस नहीं कर पाती है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**संसद** में भाजपा का बेरोजगारी को ज्वलंत राष्ट्रीय समस्या मानने से इनकार करना दंभी मानसिकता है।

– **मायावती**
बसपा सुपीमो

**मोदी** सरकार की निगरानी में 75 साल में भारत का सबसे बड़ा बैंक फर्जीवाड़ा हुआ जिसने बैंक व्यवस्था को तबाह कर दिया!

– **रणदीप सुरजेवाला**
कांग्रेस नेता





**सकल** घरेलू उत्पाद में संकुचन और सकल घरेलू उत्पाद को बहुत अधिक नुकसान के बावजूद हम मुद्रास्फीति को 2008 की तुलना में कम रखने में कामयाब रहे।

– **निर्मला सीतारमण**
केंद्रीय वित्तमंत्री



# कांग्रेस के भरोसे पर कितना खरा उतरेंगे मौलाना तौकीर रजा खां

**विवेक श्रीवास्तव।** लखनऊ

● बरेली व मुरादाबाद मंडल की सीटों पर मुस्लिम वोट बैंक में इजाफे की कांग्रेस को है उम्मीद

**जातिगत** समीकरणों के आधार पर देखा जाए तो उत्तर प्रदेश की वर्तमान राजनीति में कांग्रेस के पास कोई आधार वोट बैंक नहीं बचा है। किसी जमाने में कांग्रेस का झंडा बुलंद करने वाला मुस्लिम समुदाय भी उससे छिटक कर सपा और बसपा के पाले में जा चुका है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में पश्चिम की जिन सीटों पर सोमवार को मतदान होगा उनमें बरेली और मुरादाबाद मंडल की ज्यादातर सीटें मुस्लिम प्रभुत्व वाली हैं। ऐसे में मुस्लिम वर्ग को लगाकर अपनी खाली झोली भरने के लिए कांग्रेस ने आला हजरत खानदान के वरिष्ठ सदस्य और इत्तेहाद.ए.मिल्लत कौंसिल यानी आईएमसी मुखिया मौलाना तौकीर रजा खां का साथ पकड़ा है। कांग्रेस की उम्मीद पर मौलाना तौकीर रजा किस हद तक खरे उतरते हैं यह तो 10 मार्च को चुनावी नतीजे आने के बाद ही पता चलेगा।

मौलाना तौकीर रजा खां के समर्थन से कांग्रेस को यह उम्मीद दिख रही है कि मौलाना कई सीटों पर उसके वोट बैंक में इजाफा कर सकते हैं। खास तौर पर बरेली और मुरादाबाद मंडल में कई सीटों पर तो उनके साथ देने से असर दिख सकता है जहां मौलाना तौकीर का खास प्रभाव है।

मौलाना तौकीर रजा खां ने पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेस वार्ता बुलाकर प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार सिंह लल्लू की मौजूदगी में कांग्रेस को मजबूती देने और सत्ता में लाने के लिए चुनाव प्रचार करने का ऐलान किया था। बकौल मौलाना तौकीर पहले वह चाहते थे कि भाजपा जैसी सांप्रदायिक सरकार को उत्तर प्रदेश से हटाने के लिए सपा उनसे बात करे। उनकी सपा अध्यक्ष और अखिलेश यादव से कुछ वक्त पहले बात भी हुई थी, जिसमें वह अपने मुस्लिम एजेंडे पर अखिलेश से आश्वासन चाहते थे। मौलाना के अनुसार, उन्होंने अखिलेश यादव से सरकार बनने पर उत्तर प्रदेश में दंगा नियंत्रण आयोग और पीसीएस में उर्दू का पेपर बहाल करने जैसी मांगों को रखा था लेकिन सपा अध्यक्ष ने उनकी मांगों पर कोई आश्वासन नहीं दिया। नतीजतन यह मानते हुए कि सपा मुसलमानों के हितों पर कुछ नहीं करना चाहती, उन्होंने कांग्रेस को समर्थन करने का निर्णय लेना मुनासिब समझा। मौलाना तौकर बताते हैं कि अखिलेश यादव के रुख से यह लगता है कि वह सत्ता में आने के लिए मुसलमानों का साथ तो चाहते हैं लेकिन मुसलमानों के लिए कुछ नहीं करना चाहते। जाहिर है कि सपा का मुस्लिम प्रेम महज दिखावा है जबकि उनको लगा कि कांग्रेस ही आज के माहौल में सपा और बसपा के बजाय मुसलमानों का हित कर सकती है और भाजपा को दुबारा उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने से रोक सकती है इसलिए वह कांग्रेस को समर्थन दे रहे हैं।



पिछले लोकसभा चुनाव को छोड़ दें तो मौलाना तौकीर रजा खां ने विधानसभा, नगर निगम और नगर पालिकाओं के चुनाव में अपनी आईएमसी के प्रत्याशी उतारे थे। साल 2012 के चुनाव में उनको कामयाबी मिली जब उन्होंने बरेली की भोजीपुरा सीट पर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे शहजिल इस्लाम को आईएमसी के समर्थन से चुनाव जिताया। हालांकि बाद में पूर्व मंत्री शहजिल सपा में चले गए। वहीं बरेली की कई अन्य सीटों पर भी अपने प्रत्याशी उतारकर उन सीटों पर आईएमसी ने औसतन प्रत्येक सीट पर 10 हजार से अधिक वोट दिलाए थे। ऐसे में यह तो माना जा सकता है कि मौलाना तौकीर रजा हर सीट पर लगभग 10.12 हजार वोट तो प्रभावित करने का दम रखत हैं। जाहिर है कि कांग्रेस के साथ हर सीट पर वह मुसलमानों को हद तक लुभाने का प्रयास करेंगे ही और वह जितने मुस्लिम वोटों को कांग्रेस के पक्ष में ला पाएंगे इसका नुकसान सपा को ही होना है।

वैसे मौलाना तौकीर रजा खां ने पहले अपनी आईएमसी के प्रत्याशी उतारने का ऐलान किया था लेकिन मुस्लिम मतों के बंटवारे से भाजपा को ही लाभ होने की बात कहकर उन्होंने अपने इस निर्णय पर अमल नहीं किया। नतीजतन वह कांग्रेस को बाहर से समर्थन दे रहे हैं। वैसे मुस्लिम वोटों के बंटवारे पर भाजपा को अप्रत्यक्ष लाभ मिलने को देखते हुए ही मौलाना तौकीर ने पिछले लोकसभा चुनाव में आईएमसी के प्रत्याशी नहीं उतारे थे लेकिन इस बार चूंकि एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी भी उत्तर प्रदेश में अपने प्रत्याशी उताकर चुनाव मैदान में आए हुए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि मौलना तौकीर ने ओवैसी की राह रोकने के लिए कांग्रेस को समर्थन का ऐलान किया है। असल में मौलाना तौकीर रजा जानते हैं कि कांग्रेस को साथ देकर ही वर्तमान चुनावी माहौल में खुद के वर्चस्व को साबित किया जा सकता है।

# बसपा का नया प्रयोग कितना होगा कारगर, नतीजे तय करेंगे भविष्य

**सतीश सिंह।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा चुनाव 2022 के दूसरे चरण में 586 उम्मीदवार मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। 2007 के बाद लगातार सोशल इंजीनियरिंग को दांव पर लगाने के साथ ही पार्टी ने इस बार 2022 के विधानसभा चुनाव में नए चेहरों को मौका देकर एक और नया प्रयोग किया है। अब पार्टी का यह प्रयोग कितना सफल होगा यह तो चुनाव परिणाम आने के बाद ही स्थिति साफ होगी पर इतना तो तय है कि यह चुनाव पार्टी का भविष्य भी तय करेगा। फिलहाल इस बार के चुनाव में बसपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती 2012 में जीती हुई 14 सीटों को वापस लाने के अलावा दूसरे नम्बर पर रही 12 सीटों पर भी दर्ज करने की कोशिश है। वैसे अपने फार्मूले पर चलते हुए बसपा ने इस बार सबसे अधिक 23 मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में हैं। इस चरण में पार्टी ने जाट, गुर्जर के अलावा दलित व ब्राह्मणों का ख्याल रखते हुए टिकट दिया है। साथ ही पार्टी ने दूसरे चरण में आने वाली 10 सुरक्षित सीटों पर भी स्थानीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए टिकट बांटे हैं।



## नहटौर, रामपुर मनिहारन, बिजनौर से रालोद भी मैदान में

**दूसरे** चरण में रालोद के तीन प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमे नहटौर से मुंशीराम पाल रामपुर मनिहारन से विवेककान्त, बिजनौर से नीरज चौधरी मैदान में हैं। नहटौर से इस बार एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी ने ओम कुमार को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं समाजवादी पार्टी ने मुंशी राम को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। पिछली बार समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर चुनावी मैदान में उतरी कांग्रेस ने इस बार अपने दम पर उम्मीदवार उतारा है। यहां से मीनाक्षी सिंह को पार्टी की ओर से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं बहुजन समाज पार्टी की सीट मानी जाने वाली नेहटौर पर प्रिया सिंह हैं। इसी तरह रामपुर मनिहारन से बसपा के टिकट पर रविन्द्र कुमार मोल्हू कांग्रेस ने ओमपाल सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वहीं पहली बार प्रदेश में चुनाव लड़ रही आजाद समाज पार्टी ने डॉ. ब्रजपाल सिंह को मैदान में उतारा है। इसके अलावा आप से अरविंद कुमार, लोकदल से जयपाल सिंह, बीएमपी से डीपी सिंह और आईजेएसपी से सचिन कुमार भी जीतन को कड़ी मेहनत कर रहे हैं। बिजनौर सीट पर भाजपा से सूची मौसम चौधरी और बसपा से रुचिवीरा मैदान में हैं।

## इनकी प्रतिष्ठा और भविष्य दोनों दांव पर

इस बार बसपा के टिकट पर ऐसे भी प्रत्याशी मैदान में हैं जिन्होंने अंतिम समय मे टिकट न मिलने पर पाला बदल लिया है। ऐसे में यह चुनाव उनकी प्रतिष्ठा से जुड़े होने के अलावा भविष्य भी तय करने वाला है। मुरादाबाद की कुंदरकी सीट से सपा के विधायक रहे हाजी रिजवान का सपा ने टिकट काट दिया है और उनकी जगह जियाउर्रहमान को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में हाजी रिजवान ने सपा छोड़कर बसपा का दामन थाम लिया और बसपा ने उन्हें कुंदरकी सीट से पार्टी का प्रत्याशी बनाया है। बिजनौर जिले की धामपुर विधानसभा सीट से तीन बार के विधायक और सपा सरकार में मंत्री रहे मूलचंद चौहान का टिकट सपा ने काटकर नूरपुर से विधायक नईमुल हसन को प्रत्याशी बना दिया है। इसी कारण से मूलचंद चौहान ने सपा छोड़कर बसपा का दामन थाम लिया और उन्हें धामपुर सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। धामपुर सीट पर अब मुकाबला त्रिकोणीय बन गया है। बिजनौर सदर सीट पर सपा से विधायक रहीं रुचिवीरा बसपा के टिकट पर चुनावी मैदान में किस्मत आजमा रही हैं। बरेली जिले की फरीदपुर विधानसभा सीट पर सपा प्रमुख ने पूर्व विधायक विजयपाल सिंह को टिकट दिया है। ऐसे में शालिनी सिंह ने सपा छोड़कर बसपा का दामन थाम लिया और मायावती ने उन्हें फरीदपुर सीट से पार्टी का प्रत्याशी घोषित कर दिया है।

# अमेठी की लड़ाई में उधार के खिलाड़ियों पर निर्भर हैं भाजपा, कांग्रेस

**भाषा।** अमेठी

**पारंपरिक** प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस कभी गांधी परिवार के गढ़ रहे अमेठी की लड़ाई में उधार के खिलाड़ियों पर निर्भर हैं, जिसे भाजपा अब भेद चुकी है। अमेठी विधानसभा सीट पर भाजपा ने पूर्व कांग्रेस नेता संजय सिंह को मैदान में उतारा है, जो 2019 में कांग्रेस छोड़ भाजपा में आ गए थे। वहीं, कांग्रेस ने इस सीट से आशीष शुक्ला को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर पांचवे चरण में 27 फरवरी को मतदान होना है। बहुजन समाज पार्टी से शुक्ला 2017 में भाजपा में आए थे और अब कांग्रेस में चले गए हैं। संजय सिंह की उम्मीदवारी की घोषणा के कुछ क्षण बाद शुक्ला को दिल्ली में कांग्रेस में शामिल किया गया और तुरंत उनको इस हाई प्रोफाइल सीट से टिकट दे दिया गया। यह सीट इंदिरा गांधी के जमाने से गांधी परिवार के लिए काफी महत्वपूर्ण रही हैं। टिकट मिलने के बाद बिना समय गंवाए सिंह और शुक्ला दोनों अपनी-अपनी नई पार्टी के प्रति वफादारी की शपथ ले रहे हैं और अपनी-अपनी पार्टी के घोषणा पत्र के साथ मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस की लड़ाई में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आजीवन कारावास की सजा काट रहे गायत्री प्रजापति की पत्नी महाराजी प्रजापति को अमेठी विधानसभा सीट से मैदान में उतारा है। मायावती की बसपा ने दलित-ब्राह्मण फॉर्मूले के तहत रागिनी तिवारी को मैदान में उतारा है। अमेठी की लड़ाई 2014 में शुरू हुई जब केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को चुनौती दी थी, वह 2014 में तो चुनाव हार गईं लेकिन 2019 में राहुल गांधी को हराकर उन्होंने अपनी पिछली हार का बदला लिया।

अमेठी लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों में से 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चार सीटों पर जीत हासिल की थी। गौरीगंज सीट तब सपा के खाते में गई थी, जबकि कांग्रेस अपने ही गढ़ में खाली हाथ रही थी। अमेठी लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र अमेठी,



संजय सिंह



आशीष शुक्ला

गौरीगंज, जगदीशपुर (सुरक्षित), तिलोई और सलोन (पड़ोसी रायबरेली जिले में स्थित) शामिल हैं। कांग्रेस प्रत्याशी शुक्ला, जो कभी अमेठी से लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी के खिलाफ लड़े थे और एक लाख से अधिक वोट हासिल किए थे, अब प्रियंका गांधी के लड़की हूं लड़ सकती हूं के नारे के साथ मैदान में हैं। सपा सरकार में मंत्री रहे गायत्री नाबालिग लड़की से सामूहिक बलात्कार मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। अपनी मां का चुनाव प्रचार देख रहे गायत्री के बेटे अनिल प्रजापति ने कहा, यह सब झूठ है ... मेरे पिता को साजिश के तहत मामले में फंसाया गया था। प्रजापति की पुत्रियां- अंकिता प्रजापति और सुधा प्रजापती, जेल में बंद अपने पिता को न्याय दिलाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रही हैं। बसपा प्रत्याशी रागिनी तिवारी भारी संख्या में ब्राह्मण जाति के वोट और दलितों में मायावती के आधार वोट के साथ अपना प्रचार कर रही हैं।

विभिन्न राजनीतिक पार्टियों में सूत्रों के अनुसार अमेठी विधानसभा क्षेत्र में 3.48 लाख से अधिक मतदाता हैं। इसमें से ब्राह्मणों की संख्या 80,000 है। ठाकुर 30,000 के आसपास, मुस्लिम 25,000, दलित 30,000 और अन्य पिछड़ा वर्ग के लगभग 1.25 लाख मतदाता हैं। सिंह जहां ठाकुर हैं, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी शुक्ला और बसपा प्रत्याशी तिवारी ब्राह्मण हैं। सपा की महाराजी प्रजापति अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से हैं। प्रभावशाली स्थानीय भाजपा नेता राजेश आग्रही, जो स्मृति ईरानी के निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि भी हैं, ने पीटीआई-भाषा को बताया, न तो राहुल गांधी को यहां के लोग स्वीकारने वाले हैं और न ही कोई जाति कारक यहां काम करेगा। चुनाव में टिकट के प्रबल दावेदार रहे आग्रही ने कहा, हर गरीब के होठों पर केवल मोदी-योगी मंत्र है। बिना किसी भेदभाव के डबल इंजन सरकार लोगों को मुफ्त राशन और स्वास्थ्य लाभ दे रही है। कॉलेज छात्रा साधना और प्रीति का कहना है कि प्रियंका गांधी की लड़की हूं... लड़ सकती हूं नारे का लोगों के बीच कोई असर नहीं है। जयश मोहल्ले की रहने वाली प्रीति ने कहा, हम पढ़ेंगे या गुंडों से लड़ेंगे? पांडेयपुर बाजार के जंग बहादुर सिंह, लोकनाथ यादव और राम बहादुर यादव ने कहा कि वे उन्हें ही वोट देंगे जो क्षेत्र में विकास कार्य करने का वादा करते हैं। गौरीगंज के माधवपुर गांव के पितरदीन शुक्ला और बिनोद कुमार शुक्ला ने कहा, (मुहम्मद अली) जिन्ना और पाकिस्तान उन्हें रोजी-रोटी नहीं देंगे। हमें किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो क्षेत्र में विकास कार्य करे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत त्रिपाठी एवं उनके साथी अनुपम पांडे और अनिल सिंह ने अमेठी में कांग्रेस द्वारा स्थापित किए गए पेट्रोलियम संस्थान, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) प्रशिक्षण शिविर और राष्ट्रीय राजमार्ग का जिक्र किया। वहीं, भाजपा जिला इकाई के अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने बताया कि राहुल गांधी के कार्यकाल के दौरान सीटी स्कैन तक की सुविधा यहां नहीं थी और स्मृति जी के समय नौ आक्सीजन संयत्र लगाए गए। यातायात भीड़ को कम करने के लिए एक ओवरब्रिज का निर्माण कराया गया।

# छेद्दू के लिए जुनून है चुनाव लड़ना

**भाषा।** लखनऊ

● घर-घर बर्तन बेच कर करते हैं गुजारा, इस बार उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य के विरुद्ध ठोक रहे ताल

**कहते** हैं कि शौक बड़ी चीज है लेकिन शौक एक जुनून बन जाए और उसके लिए पूरी जीवन शैली बदल दी जाए, ऐसे उदाहरण कम ही मिलते हैं। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ सिराथू सीट से निर्दल प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे छेद्दू की कहानी कुछ ऐसी ही है। कौशांबी जिले के सिराथू विधानसभा क्षेत्र स्थित तैबापुर शमशाबाद गांव के रहने वाले छेद्दू घर-घर बर्तन बेचकर अपना गुजारा करते हैं लेकिन चुनाव लड़ना उनका शौक ही नहीं बल्कि जुनून है। पिछले 22 वर्षों के राजनीतिक सफर के दौरान वह अब तक लोकसभा और विधानसभा के दो-दो तथा जिला पंचायत के तीन चुनाव लड़ चुके हैं। छेद्दू ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, भले ही मैं घर घर जाकर बर्तन बेचता हूं और किसी तरह अपना गुजारा कर पाता हूं, मगर चुनाव लड़ना मेरा जुनून है। इसके लिए मैंने बहुत त्याग किए हैं। उन्होंने कहा, मैं अपनी तमाम जरूरतों में कटौती करता हूं। मांस, मछली, गुटखा, खैनी, बीड़ी, सिगरेट का सेवन नहीं करता हूं। बस रूखी-सूखी रोटी खाकर धन बचाता हूं ताकि चुनाव का खर्च निकल सके। गत बृहस्पतिवार को अपना नामांकन दाखिल कर चुके छेद्दू ने कहा, मैं पिछले 22 साल से राजनीति में हूं और अब तक वर्ष 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव और 2012 और 2017 का विधानसभा चुनाव लड़ चुका हूं और इस बार फिर मैदान में हूं। इससे पहले मैं जिला पंचायत के भी तीन चुनाव लड़ चुका हूं। मैंने 2014 में सिराथू विधानसभा सीट के उपचुनाव में भी पर्चा दाखिल किया था लेकिन वह खारिज हो गया था।





इस सवाल पर कि सिराथू विधानसभा सीट से उनका मुकाबला उपमुख्यमंत्री व भाजपा प्रत्याशी केशव प्रसाद मौर्य से है, छेद्दू ने कहा, नारायण बहुत बड़े हैं। उनके आगे किसी की कोई हैसियत नहीं है। मैं पिछले 22 साल से लोगों के घर जा जाकर वोट मांग रहा हूं, इस उम्मीद में कि वह सुबह कभी तो आएगी। कभी तो लोगों का दिल पसीजेगा। चुनाव में मिले वोटों के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2012 के विधानसभा चुनाव में सिराथू सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतरे छेद्दू को 3,756 वोट मिले थे जबकि 2017 के विधानसभा चुनाव में उन्हें 1,147 वोट हासिल हुए थे। इसी तरह वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में छेद्दू ने कौशांबी सीट से चुनाव लड़ा था जिसमें उन्हें 3,340 वोट मिले थे जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में इसी सीट पर उन्हें 3,566 मत प्राप्त हुए थे। मौजूदा राजनीति को लेकर छेद्दू का नजरिया दिलचस्प है। वह कहते हैं कि सियासत में क्या हो रहा है और उसकी सच्चाई क्या है, धीरे-धीरे लोगों को इसका एहसास हो रहा है, जब तक वास्तविक मुद्दों की राजनीति नहीं होगी तब तक कुछ नहीं हो सकता। चुनाव में क्या-क्या मुद्दे हैं, इस सवाल पर उन्होंने कहा, हम तो बस लोगों की सेवा करना चाहते हैं। हम किसी की बुराई करके वोट नहीं मांगते। हम बस अपनी बात करते हैं। अगर हम विधायक बन गए तो क्षेत्र के लोगों की सच्ची सेवा करेंगे। तीन बच्चों के पिता 52 वर्षीय छेद्दू क्षेत्र में पैदल घूम-घूम कर अपना चुनाव प्रचार करते हैं। उनके हाथ में एक बैनर होता है जिस पर अपील लिखी है कि उन्हें हर घर से बस एक वोट दे दिया जाए। वह आश्वस्त हैं कि अगर हर घर से एक वोट भी मिल गया तो वह चुनाव जीत जाएंगे। उल्लेखनीय है कि सिराथू सीट के लिए पांचवें चरण में आगामी 27 फरवरी को मतदान होगा।

# गांधी की वेशभूषा में मतदाताओं को आकर्षित कर रहे मोहन महापात्र

**भाषा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा चुनाव में प्रचार के तरह तरह रंग देखने को मिल रहे हैं लेकिन सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में चांदी से रंगी शरीर और महात्मा गांधी की वेशभूषा में 27 वर्षीय मोहन महापात्र लोगों को विशेष तौर पर आकर्षित कर रहे हैं। मोहन महापात्र को साई राम गांधी के नाम से भी जाना जाता है जिन्होंने स्वच्छ भारत अभियान का संदेश फैलाने के लिए भारत के सात राज्यों की पदयात्रा की थी। मोहन अब भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए उप्र आए हैं। उन्होंने दावा किया कि चुनाव प्रचार के लिए वह किसी से पैसे नहीं लेते हैं और अपनी मां के कान की झुमका बेचने के बाद मिले पैसों से इसकी शुरुआत की है। भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में होने के लिए उन्होंने दलील दी कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छता अभियान जैसी विचारधारा




और नीतियों से बहुत प्रभावित हैं और इससे उन्हें प्रेरणा मिली। चुनाव प्रचार के दौरान ओड़िशा का यह युवा आकर्षण का केंद्र होता है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के घोषणापत्र के जारी होने के दिन आठ फरवरी को मोहन लखनऊ पहुंचे और गृह मंत्री अमित शाह से मिलने के बाद, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मिले। गांधी के स्वरूप के कारण मोन आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं और भीड़ को अपनी ओर प्रभावित कर रहे हैं। वह मतदाताओं से मिलने के लिए जिस क्षेत्र में भी जाते हैं बच्चों के साथ बड़े भी उनके संग सेल्फी लेने के लिए उमड़ पड़ते हैं। मोहन ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं आठ फरवरी को यहां पहुंचा और मैं इस चुनाव में भाजपा के लिए प्रचार कर रहा हूं। मुझे देखकर लोग सेल्फी लेने के लिए इकट्ठा होते हैं और जब वे फोटोग्राफी करते हैं तो मैं उन्हें अपना संदेश देता हूं। उनकी आगामी योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर मोहन ने कहा, चुनाव खत्म होने तक मैं यहां हूं, मैं कौशांबी के लिए निकलूंगा, जहां मैं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य (सिराथू सीट के लिए) के लिए प्रचार करूंगा और वहां से गोरखपुर पैदल ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए प्रचार करने जाऊंगा। सिराथू (कौशांबी) में पांचवें चरण में 27 फरवरी को मतदान होगा जबकि गोरखपुर में छठे चरण में तीन मार्च को मतदान होगा। उन्होंने उप्र को प्रचार के लिए क्यों चुना, इस पर उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा राज्य है और देश का दिल है। अगर दिल ठीक से काम करता है तो पूरा शरीर सामान्य तरीके से काम करता है। मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि योगी जी फिर से मुख्यमंत्री बनें। यह पूछे जाने पर कि चुनाव के बाद वह क्या करेंगे, मोहन ने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए नई दिल्ली के लिए पैदल निकलूंगा, मैं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मिला हूं। मैं राष्ट्रपति से भी मिला, लेकिन मोदी जी से नहीं मिल सका, जो मेरे आदर्श हैं। गांधीजी की तरह कपड़े पहनने और अपने शरीर को चांदी में रंगने के बारे में मोहन ने कहा, "मैं महात्मा गांधी के स्वच्छता जैसे सपनों को पूरा करने के लिए काम कर रहा हूं। मैं स्वच्छता का संदेश फैलाने के लिए कोलकाता, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात और पंजाब सहित सात राज्यों में गया हूं। मोहन को पहले राजस्थान के जयपुर में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर द्वारा महात्मा गांधी के रूप में सड़क द्वारा सबसे लंबी यात्रा के लिए सम्मानित किया गया था। भुवनेश्वर (ओडिशा) में संगीत महाविद्यालय के एक पूर्व छात्र, मोहन 26 जून, 2016 को पुरी के जगन्नाथ मंदिर से पदयात्रा पर निकले थे।

# रामानुजाचार्य जैसे संतों ने राष्ट्र की अवधारणा का निर्माण किया: कोविंद

**भाषा** । हैदराबाद



**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने रविवार को कहा कि रामानुजाचार्य जैसे संतों, कवियों और दार्शनिकों ने देश की सांस्कृतिक पहचान, सांस्कृतिक निरंतरता और सांस्कृतिक एकता का निर्माण और पोषण किया है।

हैदराबाद में 11वीं सदी के संत रामानुजाचार्य की सहस्राब्दि जयंती समारोह में शामिल होने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कोविंद ने कहा कि संत-कवियों और दार्शनिकों ने सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित राष्ट्र की अवधारणा का निर्माण किया है।

कोविंद ने कहा कि राष्ट्र की यह संस्कृति-आधारितअवधारणा पश्चिमी विचारों में परिभाषित तरीके से भिन्न है। सदियों पहले एक सूत्र में भारत को एकजुट करने वाली भक्ति परंपरा के संदर्भ पुराणों में पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस परंपरा को रामानुजाचार्य से प्रेरित भक्ति संप्रदाय के रूप में देखा जा सकता है, जोकि तमिलनाडु के श्रीरंगम और कांचीपुरम से उत्तर प्रदेश के वाराणसी तक फैला। इस प्रकार भारतीयों की भावनात्मक एकता सदियों पुरानी है।

कोविंद ने कहा कि रामानुजाचार्य का विशिष्टाद्वैत न केवल दर्शन में एक योगदान है, बल्कि रोजर्मा के जीवन में भी इसकी प्रासंगिकता को दर्शाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि जिसे पश्चिम में दर्शनशास्त्र कहा जाता है, वह केवल अध्ययन के विषय में सिमट गया है। हालांकि, जिसे हम दर्शन कहते हैं, वह केवल शुष्क विश्लेषण का विषय नहीं बल्कि दुनिया और जीवन को देखने का एक तरीका भी है। भारत में यह हमेशा प्रासंगिक रहा है, जिसके लिए रामानुजाचार्य जैसे दार्शनिक-संतों का आभार। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के पक्ष में खड़े रहे बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर ने साफ तौर पर कहा था कि देश के आधुनिक गणराज्य के मौलिक संवैधानिक आदर्श भारत की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि आंबेडकर ने भी रामानुजाचार्य के समतावादी आदर्शों का पूरे सम्मान के साथ उल्लेख किया था। उन्होंने कहा कि इस प्रकार, समानता की हमारी अवधारणा पश्चिमी देशों से नहीं ली गई है। यह भारत की सांस्कृतिक मिट्टी में विकसित हुई है। वसुधैव कुटुम्बकम का हमारा दृष्टिकोण समानता पर आधारित है। समानता हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच फरवरी को शहर के बाहरी इलाके में रामानुजाचार्य की 216 फुट उंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ इक्वैलिटी का अनावरण किया था।

## चंद्रशेखर राव उद्धव से मिलने मुंबई जाएंगे

**भाषा** । हैदराबाद

**तेलंगाना** के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने रविवार को कहा कि भाजपा और राजग सरकार के खिलाफ विभिन्न राजनीतिक दलों को एकजुट करने के प्रयासों के तहत वह जल्द ही महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के अपने समकक्ष उद्धव ठाकरे और ममता बनर्जी के साथ बैठक करेंगे।

राव ने कहा कि वह ठाकरे से मिलने के लिए कभी भी मुंबई जा सकते हैं।
जबकि, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के राव से मिलने के लिए हैदराबाद आने की उम्मीद है। राव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को उसकी कथित जनविरोधी नीतियों के लिए हटा दिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विरोधी राजनीतिक दलों को एकजुट करने में एक प्रमुख भूमिका निभाएंगे।



संसद के सेंट्रल हॉल में स्वतंत्रता सेनानी और कवि सरोजिनी नायडू को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह

## गोवंश से भरे ट्रक में सवार तस्करों ने पुलिस पर की गोलीबारी

**जयपुर**। राजस्थान के भरतपुर जिले के सेवर थाना क्षेत्र में गोवंश से भरे ट्रक का पीछा करने पर ट्रक में सवार कथित तस्करों ने शनिवार देर रात पीछा कर रहे पुलिस दल पर गोलीबारी की और पुलिस जीप को टक्कर मारने का प्रयास किया। पुलिस ने रविवार को बताया कि इसके बाद ट्रक डिवाइडर से टकराकर एक पेड़ से भिड़ा, जिससे इसमें सवार एक आरोपी घायल होकर नीचे गिर गया। उन्होंने बताया कि ट्रक की तलाशी ली गई तो उसमें कुल 29 गोवंश पाए गए, जिनमें से तीन की मौत हो चुकी थी। भरतपुर पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने बताया कि शनिवार देर रात पुलिस दल को गोवंश से भरे ट्रक के उंचा नगला से भरतपुर की तरफ आने की सूचना पर सेवर थाना इलाके के सारस चौराहे पर नाकाबंदी की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस नाकाबंदी को देख चालक ट्रक को लेकर भागने लगा।

## चन्नी दोनों निर्वाचन क्षेत्रों से हार रहे हैं

● आम आदमी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दावा

**भाषा** । अमृतसर

**आम** आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दावा किया कि पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी 20 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में दोनों निर्वाचन क्षेत्रों- चमकौर साहिब और भदौर- से हार रहे हैं। उन्होंने मीडियाकर्मियों से यहां कहा, हमने तीन बार सर्वेक्षण किया है। तीनों सर्वेक्षणों में आम आदमी पार्टी दोनों सीटों पर आगे थी।

कांग्रेस के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार चन्नी अपने गृह क्षेत्र रूपनगर में चमकौर साहिब और बरनाला के भदौर से चुनाव लड़ रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दावा किया कि सर्वेक्षण के अनुसार, चमकौर साहिब में, चन्नी को 35 प्रतिशत लोग पसंद करते हैं और 52 प्रतिशत लोगों ने आप को चुना है।

उन्होंने कहा कि दूसरे निर्वाचन क्षेत्र भदौर में 48 प्रतिशत लोगों ने आप उम्मीदवार को पसंद किया, जबकि चन्नी को केवल 30 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया है। केजरीवाल ने कहा कि चन्नी कांग्रेस का केवल मुख्यमंत्री पद का चेहरा रहेंगे, क्योंकि जब वह दोनों सीटों से हार जाते हैं और विधायक नहीं हैं तो वह मुख्यमंत्री कैसे बनेंगे।

उन्होंने कहा कि पंजाब सत्ता के लिए कांग्रेसियों के बीच लगातार जारी संघर्ष के नतीजों का सामना कर रहा है और इसलिए लोग उन पर भरोसा नहीं करेंगे। आप की ओर से पंजाब के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार भगवंत मान ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी के जो नेता एक साथ चुनाव नहीं लड़ सकते, वे पंजाब को क्या अच्छा भविष्य देंगे।

मान ने दावा किया कि कांग्रेस के कई नेताओं के बीच खींचतान चल रही है। मान ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पत्नी परनीत कौर वर्तमान में कांग्रेस की सांसद हैं और पटियाला सीट से अपने पति के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ प्रचार कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि इसी तरह मुख्यमंत्री चन्नी के भाई बस्सी पठाना से कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। मान ने कहा कि पंजाब को एक स्थाई और मजबूत सरकार चाहिए।

## 2 किलो 525 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सोनीपत**। हरियाणा के सोनीपत जिले के सीआईए स्टाफ ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के सीआईए स्टाफ ने बताया कि उसकी पहचान सोमबीर और राहुल उर्फ अमित के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि दोनों क्रमशः गुरूग्राम और सोनीपत जिले के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास से 11 किलो 690 ग्राम गांजा रामद किया गया। पुलिस ने एक अन्य मामले में पुलिस ने सतपाल को गिरफ्तार कर उसके पास से 835 ग्राम गांजा जबकि हरीश को गिरफ्तार कर उसके पास से 100 ग्राम चरस बरामद किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

## ममता बनर्जी ने नए पैनल में अभिषेक के करीबियों को हाशिए पर डाला: मालवीय

**भाषा** । कोलकाता

**तृणमूल** कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी को व्यामोहाभ पीड़िता (एक ऐसी मानसिक स्थिति, जहां व्यक्ति को नुकसान पहुंचने का डर सताता रहता है) करार देते हुए भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी के करीबियों को हाशिए पर डालने के लिए पार्टी के सभी पद भंग कर दिए क्योंकि उन्हें तृणमूल कांग्रेस में तख्तापलट का डर है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पश्चिम बंगाल मामलों के सह प्रभारी मालवीय का आरोप तब आया है जब एक दिन पहले ही तृणमूल सुप्रीमो ने पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के पैनल को भंग कर दिया जिसमें राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी शामिल थे। ममता बनर्जी ने पुरानी एवं नई पीढ़ी के नेताओं के बीच बढ़ते टकराव के बीच 20 सदस्ईय एक समिति बनाई है जिसमें वयोवृद्ध नेता अधिक संख्या में हैं। भाजपा नेता के बयान पर तृणमूल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी और कहा कि उन्हें पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल में संगठनात्मक फेरबदल में दखल नहीं देना चाहिए।

मालवीय ने ट्वीट किया कि अभिषक बनर्जी द्वारा एक व्यक्ति, एक पद के मुद्दे पर इस्तीफे की धमकी देने के बाद व्यामोहाभ पीड़िता ममता बनर्जी ने अभिषेक के करीबियों को हाशिए पर डालते हुए पार्टी में सभी पद भंग कर दिए। अगला (कदम) क्या? सभी मंत्रियों को बर्खास्त कर दीजिए और अकेले सरकार चलाइए। तख्तापलट का डर हकीकत है। 20 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यसमिति में ममता बनर्जी ने अभिषेक जैसे युवा नेता को रखते हुए अपने पुराने भरोसेमंद नेताओं को उसमें जगह दी है।

## मेरे पिता फिर से चुनाव जीतेंगे: अमरिंदर की बेटी ने जताया भरोसा

**भाषा** । पटियाला

**पंजाब** के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह कांग्रेस छोड़ने के बाद पंजाब लोक कांग्रेस (पीएलसी) से अपने गृह क्षेत्र पटियाला शहरी सीट से फिर चुनाव मैदान में उतरे हैं और ऐसे में अपने पिता के लिए चुनाव प्रचार कर रहीं सिंह की बेटी जय इंदर कौर ने भरोसा जताया कि उनके पिता एक बार फिर विजय हासिल करेंगे। दो बार मुख्यमंत्री रहे अमरिंदर सिंह और उनके परिवार की पटियाला निर्वाचन क्षेत्र में मजबूत पकड़ है।

पटियाला के पूर्ववर्ती राजपरिवार के वंशज सिंह ने कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर 2002, 2007, 2012 और 2017 में पटियाला शहरी सीट से चुनाव जीता था। अमरिंदर सिंह को कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू के साथ टकराव के बाद पिछले साल सितंबर में मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया था। इसके बाद उन्होंने सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस छोड़ दी थी और अपने एक अलग दल पंजाब लोक कांग्रेस का गठन किया था। कौर अपने पिता के लिए घर-घर जाकर प्रचार कर रही हैं। उन्होंने कहा, हम पटियाला में समग्र विकास के आधार पर वोट मांग रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारा चुनाव प्रचार सही दिशा में जा रहा है। हम जहां कहीं जा रहे हैं, हमें अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। हम जीत हासिल करेंगे। सिंह की बेटी ने कहा, हम घर-घर और बाजारों में जा रहे हैं तथा सभाएं आयोजित कर रहे हैं। कौर ने पिछले चुनाव में भी अपने पिता के लिए चुनाव प्रचार किया था। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता भी उन्हें अपना पूरा समर्थन दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वे हमारा समर्थन कर रहे हैं और वे सभी जगह हमारे साथ जा रहे हैं। यह बहुत अच्छी स्थिति है। पीएलसी भारतीय जनता पार्टी और सुखदेव सिंह ढींढसा के नेतृत्व वाले शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) के साथ गठबंधन कर पंजाब विधानसभा चुनाव लड़ रही है।

## खाकी हाफ पैंट में अश्लील लगते हैं नितिन गडकरी : कांग्रेस

**अगरतला**। कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय कुमार ने रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर कटाक्ष किया और कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जब खाकी हाफ पैंट पहनते हैं तो यह अश्लील लगता है। त्रिपुरा के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के पर्यवेक्षक कुमार ने कहा कि यह अजीब लगता है जब आरएसएस के बूढ़े और मोटे नेता हाफ पैंट पहनते हैं। कुमार ने यहां कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन को कहा कि मैं कोई हल्के-फुल्के अंदाज में नहीं कह रहा। खाकी हाफ पैंट पहने नितिन गडकरी की एक पुरानी तस्वीर को देखें, यह अश्लील लगता है। जब आप खाकी हाफ पैंट में आरएसएस के बूढ़े और मोटे लोगों को देखते हैं तो यह अजीब लगता है। कुमार ने कहा, हमें नितिन गडकरी को खाकी हाफ पैंट न पहनने के लिए आग्रह नहीं करना चाहिए, लेकिन यह निश्चित रूप से उन्हें शोभा नहीं देता।

## भाजपा ध्रुवीकरण का प्रयास कर रही है : खुर्शीद

**भाषा** । नई दिल्ली



● मुख्यमंत्री चेहरे की घोषणा नही करना कांग्रेस के लिए चिंता का विषय नही

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने हिजाब विवाद और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) जैसे मुद्दों को विधानसभा चुनावों के दौरान उठाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर ध्रुवीकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि भाजपा बेचैन है, क्योंकि मतदाताओं पर उसकी पकड़ कमजोर हो रही है। खुर्शीद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री चेहरे की घोषणा नहीं करना कांग्रेस के लिए चिंता का विषय नहीं है, क्योंकि प्रियंका गांधी वाद्रा सामने से अगुवाई कर रही हैं। कर्नाटक से शुरू हुए हिजाब विवाद के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह भाजपा द्वारा नियोजित एक बहुत ही कुटिल रणनीति हो सकती है, लेकिन यह उनके विचारों के पूर्ण दिवालियापन को भी दर्शाती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह पिछले सात वर्षों के उनके प्रदर्शन में पूर्ण विश्वास की कमी को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मुझे यह लग रहा है कि लोग भाजपा की चालों को अब समझने लगे हैं, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में भाजपा का समर्थन किया है और मुझे उम्मीद है कि इसका वास्तविक नतीजे पर प्रभाव पड़ेगा। उत्तर प्रदेश के फुर्खाबाद से खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद चुनाव लड़ रही हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह चुनावों से पहले हिजाब मुद्दे को ध्रुवीकरण की रणनीति के रूप में देखते हैं, उन्होंने पूछा कि अब ही इसे क्यों उठाया गया। हिजाब कुछ ऐसा नहीं है जो कल शुरू हुआ, हिजाब लंबे समय से चल रहा है । यह एक ज्ञात तथ्य है कि हिजाब लंबे समय से है और लड़कियां उचित तरीके से हिजाब का उपयोग कर रही हैं। वे आज इसे क्यों उठा रहे हैं? यह बहुत स्पष्ट है कि वे इसका उपयोग बहुत ही कुटिल कारणों से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अदालतों ने इस मामले पर एक स्पष्ट दृष्टिकोण रखा है। उन्होंने कहा, ज्यादातर समझदार लोग समझेंगे कि यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मुद्दा है और यह टोपी पहनने वाले व्यक्ति, पगड़ी पहनने वाले व्यक्ति से अलग नहीं है, या सिख पगड़ी पहनते हैं क्योंकि ए सभी ऐसे मुद्दे हैं जो या तो धार्मिक प्रथा या धार्मिक विश्वासों से संबंधित हैं, और सभी संविधान के तहत प्रदत्त अधिकारों द्वारा संरक्षित हैं। खुर्शीद ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के उस बयान के लिए उनपर निशाना साधा जिसमें उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में फिर से चुने जाने पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मसौदा तैयार करने के लिए एक समिति बनाएगी। उन्हें यह भी नहीं पता कि यूसीसी क्या है। उन्होंने कहा कि देश में बौद्ध धर्म और जैन धर्म सहित विभिन्न धर्म हैं, जिनके अलग-अलग कानून और नियम हैं, और किसी के लिए यह कहना कि हमारे पास एक यूसीसी होगा, उन्हें पहले यह स्पष्ट करना होगा कि उनका इससे क्या मतलब है। उन्होंने दावा किया कि इस तरह के सभी मुद्दों को उठाना भाजपा में आत्मविश्वास की कमी और उसकी मतदाताओं पर पकड़ कमजोर होने की शुरुआत होने की ओर इशारा करता है। खुर्शीद ने कहा, मुझे लगता है कि इसीलिए वे पूरी तरह से अप्रासंगिक चीजों को उठा रहे हैं।



आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के पहले लॉन्च पैड से लॉन्च होने वाले पीएसएलवी सी5-2 उपग्रह और दो अन्य छोटे उपग्रह की फाइल फोटो

## पोरियम में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं पूर्व मुख्यमंत्री राणे की बहू

गोवा विधानसभा चुनाव

**भाषा** । पोरियम ( गोवा )

**पोरियम** विधानसभा सीट एक ऐसी सीट है, जिसका गोवा के छह बार मुख्यमंत्री रहे प्रताप सिंह राणे ने कांग्रेस विधायक के रूप में लगभग पांच दशकों तक प्रतिनिधित्व किया।

राणे (83) इस बार चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, लेकिन भाजपा ने उनकी बहू देविया राणे को पोरियम से मैदान में उतारा है। देविया राणे ने प्रताप सिंह राणे के बारे में पीटीआई-भाषा से कहा कि यह ऐतिहासिक है कि गोवा में कोई नेता एक ही सीट से लगातार इतनी बार जीता है।

उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए गर्व का पल है कि मैं एक विरासत को आगे बढ़ा रही हूं और उम्मीद है कि मैं उनके (प्रताप सिंह राणे) नक्शेकदम पर चलूंगी तथा उन्होंने सत्तारी एवं गोवा के लोगों के लिए निःस्वार्थ भाव से लगातार जो कुछ भी किया है, उसे करने का प्रयास करूंगी। हालांकि सक्रिय राजनीति से प्रताप सिंह राणे का संन्यास विवादों से अछूता नहीं रहा था। उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। लेकिन पिछले साल दिसंबर में उनके बेटे विश्वजीत राणे, जो अभी भाजपा में हैं और राज्य के मौजूदा स्वास्थ्य मंत्री हैं, ने कथित तौर पर अपने पिता को सम्मानजनक रूप से संन्यास लेने की सलाह दी थी।

विश्वजीत राणे ने यह भी कहा था कि वह पोरियम से अपने पिता के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। प्रताप सिंह राणे ने पहली बार 1972 में इस सीट से चुनाव लड़ा था, जिसे तब सत्तारी के नाम से जाना जाता था। 1989 में इसका नाम बदलकर पोरियम कर दिया गया। इस बार भाजपा ने उनकी बहू देविया राणे को पोरियम से मैदान में उतारा है।

देविया राणे ने कहा कि उन्हें (प्रताप सिंह राणे) मसहूस हुआ कि अब उन्हें आराम करना चाहिए और अपनी संपत्ति की देखभाल करनी चाहिए, जीवन का आनंद लेना चाहिए, पढ़ना चाहिए, घूमना-फिरना चाहिए। राजनीति बहुत तनावपूर्ण है। यह 24 घंटे का काम है, जिसमें आपकी पूरी ऊर्जा लग जाती है। प्रताप सिंह राणे यह कहते रहे हैं कि वह कांग्रेसी हैं और हमेशा रहेंगे। राणे परिवार गोवा की राजनीति में एक जाना-पहचाना नाम है। प्रताप सिंह राणे लगातार 11 बार विधायक रहे हैं और अलग-अलग अवधि में वह छह बार गोवा के मुख्यमंत्री रहे। उनके बेटे विश्वजीत 2017 से राज्य के स्वास्थ्य मंत्री हैं और 2007 से वालपोई से विधायक हैं। उस साल 40 सदस्ईय गोवा विधानसभा में कांग्रेस ने 17 और भाजपा ने 13 सीट जीती थीं, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस के राज्य में सरकार बनाने में नाकाम रहने पर निराशा जताते हुए विश्वजीत राणे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए थे।

वर्ष 2017 में भाजपा ने राज्य में सत्ता में आने के लिए कुछ क्षेत्रीय संगठनों और निर्दलीय उम्मीदवारों से हाथ मिलाया था।

सदन में कांग्रेस के अब केवल दो विधायक बचे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें अपने ससुर का समर्थन हासिल है, देविया राणे ने कहा, मुझे नहीं पता कि उनके मन में क्या है। मुझे इस चुनाव में उनका समर्थन और सभी का समर्थन हासिल है।

## भाजपा के बागियों के कांग्रेस में शामिल होने से उभर रहा नया सियासी समीकरण

त्रिपुरा

**भाषा** । अगरतला

**त्रिपुरा** विधानसभा चुनाव होने में महज सालभर का समय रह जाने के बीच सत्तारूढ़ भाजपा के दो विधायकों के सदन से इस्तीफा देकर कांग्रेस के पाले में जाने से नया राजनीतिक समीकण उभर रहा है।

ऐसा जान पड़ता है कि कभी राज्य में शासन कर चुकी सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस सत्ता में वापसी की कोशिश कर रही है और कांग्रेस मुक्त भारत का सपना देख रही भाजपा को वह चिढ़ाना चाहती है। इतना ही नहीं, उससे अलग होकर बनी तृणमूल कांग्रेस भी वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में सत्ता में आने का प्रयास करती दिख रही है। पश्चिम बंगाल में पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा का हराकर तृणमूल कांग्रेस उत्साहित है और वरिष्ठ तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी ने पिछले साल दावा किया था कि उनकी पार्टी आगामी त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के बाद सरकार बनाएगी। मेघालय, त्रिपुरा और अब गोवा में कांग्रेस के बागियों को अपने पाले में लाकर भाजपा के सामने असली विपक्षी होने का तृणमूल का दावा लगता है कि कम से कम त्रिपुरा में धराशाई होता जा रहा है। त्रिपुरा में कांग्रेस फिर से दमखम के साथ उठने लगी है। ऐसी अटकलें थीं कि बागी भाजपा विधायक सुदीप रॉय बर्मन और उनके सहयोगी आशीष साहा भगवा धड़े से निकलकर तृणमूल कांग्रेस में जाएंगे, लेकिन इस्तीफा देने के बाद वे सीधा दिल्ली जाकर राहुल और प्रियंका गांधी से मिले और दोनों फिर से कांग्रेस पार्टी के साथ हो गए। सूत्रों ने बताया कि भाजपा के दो अन्य विधायकों ने भी राहुल और प्रियंका गांधी से भेंट की तथा कुछ महीने बाद कांग्रेस में शामिल होने में रुचि दिखाई। रॉय बर्मन ने अपनी पूर्व पार्टी पर भ्रष्टाचार और लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप लगाया है। सीपीआईएम की त्रिपुरा इकाई के सचिव जितेंद्र चौधरी ने कहा कि रॉय बर्मन का भाजपा छोड़ना उम्मीदों के विपरीत नहीं है। चौधरी ने दावा किया कि लोग अब राज्य में राजनीतिक बदलाव महसूस करने लगे हैं।

## एबीजी को संप्रग के कार्यकाल में ऋण दिए गए, हमारी सरकार ने कार्रवाई की : भाजपा

**नई दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी ने निजी कंपनी एबीजी शिपयार्ड द्वारा कथित तौर पर बैंकों के साथ 22,842 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी किए जाने के मामले में कांग्रेस पर पलटवार करते हुए रविवार को कहा कि ऋण संप्रग के शासन काल में दिए गए थे, जबकि मोदी सरकार ने घोटालेबाज प्रवर्तकों (प्रोमोटर्स) के खिलाफ कार्रवाई की है। भाजपा के प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य सईद जफर इस्लाम ने कहा कि इस मामले में कांग्रेस का केंद्र सरकार पर हमला करना उल्टे चोर कोतवाल को डांटे जैसा है। इस्लाम ने कहा कि सभी ऋण भाजपा के 2014 में सत्ता में आने से पहले दिए गए थे। उन्होंने आगे कहा कि वास्तविकता तो यह है कि इन्हें भाजपा से पहले की सरकार ने ही गैर-निष्पादित परिसम्पत्तियां (एनपीए) घोषित कर दिया था।

## गोवा चुनाव से एक दिन पहले आप और तृणमूल कांग्रेस ने एक-दूसरे के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई

**पणजी**। गोवा में मतदान से एक दिन पूर्व रविवार को तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) ने एक टेलीविजन चैनल पर स्टिंग ऑपरेशन वीडियो के प्रसारण को लेकर एक-दूसरे के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई।
चैनल ने एक वीडियो का प्रसारण कर दावा किया था कि तृणमूल कांग्रेस के एक और कांग्रेस के तीन उम्मीदवारों ने 14 फरवरी के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने की स्थिति पार्टी बदल लेने के लिए रिश्वत ली है। आप के पणजी उम्मीदवार वाल्मीकि नाईक ने कहा कि उनकी पार्टी ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के सामने शिकायत दर्ज कराई ताकि प्रशासन इस वीडियो से अगवत हो सके। बेनालिम से तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार चर्चिल अलेमाओ ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज कराकर इस क्लिप को सभी मंचों से हटाए जाने की मांग की ।

# सितंबर तिमाही में गैर-वित्तीय कर्ज 11.9% बढ़ा: रिपोर्ट




भाषा। मुंबई

**देश का गैर**-वित्तीय क्षेत्र का कर्ज चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 11.9 प्रतिशत बढ़कर 371 लाख करोड़ रुपए यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 170.2 प्रतिशत पर पहुंच गया। सर्वाधिक वृद्धि सरकार के सामान्य कर्ज में हुई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया है कि इस दौरान परिवारों पर कर्ज के बोझ में मामूली कमी आई है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कर्ज इससे अधिक यानी जीडीपी का 180.2 प्रतिशत था। बीते वित्त वर्ष में मौजूदा कीमत पर जीडीपी में तीन फीसदी की गिरावट आई थी। कर्ज का यह आंकड़ा सर्वाधिक था।

इससे पहले वित्त वर्ष 2019-20 में यह 155 प्रतिशत था। रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 की जून तिमाही में ऋण से जीडीपी अनुपात घटकर 170.2 प्रतिशत रह गया। वहीं मौजूदा मूल्य पर जीडीपी का सामान्यीकरण हुआ और इसकी वृद्धि 14.7 प्रतिशत रही। सितंबर तिमाही में सामान्य सरकारी कर्ज (केंद्र और राज्यों का मिलाकर) 16.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि गैर-सरकारी, गैर-वित्तीय कर्ज 7.7 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़ा। सितंबर, 2021 में गैर-वित्तीय क्षेत्र का कुल कर्ज 371 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो मार्च, 2021 में 356 लाख करोड़ रुपए और जून, 2021 में 361 लाख करोड़ रुपए था। बीती कुछ तिमाहियों में कर्ज में अधिक वृद्धि के पीछे मुख्य कारण सरकारी कर्ज है। सामान्य सरकारी कर्ज सितंबर, 2021 में 16.1 फीसदी की दर से बढ़ता रहा। दूसरी ओर, गैर-सरकारी और गैर-वित्तीय कर्ज चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 7.7 प्रतिशत या जीडीपी के 83.5 प्रतिशत बढ़ा। यह बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही के 90.9 प्रतिशत के उच्चस्तर से काफी कम है। यह इसका नौ तिमाहियों का सबसे उंचा स्तर था।

इस दौरान परिवारों के कर्ज की वृद्धि की रफ्तार भी कम होकर पांच तिमाही के निचले स्तर 9.1 प्रतिशत पर आ गई। परिवारों पर कर्ज चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में घटकर जीडीपी के 34.9 प्रतिशत पर आ गया, जो पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 38.1 फीसदी के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। गैर-वित्तीय कॉरपोरेट कर्ज भी जीडीपी का 48.6 प्रतिशत रहा, जो बीते वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 52.8 प्रतिशत के उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

## 2022-23 में सरकारी प्रतिभूतियों में रिजर्व बैंक की हिस्सेदारी दो लाख करोड़ रुपए बढ़ेगी: रिपोर्ट

**मुंबई।** सरकार के अगले वित्त वर्ष 2022-23 के लिए रिकॉर्ड कर्ज लेने की योजना के मद्देनजर भारतीय रिजर्व बैंक की सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में हिस्सेदारी करीब दो लाख करोड़ रुपए बढ़ सकती है। केंद्रीय बैंक के पास पहले ही 80.8 लाख करोड़ रुपए के बकाया सरकारी बांड में 17 प्रतिशत हिस्सेदारी है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया है कि बड़े कर्ज कार्यक्रम की वजह से रिजर्व बैंक को कम-से-कम दो लाख करोड़ रुपए के बांड के लिए खरीदार ढूंढने होंगे क्योंकि बैंक सामान्य तौर पर 10 साल से कम के लघु अवधि के ऋण का विकल्प चुनते हैं। बजट 2022-23 में केंद्र का सकल कर्ज रिकॉर्ड 14.3 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। राज्यों के साथ मिलाकर सकल कर्ज 23.3 लाख करोड़ रुपए और शुद्ध ऋण 17.8 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। बजट में अगले वित्त वर्ष में 3.1 लाख करोड़ रुपए के भुगतान का भी प्रस्ताव है। सरकार के 80.8 लाख करोड़ रुपए के बकाया बांड में वित्तीय संस्थानों के बाद केंद्रीय बैंक का हिस्सा दूसरे नंबर पर है। बकाया बांड में सबसे अधिक हिस्सेदार वित्तीय संस्थान हैं। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी के अंत तक 2061 तक परिपक्व होने वाली सरकारी प्रतिभूतियां 80.8 लाख करोड़ रुपए थीं। इनमें से 37.8 प्रतिशत प्रतिभूतियां बैंकों के पास, 24.2 प्रतिशत बीमा कंपनियों के पास थीं। यानी कुल मिलाकर इनके पास 62 प्रतिशत प्रतिभूतियां थीं। वहीं केंद्रीय बैंक के पास 17 प्रतिशत प्रतिभूतियां थीं।

# एपीडा के जरिए कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात 23.7 अरब डॉलर से अधिक हो सकता है

भाषा। नई दिल्ली

**वाणिज्य मंत्रालय** ने रविवार को कहा कि एपीडा के माध्यम से कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात चालू वित्त वर्ष में 23.7 अरब डॉलर के लक्ष्य से अधिक होने की उम्मीद है।

मंत्रालय ने कहा कि कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) भारत से निर्यात के विकास के लिए सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम गतिविधियों को बढ़ावा देने जैसे कई कदम उठा रहा है।मंत्रालय ने कहा कि एपीडा निर्यात को बढ़ावा देने और किसानों के लिए बाजार संपर्क सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों के साथ काम कर रहा है।मंत्रालय ने कहा कि एपीडा किसानों के लिए भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण और काश्तकारी की औपचारिकता सुनिश्चित करने पर जोर दे रहा है, इससे निर्यात को बढ़ावा मिलता है। उसने कहा कि अब तक, 417 पंजीकृत जीआई (भौगोलिक संकेत) उत्पाद हैं और उनमें से 150 उत्पाद कृषि और खाद्य क्षेत्र से हैं।

एपीडा के अध्यक्ष एम अंगमुथु ने प्राधिकरण के 36वें स्थापना दिवस के अवसर पर कहा, जिंसों के वैश्विक व्यापार में कई चुनौतियों के बावजूद, भारत का कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात पिछले दशक में स्थिर गति से बढ़ा है।

# सरकार ने एलआईसी के आईपीओ के लिए सेबी के पास मसौदा दस्तावेज दाखिल किया

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार ने** रविवार को एलआईसी आईपीओ के लिए बाजार नियामक सेबी के पास मसौदा दस्तावेज दाखिल किया। आईपीओ के मार्च में पूंजी बाजार में आने की उम्मीद है। सेबी के पास दाखिल मसौदा रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार सरकार एलआईसी के 31 करोड़ से अधिक इक्विटी शेयर बेचेगी। निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांता पांडेय ने ट्वीट किया,एलआईसी के आईपीओ के लिए डीआरएचपी आज सेबी के पास दाखिल कर दी गई है। सरकार का लक्ष्य मार्च तक जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध करना है। आईपीओ का एक हिस्सा एंकर निवेशकों के लिए आरक्षित होगा। साथ ही, एलआईसी के आईपीओ निर्गम का 10 प्रतिशत तक पॉलिसीधारकों के लिए आरक्षित होगा। चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार के विनिवेश लक्ष्य में 78,000 करोड़ रुपए की कमी रहने के अनुमान के बीच सरकार के लिए एलआईसी का आईपीओ महत्वपूर्ण है। सरकार अब तक एयर इंडिया के निजीकरण और अन्य सरकारी उपक्रमों में अपनी हिस्सेदारी बिक्री से करीब 12,000 करोड़ रुपए जुटा चुकी है। एलआईसी की 2020 में घरेलू बाजार में हिस्सेदारी 64.1 फीसदी से अधिक थी। क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक एलआईसी जीवन बीमा प्रीमियम के मामले में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी कंपनी है। रिपोर्ट के मुताबिक 2000 से पहले के दौर में एलआईसी की बाजार हिस्सेदारी 100 फीसदी थी जो धीरे-धीरे घटकर 2016 में 71.8 फीसदी पर आ गई। 2020 में एलआईसी की बाजार में हिस्सेदारी और कम होकर 64.1 फीसदी रह गई।

## एसबीआई को 2021-22 में बट्टे खातों से 8,000 करोड़ रुपए की वसूली की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण ( एनसीएलटी) द्वारा समाधान वाले खातों सहित बट्टे खातों से लगभग 8,000 करोड़ रुपए की वसूली की उम्मीद है।एसबीआई ने दिसंबर, 2021 को समाप्त तीसरी तिमाही के दौरान बट्टे खातों से ।,500 करोड़ रुपए की वसूली की और वित्त वर्ष 2021-22 के पहले नौ महीनों अप्रैल-दिसंबर के दौरान कुल वसूली राशि 5,600 करोड़ रुपए रही। बैंक ने निवेशकों के साथ एक वार्ता में यह बात कही। बैंक ने कहा कि कुल मिलाकर उसे चालू वित्त वर्ष में लगभग 8,000 करोड़ रुपए की वसूली की उम्मीद है।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.03 लाख करोड़ रुपए घटा

भाषा। नई दिल्ली

**सेंसेक्स की** शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से ।,03,532.08 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 491.90 अंक या 0.83 प्रतिशत नीचे आया। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 30,474.79 करोड़ रुपए बढ़कर 16,07,857.69 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

वहीं दूसरी ओर टीसीएस के बाजार पूंजीकरण में 44,037.2 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 13,67,021.43 करोड़ रुपए पर आ गया। एचडीएफसी की बाजार हैसियत 13,772.72 करोड़ रुपए के नुकसान से 4,39,459.25 करोड़ रुपए रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 11,818.45 करोड़ रुपए के नुकसान से 5,30,443.72 करोड़ रुपए पर और आईसीआईसीआई बैंक का 9,574.95 करोड़ रुपए टूटकर 5,49,434.46 करोड़ रुपए पर आ गया। बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन 8,987.52 करोड़ रुपए के नुकसान से 4,22,938.56 करोड़ रुपए पर और इन्फोसिस का 8,386.79 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 7,23,790.27 करोड़ रुपए रह गया।

## वैश्विक रुख, मुद्रास्फीति के आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजारों की दिशा

**नई दिल्ली।** भू-राजनीतिक चिंता और अमेरिका में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना के बीच इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। विश्लेषकों ने यह राय जताते हुए कहा है कि अभी बाजार में कारोबार एक दायरे में रहेगा। इसके साथ ही निवेशकों की निगाह वैश्विक रुख, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर भी रहेगी। तिमाही नतीजों का अब अंतिम दौर है। रुपए का उतार-चढ़ाव, विदेशी संस्थागत निवेशकों का रुझान और ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी बाजार को दिशा देंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, दुनियाभर के बाजार अमेरिका में ब्याज दरों में भारी बढ़ोतरी की संभावना के बीच समायोजन का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन भू-राजनीतिक तनाव की वजह से चिंता बनी हुई है। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर इस सप्ताह मुद्रास्फीति के आंकड़ें आने हैं और साथ तिमाही नतीजों का अंतिम दौर है।

## डाक विभाग को वित्तीय समावेशन, सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने में मदद करेंगे बजट प्रावधान: सचिव

**नई दिल्ली।** डाक विभाग के सचिव विनीत पांडेय ने कहा है कि बजट आवंटन से डाक विभाग के वित्तीय समावेशन संबंधी लक्ष्यों को मजबूती मिलेगी और खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राहकों के लिए बैंकिंग की सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू किया जा सकेगा। बजट घोषणाओं के अनुसार, 2022 में सभी 1.5 लाख डाकघरों को कोर बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा जाएगा, जिससे वित्तीय समावेशन, नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एटीएम के जरिए खातों तक पहुंच संभव हो सकेगी। इस कदम से डाकघर खातों और बैंक खातों के बीच धन का ऑनलाइन हस्तांतरण भी हो सकेगा। इससे विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों और वरिष्ठ नागरिकों को काफी सुविधा मिलेगी। डाक विभाग के लिए सकल बजटीय समर्थन वित्त वर्ष 2021-22 में 35,173.27 करोड़ रुपए (बजट अनुमान) के मुकाबले 2022-23 के लिए 36,395.89 करोड़ रुपए तय किया गया है।

## 2030 तक निर्यात लक्ष्य को पाने के लिए आक्रामक रुख की जरूरत : सीआईआई

भषा। नई दिल्ली

**भारत को 2030 तक** ।,000 अरब डॉलर के वस्तुओं के निर्यात का लक्ष्य हासिल करने को बहुआयामी रुख अपनाने की जरूरत है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की एक रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है। रिपोर्ट में बड़े बाजारों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को अंतिम रूप देने, निर्यात उत्पादों पर शुल्क और छूट योजना (आरओडीटीईपी) के विस्तार, वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने और घरेलू विनिर्माण मुद्दों को हल करने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट कहती है कि इन कदमों से इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। सीआईआई के अध्यक्ष टी वी नरेंद्रन ने कहा, समग्र और आक्रामक रुख के जरिए 2030 तक ।,000 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सीआईआई की रविवार को जारी रिपोर्ट वस्तुओं के निर्यात के ।,000 अरब डॉलर के लक्ष्य को हासिल करना: एक रूपरेखा में उन उत्पादों और बाजारों का ब्योरा दिया गया है जिनके जरिए भारत इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बढ़ सकता है।

## एनएसडीसी, सीएससी ने कौशल विकास के लिए समझौता किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और साझा सेवा केंद्र (सीएससी) ने सेवाओं की आपूर्ति के लिए एक समझौता किया है, ताकि भारत में कौशल विकास की गति को तेज किया जा सके। एक बयान के मुताबिक, एनएसडीसी ने देश के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में युवाओं को विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों से संबंधित सेवाओं के वितरण में मदद के लिए आज (रविवार को) सीएससी के साथ एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

## क्विक न्यूज

### केंद्रीय उत्पाद और सेवा कर अधिकारियों की समयबद्ध पदोन्नति की मांग, मंत्री को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उत्पाद एवं सेवा कर अधिकारियो ने सरकार से उन्हें समयबद्ध तरीके से पदोन्नति देने की मांग की है। इन अधिकारियो के एक संगठन ने कार्मिक राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह को इस बारे में पत्र लिखा है। अखिल भारतीय केंद्रीय उत्पाद एवं सेवा कर मंत्रिस्तरीय अधिकारी संघ ने मौजूदा सेवा नियमो मे संरक्षण प्रावधान के अभाव का उल्लेख किया है। संघ ने कहा है कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने 2015 में कार्यकारी सहायकों की नियुक्ति के नियमों को अंशधारकों से टिप्पणियां लिए बिना अंतिम रूप दे दिया था।

### म्युचुअल फंड कंपनियों ने 2021 में एनएफओ के जरिए एक लाख करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली।** म्यूचुअल फंड कंपनियो ने 2021 में 140 नई कोष पेशकश (एनएफओ) के जरिए लगभग एक लाख करोड़ रुपए जुटाए है। शेयर बाजार में तेजी के चलते खुदरा निवेशकों की बाजार में दिलचस्पी में जोरदार बढ़ोतरी से यह कामयाबी मिली। माईवेल्थग्रोथ डॉट कॉम के सह-संस्थापक हर्षद चेतनवाला ने कहा कि हालांकि शेयर बाजार में अस्थिरता के चलते परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां (एएमसी) इस साल एनएफओ को सीमित कर सकती है।

### आईएलएंडएफएस समूह मार्च तक 55,000 करोड़ रुपए के कर्ज का निपटान करेगा

**नई दिल्ली।** आईएलएंडएफएस समूह मार्च, 2022 तक 55,000 करोड़ रुपए के कर्ज का निपटान करेगा। संकट मे फंसी कंपनी के निदेशक मंडल ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के पास दाखिल हलफनामे मे यह बात कही है। समाधान प्रक्रिया की जानकारी देते हुए उदय कोटक की अगुवाई वाले आईएलएंडएफएस के निदेशक मंडल ने कहा कि संपत्ति के मौद्रिकरण, पुनर्गठन और दिवाला प्रक्रिया पहल के जरिए 55,000 करोड़ रुपए के ऋण का समाधान किया जाएगा।

### सरकार गड़बड़ी रोकने के लिए मनरेगा योजना को सख्त करेगी

**नई दिल्ली।** सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) को सख्त बनाने की तैयारी कर रही है, क्योंकि पिछले दो वर्षों के दौरान इस योजना के तहत ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम में काफी गड़बड़ियां या रिसाव देखने को मिला है। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्र ने 2022-23 के लिए मनरेगा के तहत 73,000 करोड़ रुपए आवंटित किए है, जो चालू वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान (आरई) में दिए गए 98,000 करोड़ रुपए से 25 प्रतिशत कम है। अगले वित्त वर्ष के लिए आवंटन, चालू वित्त वर्ष के लिए बजट अनुमान (बीई) के बराबर है। अधिकारी ने कहा कि पिछले दो वर्षो मे बीई के मुकाबले आरई काफी अधिक रहा है और यह पाया गया कि इसमें जबर्दस्त रिसाव हो रहा है तथा बिचौलिए योजना के तहत लाभार्थियों के नाम दर्ज करने के लिए पैसे ले रहे है।

### समृद्धि को देश के कोने-कोने तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभा सकती है प्रौद्योगिकी: गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि प्रौद्योगिकी भारत के दूर-दराज के कोने-कोने में समृद्धि ले जाने में बड़ी भूमिका निभा सकती है और टेलीमेडिसिन तथा शिक्षा के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी सुविधाओ को लोकतांत्रिक बनाने मे मदद कर सकती है। गोयल ने कहा कि ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के पीछे विचार छोटे खुदरा व्यापारियों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा, बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियां देश की अर्थव्यवस्था मे योगदान दे रही है और इसी तरह अपना रास्ता बना रही है। इसमे कोई दिक्कत नही है। लेकिन क्या छोटे खुदरा व्यापारियों को खत्म होने दिया जाए जैसा कि पश्चिमी दुनिया में हुआ है। क्या हमें आजीविका को नही बचाना चाहिए?

### धामपुर शुगर मिल्स का दिसंबर में खत्म तिमाही में मुनाफा 39 फीसदी बढ़कर 76 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** धामपुर शुगर मिल्स लिमिटेड का दिसंबर मे खत्म तिमाही मे एकीकृत शुद्ध लाभ 39 फीसदी बढ़कर 76.01 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी ने शेयर बाजारो को दी जानकारी मे बताया कि एक वर्ष पहले समान तिमाही में उसे 54.56 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ था। कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसकी कुल आय घटकर 964.27 करोड़ रुपए रह गई जो एक वर्ष पहले समान अवधि मे।,110.07 करोड़ रुपए थी।

### एआईए लाइफइन्योरेन्स ने शुरू की फार्च्यून गारंटी पेंशन

**मुंबई।** टाटा एआईए लाइफइन्शुरन्स (टाटा एआईए लाइफ) भारत की एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी ने टाटा एआईए लाइफफॉर्च्यून गारंटी पेंशन यह लचीली जीवन भर के लिए गारंटीड आय योजना शुरू की है। जिसमें आवश्यकतानुसार बनाए गए आय की गारंटी देने वाले कई विकल्प दिए गए हैं। सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन का पर्याप्त वित्तीय नियोजन और आय के बीच के अंतर को मिटाने वित्तीय स्वतंत्रता हासिल करने और खुद के लिए और अपने जीवनसाथी के लिए बहुत पहले से बचत करने को प्रोत्साहन देकर चिंतामुक्त जीवन जीने में अपने ग्राहकों की मदद करना फॉर्च्यून गारंटी पेंशन का उद्देश्य है। आरामदेह जीवनशैली का आनंद पूरी ज़िंदगी भर, खास कर सेवानिवृत्ति के बाद भी लिया जा सकें इसलिए किए जाने वाले नियोजन को वित्तीय नियोजन में अक्सर पीछे छोड़ दिया जाता है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारत में सेवानिवृत्ति के लिए बचत में अंतर की मात्रा 2050 तक 85 ट्रिलियन यूएस डॉलर्स तक पहुंचने आशंका है। फॉर्च्यून गारंटी पेंशन योजना कहती है . फ्रहो बेफिक्र आज हो या कलष् यह योजना ग्राहकों को उनकी पूरी ज़िन्दगी निश्चिन्त होकर बिताने में सक्षम बनाती है। विवाहित हो या अविवाहितए महिला हो या पुरुष यह योजना हर प्रकार के ग्राहक के लिएए हर ऐसे व्यक्ति के लिए उपयुक्त है जो भविष्य में भी अपनी वर्तमान जीवनशैली को कायम रख पाने के लिए बचत करने पर गंभीरता से सोचना चाहते हैं।

### जमा के मामले में तीसरी तिमाही में सरकारी बैंकों में बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्रदर्शन सबसे अच्छा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2021-22 की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही में जमा वृद्धि के मामले मे बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों मे सबसे आगे रहा है। एक विश्लेषण मे यह बात सामने आई है। बैंक द्वारा जारी आंकड़ो के अनुसार, 2021-22 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसकी कुल जमा 15.21 प्रतिशत बढ़कर।,86,614 करोड़ रुपए हो गई। कई बैंकों द्वारा दिए गए तीसरी तिमाही के आंकड़ो के विश्लेषण के अनुसार, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के बाद दूसरे स्थान पर पंजाब और सिंध बैंक ने वृद्धि दर्ज की है।

# पेज एक का शेष

### पंजाब जीतने...

जांच करेंगे। साथ ही, उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस के सीएम चेहरा चन्नी दोनों सीटों से हार रहे हैं और टेलीपोल के माध्यम से इसकी पुष्टि की गई है। दूसरी ओर, प्रियंका गांधी ने सुबह कोटकपूरा में एक जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद धूरी विधानसभा क्षेत्र में खेतों में जाकर महिलाओं के साथ बातचीत की। उन्होंने डेरा बस्सी निर्वाचन क्षेत्र में रोड-शो भी किया। प्रियंका ने पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने कैप्टन को इसलिए हटाया, क्योंकि उनकी सरकार दिल्ली से भाजपा चला रही थी। साथ ही आम आदमी पार्टी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि आप ने दिल्ली के लिए कुछ नहीं किया है, वहां आप की सरकार विफल साबित हुई है। चुनाव आयोग ने एक दिन पहले रविवार को ही पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले राजनीतिक दलों के लिए प्रचार नियमों में ढील दी है।

### उप्र की...

कौशिक शामिल हैं। कांग्रेस के प्रमुख उम्मीदवारों में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व मंत्री यशपाल आर्य, कांग्रेस की उत्तराखंड इकाई के अध्यक्ष गणेश गोदियाल और विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रीतम सिंह शामिल हैं। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 57, कांग्रेस ने 11 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि दो सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार विजयी हुए थे।

### जीआई वाले...

टी लोंगवाह ने करंट साइंस पत्रिका के नवीनतम संस्करण में प्रकाशित अध्ययन का सह-लेखन किया। भारत में चावल की अधिकांश किस्में उच्च जीआई की होती हैं, खाद्य गुणवत्ता ने उच्च कैलोरी सेवन और अनियंत्रित ग्लूकोज के कारण स्वास्थ्य समस्याओं में योगदान करता हैं। विभिन्न दृष्टिकोणों के माध्यम से जीआई में हेरफेर करके मधुमेह और संबंधित बीमारियों से लड़ने में काफी मदद करने वाला माना जाता है। वैज्ञानिकों ने यह भी नोट किया कि किसानों से खरीदे गए धान को मिलों में चावल में संसाधित किया जाता है और विभिन्न ब्रांड नामों के तहत बाजार में बेचा जाता है, और अक्सर किस्म की शुद्धता से समझौता किया जाता है। इसलिए, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस शोध के लाभ को समाज तक हुंचाने के लिए पर उत्पाद पर विविधता के मूल नाम, जीआई मूल्य और उपलब्ध कार्बोहाइड्रेट मूल्य को इंगित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। आईआईआरआर ने पहले ही कम जीआई मूल्यों वाले चावल की तीन किस्मों की पहचान की है जिन्हें मधुमेह रोगियों के लिए उपयुक्त माना जाता है। ये लालत (जीआई=53.17), बीपीटी 5204 (जीआई=51.42) और संपदा (जीआई=51) हैं। इसके अलावा, कम जीआई वाले चावल तेलंगाना सोना% का प्रोफेसर जयप्रकाश तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय (पीजेटीएसएयू) के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित किया गया है। भारत को मधुमेह से पीड़ित 77 मिलियन (7.7 करोड़) से अधिक वयस्कों के साथ दुनिया की मधुमेह राजधानी के रूप में जाना जाता है। यह संख्या 2045 तक बढ़कर 134 मिलियन (13.4करोड़) होने की उम्मीद है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मधुमेह मेलेटस को अंधेपन के प्रमुख कारणों में से एक, गुर्दे की विफलता, दिल का दौरा, स्ट्रोक और निचले अंगों का विच्छेदन का प्रमुख कारण माना जाता है।

### काराकोरम क्षेत्र...

(2,437 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र) में छह ग्लेशियर की निगरानी कर रहा है। वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी (डब्ल्यूआईएचजी) उत्तराखंड में कुछ ग्लेशियरों की निगरानी कर रहा था, जिससे पता चलता है कि भागीरथी बेसिन में डोकरियानी ग्लेशियर वर्ष 1995 से 15 से 20 मीटर प्रति वर्ष की दर से पीछे हट रहा था, जबकि मंदाकिनी बेसिन में चोरबारी ग्लेशियर 2003-2017 के दौरान 9 से 11 मीटर प्रति वर्ष की दर से पीछे हट रहा था। यह भी कहा गया कि ग्लेशियर का हिमालई नदियों के जल संसाधनों पर काफी प्रभाव पड़ता है। मंत्रालय ने कहा कि ग्लेशियर के पिघलने से झीलों की संख्या और इनके आाकार में बढ़ोतरी होती है, जिससे खतरा बढ़ जाता है। ग्लेशियर झील के फटने से लोगों को बाढ़ का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा इसका उच्च हिमालई क्षेत्र की कृषि परंपराओं पर भी असर पड़ता है।

### ममता ने...

बीच ताजा संघर्ष अभिषेक द्वारा गढ़े एक व्यक्ति-एक पद के नारे को लेकर है। इस बीच, उत्तर 24 परगना के तीन नेताओं के तृणमूल कांग्रेस में वापसी के बाद बंगाल भाजपा को और अधिक झटका लगा है। ये सभी नेता बैरकपुर से बीजेपी सांसद अर्जुन सिंह के रिश्तेदार हैं। इन तीन नेताओं में पूर्व विधायक सुनील सिंह, उनके बेटे आदित्य और गरुलिया नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सौरभ सिंह ने 27 फरवरी को भाजपा के टिकट पर नगरपालिका चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था। इन तीनों नेताओं ने यह कहते हुए अपना नामांकन वापस ले लिया कि उन्हें अपनी गलतियों का एहसास हो गया है। उलुबेरिया में भी लगभग 750 भाजपा के लोग टीएमसी में लौट आए और पार्टी के अंदर की लड़ाई और भाई-भतीजावाद की शिकायत की। उनमें से अधिकांश ने पिछले साल के विधानसभा चुनावों से पहले तृणमूल को भगवा संगठन में शामिल होने के लिए छोड़ दिया था, जिसमें भाजपा सत्ता पर कब्जा करने में विफल रही थी। तृणमूल को प्रचंड बहुमत के साथ इन लोगों के घर वापसी का रास्ता तैयार हुआ।

### पुलिस आधुनिकीकरण...

हैं जो 26,275 करोड़ रुपए की कुल केंद्रीय वित्तीय लागत से आधुनिकीरण एवं सुधार में योगदान देंगी। मंत्रालय का कहना है कि यह व्यवस्था अंदरूनी तथा कानून व्यवस्था तथा पुलिस द्वारा आधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने के तहत की गई है। उसके अंतर्गत देश में ठोस अपराध विज्ञान तंत्र विकसित करने और राज्यों को मादक पदार्थों पर काबू पाने तथा आपराधिक न्याय प्रणाली को मजबूत करने के लिए सहायता दी जाएगी। जम्मू कश्मीर, उग्रवाद प्रभावित पूर्वोत्तर राज्यों तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी व्यय के लिए 18,839 करोड़ रुपए का केंद्रीय व्यय निर्धारित किया गया है। राज्यों को राज्य पुलिस बलों के आधुनिकीकरण के लिए केंद्र 4,846 करोड़ रुपए देगा।

### इसरो के...

जड़त्व (दिन और रात) के आकलन में सहायता प्रदान करेगा। यह पीएसएलवी की 54वीं उड़ान होगी और 6 पीएसओएम-एक्सएल (स्ट्रैप-ऑन मोटर्स) के साथ पीएसएलवी-एक्सएल कॉन्फिगरेशन का उपयोग करते हुए 23वां मिशन होगा।

### पंजाब ने...

नहीं कर पाए थे। फ्रेंचाइजी में हालांकि खिलाड़ियों की जगह खाली थी (न्यूनतम 18 खिलाड़ी) इसलिए उन्हें टीम से जोड़ने को लेकर उत्सुकता थी। हाल में टेस्ट श्रृंखला के दौरान भारतीय बल्लेबाजों को परेशान करने वाले दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को जेनसन के लिए सनराइजर्स हैदराबाद ने चार करोड़ 20 लाख रुपए की बोली लगाई। ओडियन स्मिथ में नीलामी के दौरान काफी रुचि देखने को मिली क्योंकि उन्होंने हाल में भारत के खिलाफ संपन्न एकदिवसीय श्रृंखला में अपनी गति और नियंत्रण से प्रभावित किया था। साथ ही उनमें लंबे शॉट खेलने की क्षमता भी है। स्मिथ ने कैरेबियाई प्रीमियर लीग के दौरान अपनी गति से क्रिस गेल का बल्ला तोड़ दिया था और पंजाब की टीम ने पर्याप्त पैसा होने के कारण उन्हें टीम से जोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पंजाब किंग्स के मुख्य कोच अनिल कुंबले ने कहा, मुझे लगता है कि यह सिर्फ हाल के प्रदर्शन के आधार पर नहीं है, हम सभी को पता है कि वह (ओडियन) उभरता हुआ खिलाड़ी है और उसने अपनी ताकत, गेंदबाजी कौशल और बल्लेबाजी कौशल दिखाया है। हमने यहां भारत के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में भी इसका नजारा देखा। दिन की शुरुआत में मुंबई के पास 27 करोड़ रुपए से अधिक बचे थे जबकि उन्हें कम से कम 10 खिलाड़ियों को खरीदना था। फ्रेंचाइजी ने हालांकि पहले सत्र के दौरान खिलाड़ियों को कोई खास रुचि नहीं दिखाई। टीम ने नवदीप सैनी के लिए बोली लगाई लेकिन इसके बावजूद राजस्थान रॉयल्स ने इस तेज गेंदबाज को दो करोड़ 40 लाख रुपए में खरीद लिया। मुंबई की टीम हालांकि जयदेव उनादकट को एक करोड़ 30 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ने में सफल रही जबकि लेग स्पिनर मयंक मार्कंडेय के लिए 65 लाख रुपए खर्च किए। टीम की बोली में हालांकि आक्रामकता नजर नहीं आई जिसके लिए वह जानी जाती है। मुंबई इंडियन्स ने हालांकि दिन के दूसरे सत्र में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज आर्चर को आठ करोड़ रुपए में खरीदा लेकिन वह चोटिल होने के कारण इस सत्र में नहीं खेल पाएंगे। फ्रेंचाइजी ने इसके अलावा डेनियल सैम्स और टाइमल मिल्स को भी अपनी टीम से जोड़ा। दिन की शुरुआत में लखनऊसुपर जाइंट्स के पास छह करोड़ 90 लाख रुपए के रूप में सबसे कम राशि थी। पहले दिन अच्छी एकादश तैयार करने के बाद फ्रेंचाइजी दूसरे दिन बड़ी बोली लगाने की स्थिति में नहीं थी। फ्रेंचाइजी ने कृष्णप्पा गौतम को 90 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा जिन्हें पिछले सत्र में सुपरकिंग्स ने नौ करोड़ रुपए से अधिक खर्च करके अपने साथ जोड़ा था। बैकअप तेज गेंदबाज के रूप में लखनऊने श्रीलंका के दुष्मंता चमीरा को खरीदा। दिल्ली कैपिटल्स ने भारत की अंडर-19 विश्व कप टीम के कप्तान यश धुल को सिर्फ 50 लाख रुपए में खरीदा जिनका आधार मूल्य 50 लाख रुपए था। धुल दिल्ली कैपिटल्स अकादमी का हिस्सा रहे हैं। नीलामी में अंडर-19 टीम के आलराउंडर राज अंगद बावा में फ्रेंचाइजी की काफी रुचि रही और अंत में पंजाब किंग्स ने स्थानीय खिलाड़ी को दो करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा। बावा के टीम के साथी तेज गेंदबाज राजवर्धन हेंगारगेकर के लिए सुपरकिंग्स ने एक करोड़ 50 लाख रुपए खर्च किए।

# यूक्रेन संकट के बीच कई उड़ानें रद्द की गईं

## ● कुछ का मार्ग परिवर्तित किया गया

**भाषा।** मॉस्को

**रूस और पश्चिमी** देशों के बीच सप्ताहांत में बातचीत के बावजूद आक्रमण की आशंकाओं के मद्देनजर कुछ विमानन कंपनियों ने यूक्रेन जाने वाली अपनी उड़ानें या तो रद्द कर दी हैं या उन्होंने उनका मार्ग दूसरे गंतव्यों की ओर परिवर्तित कर दिया है। ह्वाइट हाउस ने कहा, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ सप्ताहांत करीब एक घंटे तक हुई फोन वार्ता में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि यूक्रेन पर हमला करने से व्यापक पैमाने पर जानमाल की हानि होगी। पश्चिमी देश संकट को समाप्त करने के लिए राजनयिक प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन अन्य परिस्थितियों के लिए भी तैयार हैं। दोनों देशों के राष्ट्रपति के बीच वार्ता अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान के इस बात की



यूक्रेन केराष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की, केंद्र, खेरसॉन क्षेत्र की अपनी कार्य यात्रा के दौरान आंतरिक मामलों के मंत्रालय के अभ्यास में भाग लेते हुए

चेतावनी देने के एक दिन बाद हुई जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिकी खुफिया जानकारी बताती है कि रूस कुछ दिनों के भीतर आक्रमण कर सकता है।

रूस ने आक्रमण के अपने इरादे से इनकार किया है, लेकिन यूक्रेन की सीमा के निकट अपने 1,00,000 से अधिक सैनिकों को जमा कर रखा है। इतना ही नहीं, उसने पड़ोसी देश बेलारूस में युद्धाभ्यास के लिए भी सैनिक भेजे हैं। अमेरिकी अधिकारियों को कहना है कि रूस ने इतने सैन्य साजोसामान इकट्ठा कर लिया है कि वह (रूस) किसी भी समय आक्रमण कर सकता है। नीदरलैंड की विमानन कंपनी केएलएम ने अगली सूचना तक यूक्रेन जाने वाली अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी थी। यूक्रेन के वायुक्षेत्र में खतरे की आशंका के पीछे नीदरलैंड की संवेदनशीलता 2014 की उस घटना के कारण है, जिसमें पूर्वी यूक्रेन में रूस समर्थित विद्रोहियों के कब्जे वाले क्षेत्र के ऊपर मलेशियाई विमान को मार गिराया गया था और सभी 298 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें नीदरलैंड के 198 नागरिक शामिल थे। यूक्रेन की विशेष विमानन कंपनी स्काईअप ने रविवार को कहा कि पुर्तगाल के मदेरा से कीव जाने वाली उड़ानें मोल्दोवा की राजधानी चिशिनाउ की ओर मोड़ दी गई हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता सेरही निकीफोरोव ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि यूक्रेन ने अपना वायुक्षेत्र बंद नहीं किया है।

## जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज करेंगे रूस, यूक्रेन की यात्रा

**बर्लिन।** जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज रूस और यूक्रेन के बीच तनाव कम करने के प्रयासों के तहत अगले सप्ताह दोनों देशों की यात्रा करेंगे। शोल्ज ऐसे समय में यह यात्रा कर रहे हैं, जब पश्चिमी खुफिया अधिकारियों ने यूक्रेन पर रूसी हमले की आशंका को लेकर सचेत किया है और जर्मनी ने अपने नागरिकों से यूक्रेन से बाहर निकल जाने को कहा है। शोल्ज यूक्रेन के राष्ट्रपति से मुलाकात के लिए सोमवार को कीव और रूस के राष्ट्रपति से मिलने के लिए मंगलवार को मॉस्को की यात्रा करेंगे। यात्रा के लिए रवाना होने से पहले उन्होंने रूसी हमले की आशंका को लेकर फिर से सचेत किया और विभिन्न रूप से राजनयिक प्रयासों को जारी रखने की वकालत की। शोल्ज ने शुक्रवार को जर्मन संसद के ऊपरी सदन में कहा, यह सुनिश्चित करना हमारा काम है कि हम यूरोप में हमले को रोकें। इसी के मद्देनजर हमने रूस को एक स्पष्ट संदेश भेजा है कि किसी भी सैन्य आक्रामकता का रूस को गंभीर परिणाम भुगतना होगा।



कीव मातृभूमि स्मारक के साथ राजधानी के ऊपर यूक्रेन का राष्ट्रीय ध्वज लहराता हुआ कुछ एयरलाइनों ने यूक्रेन के लिए उड़ानों को रोक दिया है या डायवर्ट कर दिया है

## बाइडन ने पुतिन को यूक्रेन पर आक्रमण की भारी कीमत चुकाने की चेतावनी दी : व्हाइट हाउस

**भाषा।** मॉस्को

**अमेरिका के राष्ट्रपति** जो बाइडन ने रूस के राष्ट्रपति से यूक्रेन की सीमा पर एक लाख से ज्यादा सैनिकों के जमावड़े को हटाने को शनिवार को फिर से कहा, साथ ही रूस को चेतावनी दी कि अगर वह यूक्रेन पर आक्रमण करता है तो अमेरिका और उसके सहयोगी दृढ़ता से जवाब देंगे और उसे इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार बाइडन ने पुतिन से कहा, आक्रमण का अंजाम व्यापक मानवीय पीड़ा होगी और रूस की छवि धूमिल होगी। साथ ही बाइडन ने पुतिन से यह भी कहा कि अमेरिका यूक्रेन पर कूटनीति जारी रखेगा लेकिन अन्य परिदृश्यों के लिए भी समान रूप से तैयार है। यूक्रेन संकट के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तथा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच फोन पर 62 मिनट तक बातचीत हुई।

**PUBLIC NOTICE**

मेरे मुवक्किल श्री मीर सिंह पुत्र डालचन्द, पता : सी-22ए, न्यू अशोक नगर, वसुन्धरा इन्कलेव, दिल्ली-110096 मेरे मुवक्किल के द्वारा पुत्र श्री प्रदीप कुमार और पुत्रवधु शिवानी पाल उनके अवज्ञाकारी होने के कारण दोनों से अपने सम्बन्ध-विच्छेद करके अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं। भविष्य में उनके किसी कृत्य के लिए मेरे मुवक्किल व उनका परिवार उत्तरदायी नहीं होगा।

MANOJ KUMAR ADVOCATE
BAR LIBRARY NO.1, SUPREME COURT OF INDIA, NEW DELHI

**सार्वजनिक सूचना**

जनता को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि (1) शेयर प्रमाणपत्र (2) आवंटन पत्र (3) कब्जा पत्र (4) सोसाइटी–सदस्य करार (5) भुगतान रसीद, जो कि रजनी गंधा सी.जी.एच.एस. लिमिटेड, प्लॉट–4, सेक्टर–10, द्वारका, नई दिल्ली द्वारा लोक नाथ गुलाटी पुत्र एच.सी. गुलाटी को आवंटित किये गये थे, और पंजीकृत समझौता/करार पत्र, जनरल पावर ऑफ अटॅर्नी, वसीयत सभी दिनांक 17.05.2005, भुगतान रसीद, कब्जा पत्र, शपथ पत्र, एक विशेष पावर ऑफ अटॅर्नी के साथ जो कि जेम्स कीशिंग पुत्र क. लुइस द्वारा निष्पादित किये गए थे, सभी फ्लेट नंबर–1004, रजनी गंधा सी.जी.एच.एस. लिमिटेड, प्लॉट–4, सेक्टर–10, द्वारका, नई दिल्ली–75 से संबंधित हैं, को इसके मालिक इंदर प्रीत कौर पत्नी हरविंदर सिंह निवासी फ्लेट नंबर–1004, रजनी गंधा सी.जी.एच.एस. लिमिटेड, प्लॉट–4, सेक्टर–10, द्वारका, नई दिल्ली, द्वारा खो दिया गया है। इस आशय की सूचना दिल्ली पुलिस को ऑनलाइन पोर्टल पर एल नंबर 119869/2022 दिनांक 11.02.2022 के तहत एक एनसीआर/प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। पाने वाला कृपया वर्तमान तिथि से 7 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें, उसके बाद उपयोगकर्ता/धारक खोये/लापता दस्तावेज के उपयोग के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

PREM PRAKASH - ADVOCATE
207, Plot-1, MLU Sector-10, Dwarka, New Delhi -110075 Ph.: 9871268399

**सार्वजनिक सूचना**

मैं सुषमा बंसल पत्नी स्व. श्री वेद प्रकाश बंसल, निवासी 1299, न्यू शिवपुरी, हापुड़, अपने बड़े पुत्र प्रशान्त बंसल (अविवाहित) को अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से उसके गलत व्यवहार आदि के कारण बेदखल करती हूं। मैं एवं मरे अन्य दोनों छोटे पुत्र निशान्त बंसल एवं अनन्त बंसल आदि अपने उपरोक्त वर्णित पुत्र के किसी भी कृत्यादि के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

**PUBLIC NOTICE**

Unit No. A-2001 was allotted to Ms. Shivali Choudhary, Unit No. A-1401 was allotted to Mrs. Vibha Sharma, Unit No. L-1408 was allotted to Mr. Vivek Ranjan, Unit No. M-604 was allotted to Mrs. Sangeeta Kumari, Unit No. M-1107 was allotted to Mr. Tanveer Alam, Unit No. M-001 was allotted to Mr. Rahul Rawal, Unit No. M-1206 was allotted to Mr. Deepak Narang, M308 was allotted to Mr. R.P. Aditya, L-1406 was allotted to Mr. Preet Pal Singh, M-1604 was allotted to Ms. Sonia Vij in project Blossom County (Logix Infrastructure) Plot No.02, Sector 137, Noida Expressway, Noida-201305. Pursuant to repeated reminders the allottees has defaulted in making payments and taking possession of the said unit.

This to intimate that in case nothing is heard from the concerned allottees within 5 working days of this public notice, the unit's shall stand cancelled without any right or lien of the allottees and Logix shall be free to deal with the said unit's.

For Logix Infrasteature Pvt. Ltd.
Authorized Signatory
Contact No. 8595791125

## नेपाल के प्रधान न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव

**काठमांडू।** नेपाल के सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों ने भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर रविवार को प्रधान न्यायाधीश चोलेंद्र शमशेर जेबी राणा के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव दाखिल किया। संसद सचिवालय के प्रवक्ता राजनाथ पांडे ने कहा कि पूर्वाह्न 11 बजे महाभियोग का प्रस्ताव दर्ज किया गया। राणा को प्रतिनिधि सभा में उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव दर्ज होने के बाद पद से निलंबित कर दिया गया है। राणा ने दो जनवरी, 2019 को प्रधान न्यायाधीश का पद ग्रहण किया था। विधि एवं न्याय मंत्री दिलेंद्र प्रसाद बडू, नेपाली कांग्रेस के सचेतक पुष्पा भुसाल, सीपीएन-माओवादी केंद्र के सचेतक देव गुरुंग सहित सत्तारूढ़ गठबंधन के कुल 98 सांसदों ने प्रधान न्यायाधीश पर महाभियोग दर्ज किए जाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए है। महाभियोग प्रस्ताव के दर्ज होने के साथ ही प्रधान न्यायाधीश के स्वतः निलंबन का प्रावधान है।

## यमन में आतंकवादियों ने संयुक्त राष्ट्र के पांच कर्मचारियों का अपहरण किया

**सना।** अलकायदा के संदिग्ध आतंकवादियो ने दक्षिणी यमन मे संयुक्त राष्ट्र के पांच कर्मचारियो का अपहरण कर लिया है। यमन के अधिकारियो ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियो ने कहा कि शुक्रवार देर रात दक्षिणी प्रांत अबयान मे कर्मचारियो का अपहरण कर लिया गया और उन्हे एक अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। उन्होने बताया कि इनमे चार यमन के और एक विदेशी नागरिक शामिल है। अपहरण के बारे मे एक सवाल के जवाब मे संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, हम मामले से अवगत है लेकिन कुछ कारणो से इस पर टिप्पणी नही कर रहे है।

## अमेरिका, जापान और द. कोरिया के विदेश मंत्रियों की उ.कोरिया पर चर्चा के लिए बैठक

**होनोलूलू (अमेरिका)।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने साल के प्रारंभ से ही मिसाइलो का परीक्षण शुरू कर चुके परमाणु शक्ति संपन्न उत्तर कोरिया से उत्पन्न खतरों पर चर्चा करने के लिए हवाई मे शनिवार को जापान एवं दक्षिण कोरिया के अपने समकक्षो के साथ बैठक की। हालांकि तीनो देशो ने एक संयुक्त बयान मे कहा कि उनका उत्तर कोरिया के प्रति कोई शत्रुतापूर्ण भाव नही है और वे बिना किसी पूर्व शर्त के उसके साथ बैठक के लिए तैयार है। ब्लिंकन ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन मे कहा कि उत्तर कोरिया भड़काने मे लगा है तथा तीनो ही देशो ने हाल के उसके मिसाइल परीक्षणो की निंदा की।

# जर्मन राष्ट्रपति फ्रैंक वाल्टेर स्टीनमीयर अगले कार्यकाल के लिए निर्वाचित



**भाषा।** बर्लिन

**जर्मन राष्ट्रपति** फ्रैंक वाल्टेर स्टीनमीयर विशेष संसदीय एसेंबली द्वारा रविवार को अगले पांच सालों के लिए फिर से राष्ट्रपति चुन लिए गए। इस रस्मी राष्ट्राध्यक्ष पद पर दूसरे कार्यकाल के लिए उनके नाम पर मुख्य धारा के ज्यादातर राजनीतिक दलों ने मुहर लगा दी। जर्मनी की संसद के निचले सदन के सदस्यों तथा 16 प्रांतों के प्रतिनिधियों से बनी विशेष एसेंबली द्वारा बड़े बहुमत से स्टीनमीयर को दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुना गया। निर्वाचित होने के बाद विशेष एसेम्बली में अपने संबोधन में स्टीनमीयर ने कहा, मेरी जिम्मेदारी उन सभी लोगों के प्रति है जो इस देश में रहते हैं। दलीय भावना से ऊपर उठकर , हां-- लेकिन जब लोकतंत्र की बात आती है तो मैं तटस्थ नहीं हूं।जो भी लोकतंत्र के लिए लड़ेगा वह अपने साथ मुझे पाएगा। जो भी उसपर हमला करेगा, वह मुझे विरोधी के रूप में देखेगा। वर्ष 2017 में राष्ट्रपति बनने से पहले वह एंजेला मर्केल के चांसलर रहने के दौरान विदेश मंत्री थे। उससे पहले वह चांसलर ग्रेहार्ड स्क्रोडर के चीफ ऑफ स्टाफ थे। जर्मनी में राष्ट्रपति के पास कार्यकारी शक्तियां तो नहीं हैं लेकिन वह एक अहम नैतिक प्राधिकार होते हैं।

## इंडोनेशिया में चेतावनी के बावजूद समुद्र तट पर गए 11 लोग तेज लहरों में बहे

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी जावा प्रांत में चेतावनी के बावजूद 11 लोग समुद्र तट पर गए जहां शक्तिशाली लहरें उन्हें बहा ले गईं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। तलाश और बचाव कार्य एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार रात को कई गांवों के 24 लोगों का समूह स्थानीय कर्मकांड में भाग लेने समुद्र तट पर पहुंचा। अनुष्ठान के तहत इन लोगों को समुद्र में तैरना भी था।

**PUBLIC NOTICE**

Residential Apartment bearing CGJ 163, admeasuring 1597 sq. mtrs. situated in DLF Capital Greens Phase-II, Shivaji Marg, New Delhi The Flat wa s purchased in joint name of Mr B.M. Agarwal & Smt Shukla Agarwal W/o B.M. Agarwal R/o QD -43 , Ground Floor Pitampura Delhi - 110034.Mr Brij Mohan Agarwal expired on 17.04.2021 leaving behind a registered will dated 05.03.2020 in favour of his wife Smt Shukla Agarwal which is being noted in DLF,s record in respect of the captioned flat .If any body has any objection he or she may approach M/s. DLF Home Developers Ltd., DLF Centre, Sansad Marg,New Delhi-110001 within 21 days of publication of this notice.

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby brought to the notice of the public at large, that the following original registered documents/sale deeds related to the land situated at village Bhora Kalan, Tehsil & District Gurugram & described here in below had been misplaced & not available with the owner, M/s Skymettle Infrastructures Private Limited (1) Sale Deed as Document no. 275 on 07.04.1999. (2) Sale Deed as Document no. 2044 on 10.05.1999. (3)Exchange Deed as Document no. 1562 dated 26.08.2016. (4) Sale Deed as Document no. 3878 dated 04.06.1999. (5) Gift Deed as Document no. 3786 dated 25.11.2011. (6) Sale Deed as Document no.3529 dated 08.03.2013. (7) Exchange Deed as Document no. 2364 dated 20.01.2017.(8)Sale Deed as Document no. 2430 dated 08.02.2017. (9) Sale Deed as Document no. 883 dated 01.09.2000. The Public at large is hereby informed that M/s Skymettle Infrastructures Private Limited who is present owner of Land measuring 0 Kanal 7 Marla, falling under Rectangle No. 192 Killa No. 22/1 (0-4), and Rectangle No. 196 Killa no. 2/1/1 (0-3), Land measuring 12 Kanal 0 Marla, falling under Rectangle No. 196 Killa No. 18/2 (5-4), 19/1/1 (4-18), 19/2/1 (0-10), 19/2/2/1 (1-8), Land measuring 34 Kanal 8 Marla comprised in Rectangle No. 192 Killa No. 23 (8-0), 24/1 (2-4), 24/2 (5-16), 25/1 min (0-4), 25/2 min (0-12), Rectangle No. 196 Killa no. 4 (8-0), 5 min (0-16), 6 min (0-16), 7 (8-0), Land measuring 87 Kanal 12 Marla, falling under Rectangle No. 192 Killa No. 22/2 (7-8), Rectangle no. 195 Killa no. 20 (2-16), 21/1/1 (1-1), Rectangle no. 196, Killa No. 2/1/2 (5-3), 2/2/1 (0-1), 2/2/2 (2-5), 3 (8-0), 8 (8-0), 9/1 (7-8), 9/2 (0-4), 12/1/2 (2-1), 12/2/2 (4-15), 13/1 (2-0), 13/2 (6-0), 14/1 (1-7), 14/2 (6-13), 15/1min (0-8), 15/2 (0-8), 16/1 (7-12), 16/2 (0-8), 17 (8-0), 18/1 (2-16), 22/1/2(0-7), 23/1 (0-9), 24/1 (0-9), 25/1 (1-13), situated at village Bhora Kalan, Tehsil & District Gurugram and have obtained and/ or shall obtain credit facilities from HDFC Bank Ltd. with security of the aforesaid properties after publication of this notice. Any person, who comes in knowledge or possession of aforemen-tioned original sale deeds, may please return the same to above mentioned property address or at below mentioned address. Any person or authority dealing with the deed/documents and / or the aforesaid Properties and/or deriving any benefit by impersonation or claiming any interest in the aforesaid Properties on the basis of said sale deeds/documents or in any manner whatsoever, he/she/it shall do so at his /her/ its own cost, expense, liability and risk or may also send his/her/their claims in writing to the undersigned along with documentary evidence in support of the claim.

Sushil Kumar Singh (Advocate)
F-10, LGF, Jangpura Ext.,
New Delhi-110014

**SBFC**
SBFC Finance Pvt. Ltd.
(Erstwhile Small Business Fincredit India Pvt. Ltd.)

Address Unit No. 103, First Floor C&B Square, Sangam Complex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala, Andheri (East), Mumbai 400059 | Telephone: +91 22 67875300 | Fax: +91 22 67875334 | www.sbfc.com| Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

**सार्वजनिक सूचना**

जनता को यह सूचित किया जाता है कि उपयोग किये गए सोन के गहनों की नीलामी एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि. द्वारा दिनांक **21 फरवरी 2022** को या उसके पश्चात 10 बजे क्षेत्रीय कार्यालय लाजपत नगर O-7, ऊपर लुक सलून, लाजपत नगर-II, नई दिल्ली-110024 नई दिल्ली-110024, फरीदाबाद शाखा D-2, पहली मंजिल, नजदीक 1-2 चौक फरीदाबाद हरियाणा और गुरुग्राम शाखा पहली मंजिल,प्रोपर्टी नं. 342/9, सुभाष नगर, नई रेलवे रोड, गुरुग्राम 122001,नॉएडा: प्लाट नंबर–5,ग्राउंड फ्लोर, वाइट कैसल होटल के सामने, डबरी रोड, सलारपुर, भंगेल, सेक्टर – 101, जनपद गौतम बुध नगर, नॉएडा – 201304 गाजियाबाद शाखा 28, RDC राज नगर, गाजियाबाद नजदीक SBI ब्रांच, हापुड़- पहली मंजिल, पीसी ज्वैलर्स के ऊपर, गढ़ परगना, पक्का बाग, गढ़ रोड, हापुड़-245101 पर की जाएगी।

नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने उन सभी अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है जो अपना बकाया देने में असमर्थ है। उधारकर्ताओं को नीलाम की नोटिस पंजीकृत डाक द्वारा विधिवत् जारी की गई है। नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने नीचे दिये गये शाखा के अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है।

Faridabad branch, PR00926523/117101590, PR00845862/117100856, PR00884967/985100224, PR00787102/117100179, PR00928141/117101599, PR00846453/117100872, PR00886646/117101303, PR00826033/117100598, PR00928494/117101605, PR00846653/117100875, PR00889042/117101319, PR00826958/117100609, PR00928994/117101611, PR00846829/117100880, PR00897172/117101378, PR00827005/117100610, PR00929007/173100231, PR00847384/117100897, PR00898823/117101391, PR00827172/117100614, PR00929256/117101615, PR00850831/117100952, PR00907289/117101443, PR00830739/117100647, PR00935021/117101652, PR00857966/117101025, PR00907843/117101451, PR00833509/117100684, PR00936812/117101667, PR00862500/117101069, PR00908221/117101453, PR00835911/117100712, PR00937286/117101668, PR00863777/117101095, PR00909676/117101457, PR00836712/117100727, PR00938415/117101676, PR00865130/117101110, PR00912099/117101479, PR00840359/117100771, PR00941337/117101696, PR00867292/117101129, PR00916715/117101509, PR00840449/117100772, PR00942410/117101707, PR00871012/117101160, PR00916768/117101510, PR00843306/117100812, PR00942515/117101708, PR00871138/117101162, PR00917403/117101513, PR00843400/117100814, PR00943915/117101720, PR00871148/117101163, PR00917513/117101514, PR00843471/117100816, PR00945301/117101733, PR00872165/117101172, PR00919229/117101533, PR00843513/117100817, PR00945467/117101734, PR00872667/117101176, PR00919993/117101537, PR00843598/117100823, PR00949583/117101768, PR00872955/117101181, PR00920123/117101540, PR00843612/117100828, PR00956603/117101822, PR00874197/117101193, PR00922367/117101560, PR00843869/117100831, PR00957285/117101829, PR00874993/117101205, PR00922951/117101568, PR00844083/117100837, PR00959866/117101846, PR00882306/117101264, PR00926481/117101589, PR00844433/117100840, Ghaziabad Branch, PR00954060/963100510, PR00909474/963100371, PR00874630/963100239, PR00836007/963100007, PR00956092/963100513, PR00937975/963100435, PR00895431/963100311, PR00836062/963100008, PR00837080/963100011, PR00937975/963100435, Gurugram Branch, PR00935048/67101601, PR00902343/67101428, PR00861107/67101064, PR00834242/67100726, PR00939394/67101640, PR00903186/67101432, PR00869012/67101167, PR00835495/67100740, PR00940684/67101654, PR00904625/67101440, PR00873622/67101239, PR00840516/67100784, PR00945876/67101692, PR00905327/67101444, PR00878027/67101276, PR00840782/67100795, PR00947706/67101714, PR00915996/67101499, PR00879009/67101284, PR00844247/67100847, PR00954382/67101758, PR00919509/67101514, PR00880156/67101298, PR00856820/67101016, PR00955076/67101765, PR00925782/67101538, PR00884433/67101330, PR00856924/67101020, PR00955437/67101768, PR00930133/67101570, PR00898950/67101405, PR00859672/67101050, Hapur Branch, PR00927126/825100342, PR00922521/825100322, PR00872735/825100080, PR00856263/825100008, PR00927394/825100343, PR00922631/825100323, PR00872755/825100081, PR00857813/825100016, PR00927946/825100344, PR00922963/825100325, PR00915917/825100297, PR00862448/825100031, PR00930923/825100350, PR00927078/825100341, PR00871998/825100075, PR00869822/825100064, PR00870064/825100067, PR00870052/825100066, Lajpat Nagar branch, PR00874449/43100564, PR00931450/43100743, PR00931440/43100742, Laxmi Nagar branch, PR00938120/49100826, PR00919168/49100761, PR00882746/49100671, PR00872659/49100627, PR00944048/49100864, PR00930398/49100799, PR00892702/49100700, PR00874229/49100633, PR00882536/49100669, PR00882598/49100670, PR00892702/49100700, Noida Branch, PR00944668/1008100319, PR00929533/1008100261, PR00867051/1008100119, PR00855160/1008100043, PR00945058/1008100321, PR00934989/1008100270, PR00899929/1008100217, PR00858705/1008100072, PR00952076/1008100333, PR00940515/1008100290, PR00905447/1008100227, PR00858842/1008100073, PR00952425/1008100334, PR00941983/1008100301, PR00905457/1008100228, PR00863941/1008100105, PR00952492/1008100335, PR00943233/1008100304, PR00905465/1008100229, PR00866560/1008100118, PR00956533/1008100339, PR00911703/1008100237, PR00905465/1008100229, Rohini Branch, PR00952182/65101405, PR00899434/65101250, PR00864978/65101131, PR00846386/65100951, PR00956489/65101429, PR00951842/65101403, PR00874096/65101184, PR00854198/41100453, Tughlakabad Branch, PR00945720/73101436, PR00932501/73101359, PR00919936/73101281, PR00874477/73100993, PR00945907/73101437, PR00940077/73101389, PR00929655/73101341, PR00904787/73101153, PR00955025/73101477, PR00942128/73101405,

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:

**एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि.**

संपर्क सं.: लाजपत नगर 1800-102-8012 / 011- 40305228 / 207, फरीदाबाद 01294314725/4104450, और गुरूग्राम शाखा 0124-4276037

एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि. को बिना किसी पूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की संख्या में परिवर्तन/निलंबन/निरस्तीकरण करने का अधिकार है

# धार्मिक पुस्तक की बेअदबी को लेकर पाकिस्तान में भीड़ ने अधेड़ व्यक्ति की हत्या की

## ● शव पेड़ से लटका दिया

**भाषा।** लाहौरा-इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के एक सुदूर गांव में भीड़ ने एक धार्मिक पुस्तक की कथित बेअदबी के आरोप में एक विक्षिप्त अधेड़ व्यक्ति की पत्थर मार-मारकर हत्या कर दी और उसका शव पेड़ से लटका दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना शनिवार शाम लाहौर से 275 किलोमीटर की दूरी पर स्थित जंगल डेरा गांव में हुई, जहां स्थानीय लोग अपनी मगरिब की नमाज के बाद इस घोषणा के मद्देनजर इकट्ठा हुए थे कि एक व्यक्ति ने पवित्र कुरान के पन्ने फाड़कर उन्हें आग लगा दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पुलिस की एक टीम घटना से पहले ही गांव पहुंच गई थी, लेकिन भीड़ ने पीड़ित को थाना प्रभारी की हिरासत से छुड़ाकर पेड़ से बांध दिया, जिसके बाद उसकी पत्थर मार-मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि पीड़ित ने बेकसूर होने का दावा किया था, लेकिन गुस्साई भीड़ ने उसकी एक न सुनी और तब तक पत्थर बरसाए, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। पुलिस अधिकारी मुहम्मद अमीन ने पीटीआई-भाषा को बताया कि जंगल डेरावाला गांव की मस्जिद शाहमुकीम मुआजा में 300 से अधिक लोग जमा हुए थे, जहां उन्होंने एक अधेड़ व्यक्ति को पत्थर से मारने से पहले उसे रस्सी से बांध दिया था। बाद में उन्होंने उसके शव को एक पेड़ से लटका दिया। अमीन ने कहा कि शव को पेड़ से नीचे उतारने की कोशिश कर रहे दो पुलिसकर्मी उस समय घायल हो गए। जब भीड़ ने उन पर पथराव शुरू कर दिया।

## जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय की अहम भूमिका की प्रशंसा की

**भाषा।** मेलबर्न

**विदेश मंत्री एस** जयशंकर ने रविवार को यहां भारतीय समुदाय से मुलाकात की और ऑस्ट्रेलिया में देश की सकारात्मक छवि बनाने एवं द्विपक्षीय संबंधों के नए चरण में उनकी अहम भूमिका की सराहना की। जयशंकर ने 10 फरवरी से 13 फरवरी तक विदेश मंत्री के तौर पर ऑस्ट्रेलिया की पहली बार यात्रा की। उन्होंने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के विदेश मंत्रियों के साथ चौथी क्वाड (चतुष्पक्षीय) बैठक में भाग लिया। विदेश मंत्री ने भारत की सकारात्मक छवि बनाने में भारतीय समुदाय की भूमिका की सराहना की। जयशंकर ने ट्वीट किया, अपनी मेलबर्न यात्रा के अंत में भारतीय समुदाय से मुलाकात करना उपयुक्त रहा। भारत की सकारात्मक छवि बनाने में उनकी भूमिका सराहनीय है। वे हमारे संबंधों के इस नए चरण में अहम साझेदार हैं। मेलबर्न की कुल आबादी के तीन प्रतिशत लोग भारतीय मूल के प्रवासी हैं।

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby brought to the notice of the public at large, that the following original registered documents/sale deeds related to the land situated at village Binola, Tehsil Manesar, District Gurugram, Haryana & described hereinbelow had been misplaced /not available with the owner, M/s Skymettle Infrastructures Private Limited (1) Sale Deed as Document no.12036, registered on 18.10.1995. (2) Sale Deed as Document no.12038, registered on 18.10.1995. (3) Sale Deed as Document no. 12042, registe-red on 18.10.1995. (4) Sale Deed as Docu-ment no. 12052, registered on 19.10. 1995. (5) Sale Deed as Document no. 12073, registered on 19.10.1995. (6) Sale Deed as Document no. 12056, registered on 19.10.1995. (7) Sale Deed as Document no. 12060, registered on 19.10.1995. (8) Sale Deed as Document no. 12303, registered on 27.10.1995. (9) Sale Deed as Document no. 12328, registered on 30.10.1995. (10) Sale Deed as Document no. 12330, registered on 30.10.1995. (11) Sale Deed as Document no.12339, registered on 30.10.1995. (12) Sale Deed as Document no.12341, registered on 30.10.1995. (13) Sale Deed as Document no.12452, registered on 31.10.1995. (14) Sale Deed as Document no. 12098, registered on 20.10.1995. (15) Sale Deed as Document no. 12162, registered on 20.10.1995. (16) Sale Deed as Document no. 12192, registered on 25.10.1995. (17) Sale Deed as Document no. 12199, registered on 25.10.1995. (18) Sale Deed as Document no. 12193, registered on 25.10.1995. (19) Sale Deed as Document no. 12201, registered on 26.10.1995. (20) Sale Deed as Document no. 12451, registered on 31.10.1995. (21) Sale Deed as Document no. 12453, registered on 31.10.1995. (22) Sale Deed as Document no. 12479, registered on 31.10.1995. (23) Sale Deed as Document no. 12478, registered on 31.10.1995. (24) Sale Deed as Document no. 9525, registered on 13.11.2000. (25) Sale Deed as Document no. 10233, registered on 27.11.2000. (26) Sale Deed as Document no. 10342, registered on 29.11.2000. (27) Sale Deed as Document no. 9769, registered on 17.11.2000. (28) Sale Deed as Document no. 9964, registered on 21.11.2000. (29) Sale Deed as Document no. 10154, registered on 24.11.2000. (30) Sale Deed as Document no. 9842, registered on 20.11.2000. (31) Sale Deed as Document no. 9621, registered on 15.11.2000. (32) Sale Deed as Document no. 10424, registered on 01.12.2000. (33) Sale Deed as Document no. 10551, registered on 04.12.2000. (34) Exchange Deed as Document no. 1412, registered on 01.05.2001. The Public at large is hereby informed that M/s Skymettle Infrastructures Private Limited who is present owner of Land measuring 36 Kanal 03 Marla, falling under Rectangle No. 37 Killa No. 3 (0-14), 4/1 min (2-4), 4/2 min (0-4), 6/1 min (1-4), 6/2 min (2-16), 7/1 (1-2), 7/2 (6-16), 8 (1-9), 15/1 (3-2), 15/2 (3-2), Rectangle no. 38 Killa no. 6/1/2/2/1 (1-18), 7 min (2-18), 8 min (2-18), 9 min (2-18), 10/1 min (0-5), 10/2 (2-13), situated in the revenue estate of village Binola, Tehsil Manesar, District Gurugram, Haryana and have obtained and/or shall obtain credit facilities from HDFC Bank Ltd. with security of the aforesaid properties after publication of this notice. Any person, who comes in knowledge or possession of aforementioned original sale deeds, may please return the same to above mentioned property address or at below mentioned address. Any person or authority dealing with the deed/documents and / or the aforesaid Properties and/or deriving any benefit by impersonation or claiming any interest in the aforesaid Properties on the basis of said sale deeds/documents or in any manner whatsoever, he/she/it shall do so at his/her/its own cost, expense, liability and risk or may also send his/her/their claims in writing to the undersigned along with documentary evidence in support of the claim.

Sushil Kumar Singh (Advocate)
F-10, LGF, Jangpura Ext.,
New Delhi-110014


# दोबारा संक्रमण के दौरान क्या बीमारी के लक्षण मामूली होते हैं?

## ● कोविड-19 पर अध्ययन

**भाषा।** नॉर्विच (ब्रिटेन)

**(द कन्वरसेशन)** महामारी के आरंभ से ही हम जानते हैं कि कोरोना वायरस का संक्रमण दोबारा हो सकता है। हांगकांग के 33 वर्षीय व्यक्ति के संक्रमित होने का मामला दोबारा संक्रमण के शुरुआती मामलों में से एक है। वह पहली बार 26 मार्च 2020 को संक्रमित हुए थे। वह इसके 142 दिनों बाद आनुवंशिक रूप से अलग वायरस से दोबारा संक्रमित हुए। खासकर ओमीक्रोन स्वरूप फैलने के बाद से दोबारा संक्रमण की खबरें आम हो गई हैं। दक्षिण अफ्रीका के प्रारंभिक अध्ययन से पता चलता है कि नए स्वरूप के आने के बाद पुन: संक्रमण का जोखिम तेजी से और काफी हद तक बढ़ गया। अभी यह अध्ययन प्रकाशित नहीं हुआ है और स्वतंत्र रूप से वैज्ञानिकों द्वारा इसकी समीक्षा की जानी है। फिर से संक्रमण क्यों बढ़ रहे हैं? इसका सीधा सा जवाब है क्योंकि हमारी प्रतिरक्षा अक्सर संक्रमण को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं रह जाती है।

**पुन: संक्रमण कितना आम है?** ब्रिटेन ने हाल में अपने कोविड-19 डैशबोर्ड पर पुन: संक्रमण पर डेटा प्रकाशित करना शुरू किया है। इसमें उस व्यक्ति को पुन: संक्रमित हुए मरीज के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जो 90 दिनों से अधिक समय बाद फिर से संक्रमित पाया गया हो। छह फरवरी 2022 तक इंग्लैंड में 1.45 करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए थे और इनमें से लगभग 6,20,000 लोग दोबारा संक्रमित हुए। दोबारा संक्रमण के 50 प्रतिशत से अधिक मामले एक दिसंबर 2021 से आए हैं। यह तथ्य फिर से बताता है कि ओमीक्रोन के साथ पुन: संक्रमण का जोखिम काफी बढ़ गया है। **लेकिन क्या दोबारा संक्रमण के दौरान बीमारी के लक्षण मामूली होते हैं?** टीकाकरण करा चुके लोगों में प्राथमिक संक्रमण के दौरान लक्षण गैर-टीकाकरण वाले लोगों की तुलना में आमतौर पर कम गंभीर होते हैं। यही कारण है कि टीकाकरण के बीच अस्पताल में भर्ती होने की दर कम है।



इसलिए यह मान लेना उचित है कि सामान्य तौर पर प्राथमिक संक्रमण की तुलना में पुन: संक्रमण कम गंभीर होना चाहिए, क्योंकि जो व्यक्ति दोबारा संक्रमित होता है, उसके पास अपने प्राथमिक संक्रमण के कारण पहले से मौजूद कुछ प्रतिरक्षा होगी। साथ ही, कई लोगों को उनके संक्रमित होने के बीच टीका लगाया गया होगा जिससे उनकी प्रतिरक्षा का स्तर और बढ़ा होगा। हम जानते हैं कि कोविड की गंभीरता एक स्वरूप से दूसरे स्वरूप में भिन्न होती है। **क्या पुन: संक्रमण प्रतिरक्षा को मजबूत करते हैं?** इसका जवाब कुछ हद तक हां है। पहले हो चुका संक्रमण ओमीक्रोन संक्रमण के मामले में टीके की दो खुराक के समान सुरक्षा प्रदान करता है। इसलिए यह मान लेना उचित है कि पुन: संक्रमण से प्रतिरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा, लेकिन ऐसी प्रतिरक्षा अभी भी शत-प्रतिशत सुरक्षात्मक नहीं होगी। लोगों के कई बार संक्रमित होने के सबूत भी सामने आ रहे हैं। यह आश्चर्यजनक नहीं होना चाहिए, क्योंकि हम जानते हैं कि इंसानों को प्रभावित करने वाला कोरोना वायरस हर कुछ वर्षों में पुन: संक्रमण का कारण बनते हैं।

**PUBLIC NOTICE**

We act for and on behalf of our client, "The Khattri Co-operative Urban Bank Limited", having its branch at F-3/4, Block-F, Krishna Nagar, Delhi-110051, and publish this Public Notice for the necessary information and intimation to all the below mentioned customers of the Bank who availed locker facilities from the Bank but have persistently defaulted in payment of Locker Rents and have also not operated their respective lockers for more than three years. The below mentioned lockers have thus become dormant and individual Notices to the below mentioned locker holders have already been issued on 26.12.2021 asking them to pay the overdue locker rent and regularize their respective lockers within 15 days of receipt of the said Notices. Accordingly, by way of this Public Notice, a last and final opportunity is granted to the below mentioned locker holders, who have, despite the service and receipt of the said individual Notices, not come forward either to regularize the position of their respective lockers or to surrender them after paying the overdue locker rent. Such below mentioned locker holders of the Bank are given this last and final opportunity to regularize the position of their respective lockers or surrender them within 15 days of publication of this Public Notice, failing which, the Bank shall be constrained to break open the below mentioned lockers, collect contents thereof and then proceed in accordance with law and more particularly under the provisions of Rule 7 of Safe Deposit Vault (Locker) Conditions, to which the said locker holders have already agreed and consented.

| S.No. | Locker Number | Size | Name and Address of Locker Holder | Amount of Rent overdue in Rs. excl of GST & other Taxes / levies | Rent due from | Date last operated |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 626 | Medium | Mrs. Prem Kanta Kanwar and Mr. Surinder Kumar Kanwar (Since deceased) through their LR Mr. Dhiraj Kumar Kanwar 5/4/14, Geeta Colony Delhi 110031 | 4,000.00 | September 2020 | 02.02.2013 |
| 2 | 546 | Medium | Mrs. Harpreet Kaur & Mr Gurmeet Singh H-149, Hargovind Enclave Delhi 110092 | 6,000.00 | April 2019 | 13.06.2015 |
| 3 | 784 | Large | Mrs rachna grover & Mr Sanjeev Grover B-23 Ashoka Niketan anand vihar, Delhi-92 and also at: B-9/15, Krishna Nagar Delhi-110051 | 10,800.00 | April 2019 | 07.10.2014 |

Accordingly, the locker holders named above, may take Notice and act accordingly. No further Public or Private Notice shall be given.

For The Khattri Co-operative Urban Bank Limited
sd/-
N.K.BHATNAGAR
NKB LEGAL -Advocates & Legal Consultants
1st Floor, 50 Janpath
Tolstoy Lane, Connaught Place
New Delhi – 110001
E-mail: nkb@nkblegal.com
Phone: 9810039263

New Delhi
14.02.2022

प्रौद्योगिकी के प्रोत्साहन और तेजी से बदलते शैक्षिक रुझानों से, एड टेक स्टार्टअप ने शिक्षा में आवश्यक भूमिका निभाना शुरू कर दिया है। **सिद्धार्थ माहेश्वरी** का कहना है कि शिक्षण और समझ के बीच की खाई को पाटकर, एडटेक एक समेकित शिक्षण का माहौल बना रहे हैं



# बढ़ रहा है एड-टेक

किसी भी अर्थव्यवस्था के भावी विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुगम बनाना सबसे सम्मोहक कार्यों में से एक है। उदाहरण के लिए, भारत की रोजगार योग्यता चिंताएं एक ऐसी शिक्षा प्रणाली की ओर इशारा करती हैं जो अभी भी सैद्धांतिक ज्ञान पर निर्भर है जो कौशल मूल्यांकन के आधार के रूप में भी कार्य करता है। हालांकि, भावी कल के कौशल और उन कौशलों के व्यावहारिक ज्ञान पर आधारित पाठ्यक्रम की आवश्यकता है। एडटेक स्टार्टअप्स के उदय से प्रौद्योगिकी को नियोजित करने तथा कृत्रिम मेधा या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा और आईओटी को पाठ्यक्रम विकास तथा शिक्षण विधियों को अपनाने से, शैक्षिक परिदृश्य अद्भुत परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है।

नए राष्ट्रीय और वैश्विक रोजगार मानक छात्रों से वैचारिक समझ की मांग करते हैं, जिससे कि उन्हें अपने कौशल को विकसित करने में मदद मिल सके। यह छात्रों को भविष्य के विकास के लिए शीर्ष कौशल प्रदान करने में परिणाम-आधारित शोध के महत्व पर जोर देता है। 2020 की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के साथ, भारत स्कूली शिक्षा पर पुनर्विचार कर रहा है, लेकिन देश के लिए यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि युवा छात्रों में व्यावहारिक कौशल पैदा करने की सोच के साथ उच्च शिक्षा में सुधार किया जाए।

परिणाम-आधारित शिक्षा छात्रों को कक्षा के एक आकार-सबके अनुकुल वाला ढांचा समाप्त करते हुए, अपनी गति और अपने

वातावरण में सीखने का अवसर देती है। यह छात्रों को आलोचनात्मक रूप से सोचने, शोध करने और अपनी राय बनाने के तरीके सीखने के दौरान अपने समय में अवधारणाओं में माहिर बनने की अनुमति देती है। मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम और तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करके, परिणाम-आधारित शिक्षा युवाओं को कल के कार्यस्थल के लिए तैयार करती है और कंपनियों के लिए प्रशिक्षण और कर्मचारी ऑनबोर्डिंग लागत को कम करने में मदद करती है। इसके अलावा, परिणाम-आधारित शिक्षा अधिक कुशल नवागंतुकों को कार्यबल के प्रति आकर्षित करके, रोजगार और रोजगार क्षमता में वृद्धि करके आर्थिक विकास को बढ़ावा देती है।

हालांकि अब हम महसूस करते हैं कि परिणाम-आधारित शिक्षा समय की आवश्यकता है, फिर भी यह समझना महत्वपूर्ण है कि हमारी शिक्षा प्रणाली में इस बदलाव को प्रभावी ढंग से और कुशलता से लागू करने के लिए क्या करने की आवश्यकता है। सबसे पहले, हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि पाठ्यक्रम का जोर हमेशा प्रदत्त समय-सीमा के भीतर जानकारी को याद रखने के बजाय समझने पर हो। दूसरा, छात्रों को सबसे हालिया तकनीकी प्रगति से लेकर सलाहकारों के लिए अनुकूल शिक्षण संसाधनों की आवश्यकता होती है जो व्यक्ति गत और व्यावसायिक विकास के साथ छात्रों की सहायता कर सकते हैं। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें मूल्यांकन के तरीकों को बदलने की जरूरत है क्योंकि एक शिक्षार्थी के जीवन में टॉपर होने की प्रतिस्पर्धात्मक इच्छा के अलावा और भी बहुत कुछ होता है।

> शिक्षण प्रक्रिया को सरल बनाने, समावेशी शिक्षण की सुविधा और शैक्षिक प्रणाली को और अधिक कुशल बनाने के प्राथमिक लक्ष्य के साथ, एडटेक स्टार्टअप समग्र स्तर पर कौशल विकास को भी बढ़ावा दे रहे हैं।

प्रौद्योगिकी के प्रोत्साहन और तेजी से बदलते शैक्षिक रुझानों के साथ, एडटेक स्टार्टअप ने शिक्षा में आवश्यक भूमिका निभाना शुरू कर दिया है। यह कहना गलत नहीं होगा कि 2020 में कोविड-19 महामारी के प्रसार और परिणामी प्रतिबंधों ने शिक्षा में प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ा दिया है। इस वैश्विक संकट में, एडटेक स्टार्टअप ने एक ओर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों को ई-लर्निंग ऐप के उपयोग के जरिए अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए सशक्त बनाया। दूसरी ओर, एडटेक स्टार्टअप ने विभिन्न संस्थानों और प्रशिक्षण केंद्रों को उनकी शिक्षण पद्धति तथा तकनीकी प्रगति के बीच की खाई को पाटने में सक्रिय रूप से सहायता की।

शिक्षण प्रक्रिया को सरल बनाने, समावेशी शिक्षण की सुविधा और शैक्षिक प्रणाली को और अधिक कुशल बनाने के प्राथमिक लक्ष्य के साथ, एडटेक स्टार्टअप समग्र स्तर पर कौशल विकास को भी बढ़ावा दे रहे हैं। उद्योगोन्मुख तकनीकी कौशल सिखाने के साथ-साथ समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए सॉफ्ट स्किल्स का पालन करते हुए, अधिकांश एडटेक स्टार्टअप जिस पाठ्यक्रम का अनुसरण कर रहे हैं, वह शिक्षण और समझ के बीच की खाई को पाटने में मदद कर रहा है, और एक समेकित शिक्षण का माहौल बना रहा है।

यह नया पाठ्यक्रम आधुनिक शैक्षिक कार्यक्रमों को सामाजिक आवश्यकताओं व पैटर्न के अनुसार विनियमित और अनुकूलित कर रहा है। और वर्तमान स्थिति के साथ व्यक्ति को नए सामान्य के मद्देनजर शिक्षा की परिभाषाओं व लक्ष्यों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर रहा है, यह कहना सुरक्षित है कि एडटेक शिक्षा का भविष्य है, और परिणाम-आधारित शिक्षा के माध्यम से भारत में पहले से ही लाखों छात्रों की रोजगार क्षमता में बड़ा बदलाव ला रहा है। ।

**लेखक न्यूटन स्कूल के सह-संस्थापक हैं**

# भविष्य के फैशन बिजनेस लीडर हो सकते हैं छात्र

**सागर गौतम** का कहना है कि फैशन ब्रांड प्रबंधन कार्यक्रम छात्रों को उद्योग विशेषज्ञ बनना सिखाते हैं जो एक फैशन कंपनी के व्यवसाय को रणनीतिक व कुशलता से संभाल सकते हैं

छात्रों को रणनीतिक निर्णय लेने, नेतृत्व व समस्या समाधान की क्षमता सिखाकर, यह कोर्स उन्हें फैशन व प्रबंधन दोनों में करियर के लिए तैयार करता है।

**फैशन रिटेलर्स**

एक स्टोर मैनेजर कई तरह की जिम्मेदारियों के लिए जवाबदेह होता है, जिसमें बिक्री लक्ष्य निर्धारित करना तथा वस्तुओं को बढ़ावा देना शामिल होता है। इसकी मुख्य जिम्मेदारियों में से एक है ग्राहक संतुष्टि को सर्वोत्तम डिग्री प्रदान करना। फैशन व्यवसाय में खुदरा प्रबंधकों के कार्य और जिम्मेदारियां वही हैं जो कि हर जगह हैं।

**उद्यमी**

नए उद्यमी व्यवसाय को अपने दम पर खड़ा करने का निर्णय लेने के बाद व्यवसाय में प्रवेश करते हैं। अपना खुद का व्यवसाय शुरू करते समय, चाहे वह बुटीक लॉन्च करना हो या ऑनलाइन थोक बिक्री करना हो, काम छोड़ने से पहले आगे की योजना, बैकअप फंड और बाजार व्यवहार्यता अध्ययन पूरा करना सुनिश्चित करें। निष्पक्ष ढंग से अपनी ताकत और कमजोरियों की जांच करें। यह देखने के लिए बाजार का अन्वेषण करें कि क्या संभावनाएं विकसित हो रही हैं और साथ ही भविष्य के व्यवसाय के लिए कोई जोखिम तो नहीं।

**पी.आर. मैनेजर**

परिधान कंपनियों के लिए काम करने वाले जनसंपर्क पेशेवर एक अच्छी ब्रांड छवि बनाने और उसे बनाए रखने में मदद करते हैं। वे ब्रांड और उत्पाद के बारे में उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने वाले आयोजन करने के लिए मार्केटिंग विशेषज्ञों के साथ सहयोग करते हैं। इसके अलावा, जनसंपर्क पेशेवर समाचार विज्ञप्ति लिखने व मीडिया के सवालों के जवाब देने के प्रभारी होते हैं।

**मर्चेन्डाइजर**

वे यह चुनने के लिए अपने ग्राहकों की ऐतिहासिक खरीदारी प्रवृत्तियों की जांच करते हैं कि किसी कंपनी को कौन से उत्पाद उपलब्ध कराने हैं। फैशन डिजाइनर आमतौर पर बजट व राजस्व पैदा करने वाले सामान बनाने के लिए प्रबंधन के साथ काम करते हैं।

**प्रोडक्ट मैनेजर**

डिजाइन अवधारणा से लेकर उत्पादन पूरा होने तक, उत्पाद के विकासकर्ता परिधान प्रक्रिया का प्रबंधन करते हैं। वे निर्माता के साथ परिधान संस्थान के लिए प्राथमिक संपर्क हैं, और वे प्रत्येक उत्पाद के लिए सर्वोत्तम कारखानों का चयन करने के प्रभारी होते हैं।

**क्रिएटिव डायरेक्टर**

रचनात्मक निर्देशक कपड़ों के मौसम की व्यापक अवधारणा, रंग पैलेट और स्टाइल पर निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार होते हैं। वे फैशन कंपनी



सागर गौतम

या फैशन प्रकाशन के लिए काम कर सकते हैं। एक क्लॉथिंग क्रिएटिव डायरेक्टर ट्रेंड रिसर्च करता है और उच्च-स्तरीय बिक्री डेटा का विश्लेषण करता है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उनके ग्राहकों द्वारा कौन से रंगों व प्रारूपों को खरीदा जा सकता है।

**फैशन सलाहकार**

एक फैशन व्यवसाय सलाहकार के रूप में, संगठनों को एक सफल लक्जरी ब्रांडिंग व्यवसाय बनाने और उसे संचालित करने के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करते हैं, व्यवसाय रणनीति और फैशन मार्केटिंग रणनीतियों से लेकर ब्रांड जागरूकता व उत्पाद वितरण अनुकूलन तक हर चीज पर सलाह देते हैं।

**फैशन कंसल्टेंट**

एक फैशन कंसल्टेंट वह होता है जिसके पास फैशन व खुदरा उद्योगों में आवश्यक समूचा ज्ञान और कौशल होता है। उनका मुख्य उद्देश्य होता है कि उनके ग्राहक अपने शारीरिक प्रकार, व्यक्तित्व और नौकरी की महत्वाकांक्षाओं पर विचार करते हुए बेहतर ढंग से नजर आए।

**सोशल मीडिया और डिजिटल मैनेजर**

सोशल मीडिया और डिजिटल मैनेजर का काम लक्षित दर्शकों को ध्यान में रखकर सामग्री तैयार करना है। यह कार्य बिक्री योजनाओं और अभियानों के विकास में भी मदद करता है।

**– लेखक डिजाइन विलेज नोएडा, टीडीवी में पहुंच एवं प्रवेश मैनेजर हैं**

# खेल बदलने वाले विकल्प



## एक रिपोर्ट कहती है कि मेट्रो और द्वितीय श्रेणी शहरों के क्रमशः 78 प्रतिशत और 84 प्रतिशत उत्तरदाता गेमिंग सेक्टर के पेशे में शामिल होने के लिए उत्सुक थे, विस्तार से इसके बारे में बता रही हैं दक्षिणा खंडेलवाल

आप अक्सर कितनी बार किसी खेल में उलझ जाते हैं? क्या ये रोमांचक खेल वातावरण, चुनौतीपूर्ण स्तर व अनेक विशेषताएं आपको आश्चर्यचकित करती हैं कि किसी एक को शुरुआत से डिजाइन करना कितना रोमांचकारी होगा? सचमुच अपनी दिमागीउपज के विचारों का उपयोग करके एक गेमिंग ब्रह्मांड विकसित करना रोमांचकारी लगता है। गेमिंग सभी आयु वर्ग के व्यक्तियों के बीच लोकप्रिय हो गया है, और इस प्रवृत्ति ने अप्रत्यक्ष रूप से कई युवाओं को इसे करियर के नजरिए से देखने के लिए प्रेरित किया है। इंटरनेट के आगमन तथा प्रौद्योगिकी तक अभूतपूर्व पहुंच ने खेलों की मांग को बढ़ा दिया है और इस उद्योग के समग्र विकास को गति दी है।

विश्व स्तर पर 2.34 बिलियन से अधिक गेमर्स के मौजूद होने से, इस क्षेत्र ने मनोरंजन क्षेत्र में खुद को तेजी से विकसित होने वाले सेगमेंट के रूप में स्थापित करने में एक लंबा सफर तय किया है। नास्कॉम के अनुसार, भारतीय गेमिंग उद्योग द्वारा किया गया कुल कारोबार 890 मिलियन का है और उपमहाद्वीप में 100 से अधिक खेल विकास संगठन काम कर रहे हैं। इस क्षेत्र की बहुमुखी और उल्लेखनीय वृद्धि इसे केवल एक समय-काटू या शौक होने से कहीं अधिक बना रही है। आज, कई उम्मीदवार इसे एक व्यवहारिक करियर विकल्प के रूप में देख रहे हैं। एचपी इंडिया गेमिंग लैंडस्केप रिपोर्ट द्वारा हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, क्रमशः मेट्रो और द्वितीय श्रेणी शहरों के 78 प्रतिशत और 84 प्रतिशत उत्तरदाता गेमिंग क्षेत्र के पेशे में शामिल होने के लिए उत्सुक थे।

यह स्थापित करने के बाद कि गेमिंग एक पसंदीदा करियर विकल्प बनता जा रहा है, इसके विशाल दायरे में कौन से पेशेवर विकल्प मौजूद हैं?

**खेल डिजाइनर**

सरल शब्दों में, एक गेम डिजाइनर गेम का आर्किटेक्ट होता है। वे मौजूद सभी तत्वों की योजना बनाने और उन्हें परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विभिन्न इन-गेम सेटिंग्स, नियम, कहानी प्रवाह, स्तर, वर्ण, वाहन से लेकर हथियार बनाने तक के काम, एक डिजाइनर के दायरे में आते हैं। संक्षेप में, एक गेम डिजाइनर के रूप में, आप समूचे गेम वातावरण के लिए जिम्मेदार होते हैं। रचनात्मक दिमाग और डिजाइनिंग में रुचि रखने वालों के लिए यह एक उपयुक्त भूमिका है।

**नैरेटर या कथा डिजाइनर**

ये कहानी कहने के लिए जिम्मेदार पेशेवर हैं। वे गेम डिजाइनरों के साथ मिलकर काम करते हैं और कहानी में संदर्भ जोड़ने में उनकी मदद करते हैं। उनका काम गेमप्ले के शीर्ष पर आइसिंग जोड़ता है। वे खेल के दौरान खिलाड़ी को होने वाले कथा-अनुभव की नींव रखते हैं। पूरे गेमिंग अनुभव को बढ़ाने के लिए नैरेटिव डिजाइनर जिम्मेदार होते हैं। एक सफल कथाकार बनने के लिए, आपको शब्दों को अपनी विशेषता बनाने की आवश्यकता है। आपकी नौकरी की भूमिका का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पात्रों के लिए संवाद लिखना और इन-गेम टेक्स्ट को एक साथ रखना होगा।

**गेम एनिमेटर/विजुअल आर्टिस्ट**

आप शीर्ष पायदान के पात्रों, वस्तुओं, दृश्यों और खेल के वातावरण के अन्य तत्वों को आदर्श बना सकते हैं। हालांकि, इन विचारों को साकार रूपों में बदलने के लिए दृश्य कलाकारों व डिजाइनरों के बिना, सारे नियोजन व्यर्थ हो जाएंगे। इस विभाग के भीतर अवधारणा कलाकारों, 3डी मॉडलर, 2डी /बनावट कलाकारों और कई अन्य भूमिकाओं की एक श्रृंखला निहित है। इनमें से प्रत्येक के पास कार्य करने की अपनी जिम्मेदारियां, लक्ष्य और तकनीकें हैं।

**साउंड डिजाइनर/ऑडियो इंजीनियर**

बिना किसी ध्वनि या संगीत के खेल खेलने की कल्पना करें? यह नीरस हो जाएगा। साउंड डिजाइनर और ऑडियो इंजीनियर गेम के यथार्थवाद को बरकरार रखने और बोरियत को दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे खेल को रोचक बनाए रखने के लिए ढेर सारे साउंडट्रैक और प्रभाव जैसे बंदूक की गोली, कार का दूल्हा, भीड़ का शोर, हेलीकॉप्टर की सीटी, और सार्वजनिक जयकार, का उपयोग करते हैं। कई साउंड डिजाइनर गेम के लिए सही बैकग्राउंड म्यूजिक बनाने के लिए कई तरह के सॉफ्टवेयर की मदद से धुनों और ट्रैक्स को मिक्स करते हैं।

**गेम डेवलपर / प्रोग्रामर**

वे खेल कलाकारों, खेल डिजाइनरों, खेल निर्माताओं और ध्वनि तकनीशियनों के साथ मिलकर काम करते हैं। वे सुनिश्चित करते हैं कि तकनीक-आधारित कोडिंग गेम डिजाइन के साथ घुली मिली हो। उनका काम हर खेल के पीछे की रचनात्मक दृष्टि के साथ न्याय करने में मदद करता है। एक गेम डेवलपर या प्रोग्रामर विभिन्न कोडों का परीक्षण करता है। वे खेल परीक्षकों द्वारा बताई गई खामियों और गलतियों को ठीक करते हैं। इस भूमिका में जटिल प्रक्रियाएं शामिल हैं। सर्वोत्तम संभव खेल बनाने के लिए प्रोग्रामर की एक बड़ी टीम की आवश्यकता होती है।

**खेल परीक्षक**

एक ऐसे काम के बारे में सोचें जहां आपका मुख्य काम पूरे दिन खेल खेलना है। यह सभी गेमिंग प्रेमी लोगों का स्वप्निल काम है। एक गेम टेस्टर या खेल परीक्षक ठीक यही करता है। वे व्यवस्थित रूप से टेस्ट गेम खेलते हैं, पूरे अनुभव का विश्लेषण करते हैं और इसके प्रदर्शन को नोट करते हैं। वे त्रुटियों को इंगित करते हैं और सुधार का सुझाव देते हैं जो खेल को और ज्यादा खिलाड़ी के अनुकूल बना देगा। खेलने की गुणवत्ता और आसानी इन गेम परीक्षकों द्वारा प्रदान किए गए विश्लेषण पर निर्भर करती है।

**खेल पत्रकार /आलोचक**

वे मनोरंजन उद्योग का एक अभिन्न अंग हैं। यह इन पत्रकारों व आलोचकों की नजरों के जरिए होता है, कि ग्राहक गेम के यथार्थवादी अवलोकन को समझते हैं। वे पेशेवर हैं जो गेमर और लेखक दोनों हैं। एक बार किसी गेम के लॉन्च होने के बाद, वे खेलते हैं और इसकी गतिशीलता का पता लगाते हैं। इसे पोस्ट करते हैं, वे स्पष्ट शब्दों में अपने पाठकों को इसके पास और फेल के बारे में बताते हैं।

**खेल निर्माता**

एक रोमांचक गेम बनाने और लॉन्च करने के लिए, वित्त एक पूर्वापेक्षा है जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है। वीडियो गेम निर्माता व्यवसाय के इस पहलू की देखभाल करते हैं। वे अंतिम उत्पाद को विकसित करने के लिए आवश्यक सभी वित्तीय विवरणों और आवश्यकताओं की ओर नजर डालते हैं। वे इस बात पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं कि खेल का विपणन कैसे किया जाएगा, कैसे कार्यबल की निगरानी की जाएगी, कैसे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि समय सीमा पूरी हो और बजट की कमी पर नजर रखें।

कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कौन सा रास्ता चुनते हैं, मगर अपनी प्रवृत्ति का पालन करना याद रखें और अपना 100 प्रतिशत दें!

**लेखक ईकोल इन्स्टीट्यूट लेब, नई दिल्ली के मैनेजिंग पार्टनर तथा जेएस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन के सहसंस्थापक हैं**

# आस्ट्रेलिया ने सुपर ओवर में श्रीलंका को हराया

## ●पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल की

**भाषा** । सिडनी

**आस्ट्रेलिया** ने श्रीलंका के खिलाफ टाई छूटे दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच को रविवार को यहां सुपर ओवर में अपने नाम करके पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बनाई।

आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 164 रन बनाए थे। श्रीलंका ने सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका के 73 रन, कप्तान दासुन शनाका की 19 गेंदों पर 34 रन की पारी और पुछल्ले बल्लेबाजों के प्रयासों से आखिरी ओवर में 18 रन जोड़कर अपना स्कोर आठ विकेट पर 164 रन तक पहुंचाया था जिसके बाद परिणाम के लिए सुपर ओवर का सहारा लिया गया। जोश हेजलवुड ने सुपर ओवर में शानदार गेंदबाजी की और केवल पांच रन दिए। मार्कस स्टोइनिस ने वाहिंदु हसरंगा पर लगातार दो चौके जमाकर आस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। इससे पहले निर्धारित 20 ओवर के दौरान अंतिम क्षणों में मैच रोमांचक बन गया था। श्रीलंका को अंतिम तीन ओवर में 46 रन चाहिए थे। ऐसे में निसांका और हसरंगा (13) ने पैट कमिन्स के ओवर में 17 रन और हेजलवुड (22 रन देकर तीन) के ओवर में 10 रन जुटाए। श्रीलंका को इस तरह से आखिरी ओवर में जीत के लिए 19 रन की दरकार थी। निसांका ने स्टोइनिस के इस ओवर में चौके से शुरुआत की लेकिन तीसरी गेंद पर वह आउट हो गए। ऐसे में महीश तीक्ष्णा ने छक्का और दुशमंत चमीरा ने आखिरी गेंद पर चौका जड़कर स्कोर बराबर किया। इससे पहले आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। उसकी तरफ से जोश इंग्लिश ने सर्वाधिक 48 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से चमीरा और हसरंगा ने दो-दो विकेट लिए।



अविष्का फर्नांडो का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते जोश हेजलवुड

# इस बार नीलामी चुनौतीपूर्ण रही: कुंबले

**भाषा** । बेंगलुरू



**पंजाब** किंग्स के मुख्य कोच अनिल कुंबले नए खिलाड़ियों लियाम लिविंगस्टोन और ओडियन स्मिथ के टीम से जुड़ने से बेहद संतुष्ट हैं और उन्होंने इस बार की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी को भिन्न और चुनौतीपूर्ण करार दिया। इंग्लैंड के बल्लेबाज लिविंगस्टोन को पंजाब ने नीलामी के दूसरे दिन रविवार को यहां 11.50 करोड़ रुपए की बड़ी धनराशि देकर खरीदा जबकि वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज स्मिथ पर उसने छह करोड़ रुपए खर्च किए।

कुंबले ने कहा, कि आपूर्ति की तुलना में मांग अधिक थी लेकिन मुझे लगता था की चुनौतियां थी और इस बार 10 टीमें हैं और यह नीलामी भिन्न है। उन्होंने कहा कि मैं 2011 और 2014 में दो बड़ी बड़ी नीलामी तथा इस नीलामी से पहले छोटी नीलामियों में रहा हूं। यह वास्तव में भिन्न और अधिक चुनौतीपूर्ण है क्योंकि प्रत्येक खिलाड़ी बड़ी कीमत पर बिक रहा है और ऐसे में आपकी धनराशि कम हो रही है। कुंबले ने कहा, नीलामी की गतिशीलता बहुत भिन्न है और आपको बहुत तेजी दिखानी होती है। पिछले डेढ़ दिन में हमने यह महसूस किया। पिछली नीलामी की तुलना में इस बार अधिक दक्षता दिखानी पड़ रही है। पहले सत्र का आकर्षण लियाम लिविंगस्टोन रहे जिनके लिए पांच टीमों ने बोली लगाई थी। कुंबले ने कहा, अभी तक हम जिस तरह से आगे बढ़े हैं उससे काफी संतुष्ट हैं। नीलामी के चुनौतीपूर्ण माहौल के बावजूद हम वैसी टीम बनाने के करीब हैं जैसी हम चाहते थे। स्मिथ ने हाल में भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था और उन्हें अच्छी खासी रकम मिली। स्मिथ को टीम से जोड़ने के बारे में कुंबले ने कहा, मुझे लगता है कि यह सिर्फ हाल के प्रदर्शन के आधार पर नहीं है, हम सभी को पता है कि वह उभरता हुआ खिलाड़ी है और उसने अपनी ताकत, गेंदबाजी कौशल और बल्लेबाजी कौशल दिखाया है। हमने यहां भारत के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में भी इसका नजारा देखा।


उन्होंने कहा कि हम पिछले कुछ समय से खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रख रहे थे और हमें बेहद खुशी है कि हम ओडियन जैसे खिलाड़ी को आलराउंडर के रूप में अपने साथ जोड़ पाए। दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने कहा कि फ्रेंचाइजी अभी तक की नीलामी से संतुष्ट है। दिल्ली ने नीलामी के दूसरे दिन बल्लेबाज मंदीप सिंह को 1.10 करोड़ रुपए में खरीदा, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों खलील अहमद और चेतन सकारिया को क्रमश: 5.25 करोड़ रुपए और 4.20 करोड़ रुपए में खरीदा गया। आमरे ने कहा कि हमारे पास अच्छे भारतीय तेज गेंदबाज हो गए हैं। हमारी रणनीति भारतीय तेज गेंदबाजों को चुनने की थी क्योंकि एनरिक नोर्किया हमारी टीम में है। हम कई अन्य संयोजन भी आजमा सकते हैं।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों चेतन सकारिया और खलील अहमद के कारण हमें विकल्प मिलेंगे। सनराइजर्स हैदराबाद के सहायक कोच साइमन कैटिच ने कहा कि राहुल त्रिपाठी को टीम से जोड़ना उनकी टीम के लिए अच्छा रहा। उन्होंने कहा कि हम राहुल त्रिपाठी को लेने में सफल रहे जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में केकेआर और उससे पहले पुणे सुपरजाइंट्स की तरफ से बहुत अच्छा प्रदर्शनर किया था। उनका टीम से जुड़ना बहुत अच्छा रहा। इसके अलावा हमारे पास विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन हैं जो वेस्टइंडीज की कप्तानी कर चुके हैं।

# वेस्टइंडीज ने ईडन गार्डन्स में अभ्यास शुरू किया

## ●कोच सिमंस की अगुवाई में दो घंटे से ज्यादा समय नेट सत्र में बिताया

**भाषा** । कोलकाता




**वेस्टइंडीज** के खिलाड़ियों का ध्यान हालांकि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी पर लगा था लेकिन उन्होंने भारत के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए रविवार को यहां अपने कोच फिल सिमंस की देखरेख में ईडन गार्डन्स पर कड़ा अभ्यास किया।

वेस्टइंडीज के उप कप्तान निकोलस पूरन को 10.75 करोड़ रुपए में जबकि रोमारियो शेफर्ड को 7.75 करोड़ में सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा जबकि ओडियन स्मिथ 6.5 करोड़ रूपए में बिके जिन्हें पंजाब किंग्स ने लिया। कीरोन पोलार्ड की अगुआई वाली टीम शनिवार को टीम इंडिया के साथ पहुंची थी। उसने दो से ज्यादा घंटे ड्रिल और नेट सत्र में बिताया जिसमें सिमंस ने उन्हें कड़ा अभ्यास कराया। अहमदाबाद में तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में भारत ने वेस्टइंडीज को 3-0 से हराकर सूपड़ा साफ किया था। लेकिन वेस्टइंडीज की टीम आगामी टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में इसकी भरपाई करना चाहेगी जिसके लिए उसके पास कुछ बेहतरीन टी-20 खिलाड़ी भी हैं।

# कप्तान और खिलाड़ी मैच जीतते और हारते हैं, कोच नहीं: इयान चैपल

**भाषा** । मेलबर्न



**आस्ट्रेलिया** के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर इयान चैपल जस्टिन लैंगर के इस्तीफे को लेकर मचे बवाल को समझ नहीं कर पा रहे हैं और उनका कहना है मुकाबले को खिलाड़ी हारते और जीतते हैं, कोच नहीं। चैपल ने साथ ही कोच के पद को मैनजर से बदलने की वकालत की।

कोचिंग शैली की महीनों से शिकायत होने के बाद लैंगर ने मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद पूर्व खिलाड़ियों ने पैट कमिंस की आलोचना की कि कप्तान और टीम के उनके साथियों ने सार्वजनिक तौर पर उनका समर्थन नहीं किया। चैपल ने एक कॉलम में लिखा कि जस्टिन लैंगर के हटने के बाद अजीब सी मजाकिया स्थिति पैदा हो गई है जहां कोई कह रहा है कि वह आस्ट्रेलियाई कोच नहीं है, वह काफी शरारती लड़का है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट प्रशंसक इस बात पर अधिक ध्यान देते हैं कि कोच कौन है और कौन नहीं जबकि उन्हें अधिक महत्वपूर्ण चीज पर ध्यान देना चाहिए कि किसे कप्तान नियुक्त किया गया है। पैट कमिंस और उनके साथी विकेट लेते हैं, रन बनाते हैं और कैच पकड़ते हैं। यह वे हैं जो पाकिस्तान के खिलाफ आगामी श्रृंखला में जीतेंगे या हारेंगे, कोच नहीं। चैपल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों को हर समय कोचिंग की जरूरत नहीं होती और किसी भी तकनीकी खामी का सर्वश्रेष्ठ हल साथी खिलाड़ी निकाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी को लगता है कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को 24 घंटे, हफ्ते में सातों दिन कोचिंग की जरूरत है जो फिर वह भ्रम में हैं। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की तकनीक खराब नहीं हो जाती। चैपल ने कहा कि खिलाड़ियों को समय के साथ समस्या का सामना करना पड़ सकता है लेकिन जो चीज गलत होती है वह संभवत: दिमाग में होती है। नेट पर टीम के सीनियर खिलाड़ी के साथ क्रिकेटर सही राह पर लौट सकता है।

उन्होंने कहा कि साथी खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय कोच क्यों होते हैं? सबसे पहले तो वे समान खिलाड़ियों के खिलाफ खेलते हैं। साथ ही वे अपने साथी खिलाड़ियों को नियमित रूप से देखते हैं और तकनीक तथा मानसिक रवैए में किसी भी बदलाव को काफी जल्दी समझ जाते हैं।


बीजिंग में चल रहे शीतकालीन ओलंपिक खेलों में फीगर स्केटिंग स्पर्धा में प्रदर्शन करती जर्मन जोड़ी कैटरीन मुलर व टिम डिक

## अफरीदी ने पीएसएल कैरियर को अलविदा कहा

**भाषा** । लाहौर

**पाकिस्तान** के पूर्व आल राउंडर शाहिद अफरीदी को लगातार पीठ की समस्या के कारण अपना पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) कैरियर समाप्त करने के लिए बाध्य होना पड़ा जिससे उनका प्रतियोगिता से खिलाड़ी के तौर पर सात साल से चला आ रहा रिश्ता भी खत्म हो गया।

अफरीदी (41 वर्ष) ने कहा कि उन्होंने पीएसएल के इस सत्र में केवल खेल प्रेमियों के लिए ही हिस्सा लिया था। अफरीदी ने सोशल मीडिया संदेश में कहा, मैं अच्छी तरह टूर्नामेंट खत्म करना चाहता था। मुझे पिछले 15-16 वर्षों से पीठ की समस्या है और मैं इसके साथ ही खेल रहा था। लेकिन अब यह इतनी बढ़ गई है कि इससे मेरे ग्रोइन, घुटने पर असर पड़ रहा है और यह दर्द मेरे पैर तक पहुंच रहा है।

अफरीदी पीएसएल के दौरान कई बार दर्द में भी दिखाई दिए लेकिन उन्होंने क्वेटा ग्लैडिएटर्स के लिए तीन मैचों में तीन विकेट झटके।

# विक्की ओस्तवाल और तांबे महाराष्ट्र की रणजी टीम में

**भाषा** । पुणे

**भारत** की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के दो सदस्यों बाएं हाथ के स्पिनर विक्की ओस्तवाल और आलराउंडर कौशल तांबे को महाराष्ट्र की रणजी ट्रॉफी टीम में शामिल किया गया है। महाराष्ट्र की सीनियर चयन समिति ने ओस्तवाल और तांबे पर भरोसा जताया है।

ओस्तवाल कैरेबिया में अंडर-19 विश्व कप के सबसे सफल गेंदबाजों में शामिल रहे जबकि तांबे आफ स्पिनर और आक्रामक बल्लेबाज हैं जिन्हें फिनिशर के रूप में जाना जाता है। महाराष्ट्र को इस शीर्ष घरेलू टूर्नामेंट के एलीट ग्रुप जी में रखा गया है और टीम अपने लीग मैच 17 फरवरी से हरियाणा में खेलेगी। टीम की अगुआई अनुभवी अंकित बावने करेंगे जबकि शीर्ष क्रम के आक्रामक बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी को उप कप्तान बनाया गया है। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाले रुतुराज गायकवाड़ रणजी ट्रॉफी के लीग चरण के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। एमएसीए ने बयान में कहा कि राजवर्धन हांगरगेर का भी चयन हुआ था लेकिन मां के बीमार होने के कारण वह लीग चरण में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

**टीम** : अंकित बावने (कप्तान), राहुल त्रिपाठी, यश नाहर, पवन शाह, नौशाद शेख, आजिम काजी, विशांत मोरे, सत्यजीत बचाव, अवधूत दांडेकर, तरनजीत सिंह ढिल्लों, मुकेश चौधरी, अशाय पालकर, प्रदीप दाधे, दिव्यांग हिंगानेकर, यश शीरसागर, विशाल गिते, निकित धूमल, सिद्धेश वीर, मनोज इंगाले, विक्की ओस्तवाल और कौशल तांबे।

# चुन सिन सेंग को बेंगलुरू ओपन टेनिस का खिताब

**भाषा** । बेंगलुरू

**चीनी** ताइपे के चुन सिन सेंग ने रविवार को यहां फाइनल में क्रोएशिया के क्वालीफायर बोर्ना गोजो को सीधे सेटों में हराकर बेंगलुरू ओपन एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने दर्शकों के चहेते गोजो को एक घंटे 44 मिनट तक चले मैच में 6-4, 7-5 से हराकर अपने करियर का दूसरा एटीपी चैलेंजर खिताब जीता।

भारत का कोई भी खिलाड़ी फाइनल में नहीं था, इसके बावजूद काफी संख्या में दर्शक खिताबी मुकाबला देखने के लिए पहुंचे थे। सेंग ने पहले सेट के पांचवें गेम में ब्रेक प्वाइंट लिया और फिर दूसरे सेट में पहले दोनों गेम जीते लेकिन इसके बाद बोजो ने आक्रामक टेनिस खेली और लगातार पांच गेम जीतकर 5-2 से बढ़त बना दी। चीनी ताइपे के खिलाड़ी ने हालांकि शानदार वापसी की और लगातार पांच गेम जीतकर सेट और मैच अपने नाम किया।

## आरिफ जायंट स्लालोम में 45वें स्थान पर रहे

**बीजिंग**। शीतकालीन ओलंपिक में भारत के एकमात्र प्रतिभागी अल्पाइन स्कीअर आरिफ खान रविवार को यहां जायंट स्लालोम स्पर्धा में 45वें स्थान पर रहे। जम्मू कश्मीर के बारामुला जिले के 31 वर्षीय आरिफ खान ने यानकिंग नेशनल अल्पाइन स्कीइंग सेंटर में खराब मौसम में हुई दो रेस में मिलाकर दो मिनट 47.24 सेकेंड का समय निकाला।

शीतकालीन ओलंपिक में पदार्पण करने वाले आरिफ खान पहली रेस में l:22.35 के समय से 53वें स्थान पर रहे जिसमें केवल 54 प्रतिस्पर्धी ही रेस पूरी कर सके। करीब 33 स्कीअर पहली रेस पूरी नहीं कर सके। 62 देशों के 89 खिलाड़ियों की शुरूआती सूची में खान 85वें स्थान पर थे।

# एशियन महिला यूथ हैण्डबॉल के लिए 27 संभावित खिलाड़ियों का चयन

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ

**हैण्डबॉल** फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आगामी एशियन महिला यूथ हैण्डबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय महिला टीम के कैंप के लिए 27 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया गया।


केडी सिंह बाबू स्टेडियम में ट्रायल के बाद चयन समिति की बैठक फेडरेशन के अध्यक्ष ए. जगनमोहन राव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के मूल्यांकन के बाद राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए चयनित 27 खिलाड़ियों के नाम की घोषणा अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह और कार्यकारिणी सदस्य डा. आनन्देश्वर पाण्डेय ने की। अध्यक्ष ने इस अवसर पर बताया कि राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के माध्यम से चयनित भारतीय टीम अलमाटी (कजाखिस्तान) में आगामी 18 से 27 मार्च तक होने वाली नौवीं एशियन महिला यूथ हैण्डबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी। उन्होंने बताया कि कैंप का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण की मंजूरी के बाद होगा।

### चयनित खिलाड़ी

गोलकीपर: चेतना (हिमाचल प्रदेश), पूजा गुर्जर (राजस्थान), ननिता (हरियाणा), दीक्षा (उत्तर प्रदेश), रितु (हरियाणा), निक्की चौहान (उत्तर प्रदेश)। राइट बैक: रेनु (हरियाणा), तनीषा बनर्जी (दिल्ली) पूजा (हरियाणा)। सेंटर बैक: आराधना (उत्तर प्रदेश), हर्षिता (दिल्ली), सौम्या मिश्रा (उत्तर प्रदेश), संजना (हिमाचल प्रदेश)। लेफ्ट बैक: प्रिया (हरियाणा), जस्सी (हिमाचल प्रदेश), ए. करीना (तेलंगाना), शिवानी (गुजरात)। राइट विंग : गरिमा (हरियाणा), पायल (हिमाचल प्रदेश)। पिवोट: अंजली (हिमाचल प्रदेश), दया जपाडिया (गुजरात), शतरुपा राय (प. बंगाल), टीना (राजस्थान)। लेफ्ट विंग: कृतिका (हिमाचल प्रदेश) प्रीति (हरियाणा) आरती (राजस्थान), मुस्कान (उत्तर प्रदेश)। कोच: मोहिंदर लाल।

# शीर्ष वरीय सितसिपास रोटरडम टूर्नामेंट के फाइनल में

**एपी** । रोटरडम



**शीर्ष** वरीय स्टीफानोस सितसिपास ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चेक गणराज्य के क्वालीफायर जिरी लेहेका को तीन सेट में हराकर रोटरडम हार्ड कोर्ट इंडोर टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। पिछले साल जून में फ्रेंच ओपन के बाद सितसिपास पहली बार किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं। सितसिपास ने पहला सेट गंवाने के बाद लेहेका को 4-6, 6-4, 6-2 से हराया।

फाइनल में सितसिपास का सामना तीसरे फेलिक्स आगर एलियासिम से होगा जिन्होंने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए गत चैंपियन आंद्रे रूबलेव को हराया। पहला एटीपी खिताब जीतने के लिए चुनौती पेश कर रहे आगर एलियासिम ने 6-7 (5), 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की जो रूबलेव के खिलाफ उनकी पहली जीत है। सितसिपास को 137वें नंबर के खिलाड़ी लेहेका को हराने के लिए लगभग दो घंटे तक जूझना पड़ा। लेहेका ने इससे पहले डेनिस शापोवालोव को हराकर उलटफेर किया था। 20 साल के लेहेका 1995 के बाद रोटरडम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले सबसे कम रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं।

## शीर्ष वरीय कास्पर रुड व श्वार्ट्जमैन फाइनल में

**ब्यूनस आयर्स**। शीर्ष वरीय कास्पर रुड और डिएगो श्वार्ट्जमैन ने अर्जेन्टीना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है जो रविवार को खेला जाएगा।

नॉर्वे के आठवें वरीय रुड ने शनिवार को अर्जेन्टीना के फेडेरिको डेलबोनिस को 6-3, 6-3 से शिकस्त दी। रुड ने यहां 2020 में खिताब जीता था। 15वीं वरीयता प्राप्त और 2021 के चैंपियन श्वार्ट्जमैन ने इसके बाद तीसरे वरीय इटली के लोरेंजो सोनेगो को कड़े मुकाबले में 7-5, 3-6, 6-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। श्वार्ट्जमैन ने इससे कुछ घंटे पहले क्वार्टर फाइनल में हमवतन और 2021 के उप विजेता फ्रांसिस्को केरुनडोलो को 3-6, 6-2, 7-5 से हराया। शुक्रवार रात जब तीसरे सेट में स्कोर 1-1 था तब बारिश के कारण इस मुकाबले को रोकना पड़ा।

## ओपेलका ने मैराथ मुकाबले में इसनर को हराया

**डेलास**। विंबलडन इतिहास के दो सबसे लंबे मुकाबलों का हिस्सा रहे जॉन इसनर एटीपी टूर पर सबसे लंबे टाईब्रेकर का भी हिस्सा रहे लेकिन अपने घरेलू टेनिस टूर्नामेंट में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। रिली ओपेलका ने दूसरे सेट के टाईब्रेकर में शनिवार को इसनर को 24-22 से हराकर पहले डेलास ओपन के फाइनल में जगह बनाई। दूसरे वरीय ओपेलका ने 7-6 (7), 7-6 (22) से जीत दर्ज की। तीसरे वरीय इसनर टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे एसएमयू टेनिस फेसिलिटी से लगभग एक मील की दूरी पर रहते हैं। चौथे वरीय जेनसन ब्रूक्सबी एक अन्य सेमीफाइनल में मार्कोस गिरोन से भिड़ेंगे। इसनर ने 12 साल पहले विंबलडन में 11 घंटे और पांच मिनट चले मैच में निकोलस माहूत को पांचवें सेट में 70-68 से हराया था। यह मुकाबला तीन अलग अलग दिन खेला गया था। इसके आठ साल बाद केविन एंडरसन ने छह घंटे और 36 मिनट चले विंबलडन सेमीफाइनल में इसनर को हराया था।

# विलारीयाल ने रीयल मैड्रिड को बराबरी पर रोका

**ला लीगा फुटबॉल**

**एपी** । बार्सीलोना

**रीयल** मैड्रिड ने शनिवार को यहां ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में विलारीयाल के खिलाफ गोल रहित ड्रा खेला। दोनों ही टीम इस मुकाबले के दौरान कई मौके बनाने के बावजूद कोई गोल नहीं कर सकी। इस ड्रा के बावजूद हालांकि मैड्रिड ने अंक तालिका के शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा है। टीम ने दूसरे स्थान पर चल रहे सेविला पर चार अंक की बढ़त बना रखी है। मैड्रिड के 24 मैच में 54 अंक हैं जबकि इतने ही मुकाबले खेलने के बाद सेविला की टीम ने 50 अंक जुटाए हैं। एटलेटिको मैड्रिड ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद 89वें मिनट में मारियो हर्मोसो के गोल से गेटाफे को 4-3 गोल से हराया।केडिज के गोलकीपर ने अंतिम लम्हों में सेल्टा विगो के सेंटी मिना की पेनल्टी रोककर गोल रहित ड्रा सुनिश्चित किया जबकि ओसासुना ने रेयो वालेकानो के खिलाफ 3-0 गोल से आसान जीत दर्ज की।



गेटाफे के खिलाफ गोल करने के बाद जश्न मनाते एटलिको मैड्रिड के ऐंगल कोरेरा